वर्ष-31, अंक- 206, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
बुधवार
14 मई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक गुरुवार (15 मई) को प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

### ट्रेड यूनियनों हडताल 20 से, खनन सहित कई सेवाएं होंगी प्रभावित

**रांची।** ट्रेड यूनियन और किसान संगठन चार लेबर कोड तथा किसान एवं मजदूरों की 17 सूत्री मांगों को लेकर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल करेंगे। इस संबंध में सीटू के राज्य सचिव विश्वजीत डे ने मंगलवार को बताया कि झारखंड में हड़ताल का सबसे अधिक प्रभाव खनन क्षेत्र पर पड़ेगा। विश्वजीत डे ने कहा कि बैंक, बीमा, स्टील, स्कूलों में चलने वाले मिड डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाएं भी प्रभावित होंगी। हड़ताल के समर्थन में राज्य के वामदल भी दो घंटे का चक्का जाम करेंगे। बताया गया कि इस संबंध में वामदलों ने जिला स्तर पर 15 मई से 19 मई तक संयुक्त नुक्कड़ सभा करने, पर्चा छाप कर वितरित करने तथा 19 मई को मशाल जुलूस निकालने का निर्णय लिया है। हड़ताल के समर्थन में वामदल के नेता और कार्यकर्ता हड़ताल के दिन 20 मई की सुबह 10 बजे से 12 बजे तक दो घंटे का चक्का जाम कर गिरफ्तारियां देंगे।

## जीएलए कॉलेज में अंधेरे में परीक्षा, गर्मी व अव्यवस्था से बेहाल छात्र

- छात्र-छात्राएं मोबाइल की टॉर्च जलाकर परीक्षा देने को विवश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज में मंगलवार को परीक्षा देने आए छात्रों को गर्मी और अंधेरे में जूझते हुए परीक्षा लिखनी पड़ी। मनोविज्ञान विभाग के सेमेस्टर 6 (सत्र 2021–24) की आंतरिक परीक्षा में बिजली की व्यवस्था पूरी तरह ठप रही। परीक्षा कक्षों में पंखे नहीं चले और लाइट नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राएं मोबाइल की टॉर्च जलाकर परीक्षा देने को विवश हुए। करीब 42 डिग्री तापमान के बीच कॉलेज प्रशासन की इस लापरवाही से विद्यार्थियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कॉलेज में यह पहला मौका नहीं है जब बिजली की समस्या ने छात्रों को परेशान किया हो। वर्षों से कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, पर प्रशासन की नींद नहीं खुली।

परीक्षा के दौरान की इस दुर्दशा की जानकारी मिलने पर वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन से जुड़े छात्र मौके पर पहुंचे और प्राचार्य से बात की। जब उन्होंने बिजली की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया तो प्राचार्य का जवाब था "समाज सेवा करना है तो आप ही लोग बिजली की व्यवस्था करवा दीजिए। इस पर छात्रों ने कहा कि अब बिजली का खर्च भी छात्र ही उठाएं? जब कॉलेज शुल्क लेता है तो मूलभूत सुविधा क्यों नहीं देता? उन्होंने कहा कि छात्र कॉलेज प्रशासन की लापरवाही के शिकार हैं। परीक्षा के समय बिजली, पंखा, टेबल-कुर्सी जैसी बुनियादी सुविधा भी नहीं दी जा रही है। विद्यार्थियों को मोबाइल टॉर्च की रोशनी में पसीने से तर-बतर होकर परीक्षा लिखनी पड़ी। छात्र संगठन ने कुलपति से मिलकर इस पूरे मामले की शिकायत करने की बात कही है। छात्रों ने भी नाराजगी जताई है और कहा है कि अगर यही हाल रहा, तो छात्र संगठन जोरदार आंदोलन शुरू करेगा।

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने घोषित किए परीक्षा परिणाम

- 10वीं में छात्रों और 12वीं में छात्राओं ने मारी बाजी
- 10वीं बोर्ड में 92.16 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए
- 12वीं बोर्ड में 88.16 प्रतिशत विद्यार्थी हुए पास

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के रिजल्ट जारी कर दिए। 10वीं और 12वीं दोनों में झारखंड का प्रदर्शन बेहतर रहा है। राज्य से 10वीं बोर्ड में 92.16 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे, जबकि 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 88.16 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। ज्ञात हो कि झारखंड सीबीएसई के पटना जोन के अंतर्गत आता है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में झारखंड का शेष पेज 11 पर...

### पीएम नरेंद्र मोदी पंजाब के आदमपुर एयरबेस गए और जवानों से मिले, कहा-

# सिर्फ महाविनाश है निर्दोषों के खून बहाने का अंजाम

- 'भारत माता की जय' से कांप उठते हैं दुश्मन के कलेजे
- दुश्मन भूल गए, जिसे ललकारा है वह 'हिंद की सेना' है
- हमारी फौजें निकाल देती हैं न्यूक्लियर धमकी की हवा
- अच्छा और बुरा आतंकवाद नहीं होता, आतंकी और उसके सरपरस्त एक समान



**आदमपुर/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की कामयाबी के बाद मंगलवार की सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचकर भारतीय वायुसेना के अधिकारियों और जवानों से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान जवानों का 'जोश' काफी 'हाई' नजर आया। उन्होंने जवानों के साथ कुछ पल बिताए और उनसे बातचीत भी की। इस दौरान उन्होंने वायुसेना के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि देश सशस्त्र बलों का आभारी रहेगा। भारत माता की जय घोष की ताकत दुनिया ने देखी है और निर्दोषों का खून बहाने का एक ही अंजाम 'महाविनाश' है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'भारत माता की जय' की ताकत अभी-अभी दुनिया ने देखी है। 'भारत माता की जय', ये सिर्फ उद्घोष नहीं है। ये देश के हर उस सैनिक की शपथ है, जो मां भारती की मान-मर्यादा के लिए जान की बाजी लगा देता है। ये देश के हर उस नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए जीना चाहता है, कुछ कर गुजरना चाहता है। 'भारत माता की जय', मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा, मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आप सभी ने अपने लक्ष्य को पूर्णता के साथ हासिल किया। पाकिस्तान में न केवल आतंकवादी शिविर और उनके हवाई अड्डे नष्ट किए गए, बल्कि उनके नापाक मंसूबों और दुस्साहस को भी परास्त किया गया। उन्होंने कहा कि अच्छा और बुरा आतंकवाद नहीं होता है। आतंकी और आतंकवादियों के सरपरस्त एक समान ही होते हैं।

पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा, जब भारत के सैनिक मां भारती की जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब हमारे ड्रोन दुश्मन के किले की दीवारों को ढहा देते हैं, जब हमारी मिसाइलें सनसनाती हुई निशाने पर पहुंचती हैं, तो दुश्मन को सुनाई देता है, 'भारत माता की जय।' 'ऑपरेशन सिंदूर' से घबराकर दुश्मन ने आदमपुर समेत हमारे कई अन्य एयर बेस पर हमला करने की कोशिश की। उन्होंने हमें बार-बार निशाना बनाया, लेकिन पाकिस्तान के नापाक मंसूबे हर बार नाकाम हो गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, वे (आतंकवादी) कायरों की तरह छिपकर आए थे, लेकिन भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा है वह 'हिंद की सेना' है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। आपने आतंक के तमाम बड़े अड्डों को मिट्टी में मिला दिया। नौ आतंकी ठिकाने बर्बाद कर दिए, 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई। आतंक के आकाओं को अब समझ आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अब एक ही अंजाम होगा - 'तबाही।' भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का एक ही अंजाम होगा - 'विनाश और महाविनाश।'

उन्होंने कहा, जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, वायुसेना और नौसेना ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी। आपने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन, हमारी मिसाइलों के बारे में सोचकर तो पाकिस्तान को कई दिनों तक नींद नहीं आएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वायुसेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने करोड़ों भारतीयों को गौरवान्वित किया है। आपने इतिहास रचा है और मैं आपसे मिलने के लिए आज सुबह आपके बीच आया हूं।

पीएम मोदी ने पाकिस्तान को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जब हमारी फौजें न्यूक्लियर ब्लैकमेल की धमकी की हवा निकाल देती हैं, तो आकाश से पाताल तक एक ही बात गूंजती है, 'भारत माता की जय'। आप सभी ने वाकई कोटि-कोटि भारतीयों का सीना चौड़ा कर दिया है। हर भारतीय का माथा गर्व से ऊंचा कर दिया है। आपने इतिहास रच दिया है। पीएम ने कहा, जब वीरों के पैर धरती पर पड़ते हैं, तो धरती धन्य हो जाती है। जब वीरों के दर्शन का अवसर मिलता है, तो जीवन धन्य हो जाता है। इसलिए मैं आज सुबह-सुबह ही आपके दर्शन करने के लिए यहां पहुंचा हूं। आज से अनेक दशक बाद शेष पेज 11 पर...

## रांची में बुढ़मू में टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार



- क्रशर एवं ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलता था

**रांची।** रांची के बुढ़मू थाने की पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के सब जोनल कमांडर अरविंद के दस्ते के सक्रिय सदस्य गोविंद महतो को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर अरविंद के दस्ता का सक्रिय सदस्य गोविंद महतो चैनगढ़ा के जंगल होते हुए ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूलने के लिए कंडरे मोड़ की तरफ आ रहा है। सूचना के बाद बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार को अवगत कराते हुए अविलंब क्षेत्र की नाकेबंदी कर टीएसपीसी उग्रवादी सदस्य गोविंद महतो को गिरफ्तार करने के लिए निर्देश दिया गया। निर्देश प्राप्त होते ही थाना प्रभारी बुढ़मू थाना के पदाधिकारी और सशस्त्र बल के साथ चैनगढ़ा जंगल के पास घेराबंदी कर प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर अरविंद के दस्ता का सक्रिय सदस्य उग्रवादी गोविंद महतो को गिरफ्तार किया। तलाशी लिए जाने पर इसके पास से एक अवैध रेडमी नोट ब्लू रंग का मोबाइल और टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का प्रतिबंधित पर्चा बरामद हुआ। उग्रवादी गोविंद महतो बुढ़मू, पतरातू ओरमांझी और ठाकुरगांव थाना क्षेत्र में सब जोनल कमांडर अरविंद के लिए क्रशर मालिकों, ईंट भट्ठा मालिकों और विकास कार्य में लगे ठेकेदारों से लेवी वसूलता था और नहीं देने पर दस्ता के साथ पहुंचकर आगजनी और गोलीबारी की घटना को अंजाम देता था। यह उग्रवादी पूर्व में कुचु ओरमांझी स्थित एनईपीएल कंपनी के क्रशर पर सशस्त्र दस्ता सदस्यों के साथ हमलाकर लेवी नहीं मिलने के कारण क्रशर पर खड़ा पोकलेन और हाइवा में आगजनी कर जला दिया था। इसके अतिरिक्त भी यह कई घटना में शामिल है, जिससे पुलिस को लंबे समय से इसकी तलाश थी। इसके खिलाफ पूर्व से ओरमांझी थाने में दो मामले दर्ज हैं।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




## प्रतापपुर में दिनदहाड़े खूनी वारदात, युवक को चाकू से गोदकर किया घायल, एक आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गजवा गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े हुई चाकूबाजी की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। उपेंद्र यादव नामक युवक को गांव के ही बादल खान एवं उसके पुत्र ने चाकू से गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु चतरा सदर अस्पताल रेफर किया गया। घटना के संबंध में घायल उपेंद्र यादव के छोटे भाई सतेंद्र यादव ने थाना में आवेदन देकर बताया कि बादल खान पिछले कई दिनों से पलाश पेड़ की टहनियां काटने का दबाव बना रहा था। जब उनके भाई ने टहनियां काटने से इंकार किया, तो मंगलवार को बादल खान और उसका पुत्र उपेंद्र को घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर बुलाकर चाकू से हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कासिम अंसारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 6 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी बादल खान को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में कांड संख्या 45/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी में दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दूसरे की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पूरी तत्परता से कार्रवाई में जुटी है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## रांची के पुंदाग में लगी कार में आग, अफरा-तफरी

- किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** रांची के पुंदाग में मंगलवार को एक कार में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के सेल सिटी में एक कार पार्क की गई थी। इसमें अचानक से आग लग गई। आग लगने की वजह से सेल सिटी में थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद सेल सिटी के हाउस गार्डों ने तुरंत आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया और आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। सेल सिटी में तैनात गार्ड के अनुसार, अचानक कार से धुंआ निकलने लगा। वे लोग तुरंत पानी का इंतजाम कर आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए, लेकिन देखते ही देखते आग की लपटें तेज होती गई। हालांकि, किसी तरह सब के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन, कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। कार किसकी है, इसकी जानकारी सोसाइटी के लोग इकट्ठा कर रहे हैं। स्थानीय थाने को भी मामले की जानकारी दे दी गई है।

### आयुर्वेद दिवस हर वर्ष 23सितंबर को मनाया जाएगा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश में अब हर साल अब 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। पहले हर वर्ष धनतेरस के दिन यह दिवस मनाया जाता था, जोकि हिंदू महीने कार्तिक (आमतौर पर अक्टूबर या नवंबर) में मनाया जाने वाला एक त्योहार है। चूंकि धनतेरस की तारीख हर साल बदलती रहती है, इसलिए आयुर्वेद दिवस के पालन की कोई निश्चित वार्षिक तिथि नहीं थी।मंगलवार को आयुष मंत्रालय ने जानकारी दी कि वैश्विक दृश्यता और पालन में निरंतरता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर 23 सितंबर को प्रत्येक वर्ष आयुर्वेद दिवस मनाने की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में 27 मार्च 2025 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचना जारी की गई है। मंत्रालय ने बताया कि दिवस को लेकर असंगति को दूर करने और राष्ट्रीय और वैश्विक उत्सवों के लिए एक स्थिर संदर्भ बिंदु स्थापित करने के लिए, एक समिति का गठन किया गया था।

## इंडिया

# भारत को युद्ध या तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक को चुनना है





**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

राजनीति और युद्ध में बहुत सी बातें जब देशहित से जुड़ी हों तो सार्वजानिक नहीं की जातीं सिर्फ परिणाम बताए जाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारतीय सेना ने बहुत ही अच्छी रणनीति का परिचय देते हुए अपना न्यूनतम नुकसान और दुश्मन को अधिकतम संभव नुकसान पहुंचाया हालांकि पहलगाम में आतंकियों की बर्बर कार्रवाई में पति की हत्या के बाद घुटने के बल हताश बैठी नवविवाहिता की फोटो से उपजे आक्रोश से भरे भारतीय इससे पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं और पाकिस्तान की बर्बादी से कम पर रुकने को तैयार नहीं देशभक्ति का जोश आक्रोश से कब जूनून में बदल जाए कहना मुश्किल है क्योंकि यही भावना देश पर मर मिटने वाले सैनिक पैदा करती है पर देश की बागडोर थामने वाले लोगों को देश का सुरक्षित भविष्य देखना होता है जबकि विश्व के हथियार व्यापार में लगीं महाशक्तियां जिसमें अमेरिका प्रमुख है पाकिस्तान जैसे देश को खैरात में हथियार देकर युद्ध के हथियारों की मांग पैदा करते हैं जिससे तनाव बढ़ता है। भारत आजतक सैन्य संतुलन के लिए अपनी कुल आय का बड़ा हिस्सा कश्मीर सहित गड़बड़ी वाले राज्यों की सीमाओं की रक्षा और घुसपैठ रोकने में खर्च करता रहा है जिसे भारत को कमजोर करने वाली शक्तियां और हवा देना चाहती हैं । अब भारत को निर्णय करना है कि वह रूस यूक्रेन की तरह वर्षों युद्ध कर अपने विजेता होने के अहम की संतुष्टि करे या युद्धप्रिय पाकिस्तान को जबतब हड़काता या तोड़फोड़ करता आगे बढे क्योंकि पहले विकल्प में बर्बाद पाकिस्तान तो और बर्बाद होगा ही पर हमारा भी कम नुकसान नहीं होगा जैसा पड़ोस के युद्ध से लेकर दो राष्ट्रों के बीच युद्ध में होता ही है । श्रीलंका,बांग्लादेश,पाकिस्तान और नेपाल तक बर्बाद करने वाला चीन भारत को अपनी राह का रोड़ा मनाता है और उसके भारतीय समर्थक तक जनता में भ्रम फैलाना चाहते हैं । सच यह है कि युद्ध के दौर में भी अपनी आर्थिकी को तेजी से आगे बढ़ा रहा भारत इसी वर्ष दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा।हाल ही में प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो इसी वर्ष के अंत तक दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। तब देश की जीडीपी बढ़कर 40 खरब डॉलर को पार कर जाएगी, जो जापान की जीडीपी से ज्यादा होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास की ऊंची दर से भारत की जीडीपी 2028 में बढ़कर 55.84 खरब डॉलर हो जाएगी और भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसी तरह वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग स्टार डीबीआरएस ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को न्यूनतम निवेश ग्रेड 'बीबीबी से कम' मार्क से एक पायदान ऊपर उठाकर 'बीबीबी' कर दिया है। रेटिंग प्रवृत्ति को भी 'सकारात्मक' से 'स्थिर' कर दिया गया है। इस रेटिंग एजेंसी ने उन्नयन के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और डिजिटलीकरण, राजकोषीय समेकन, व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ सतत उच्च विकास और एक लचीली बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से देश के संरचनात्मक सुधारों का हवाला दिया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के उभरते हुए देशों की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है।

बीते अप्रैल में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 2.09 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो किसी महीने अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड राजस्व है। पिछले वर्ष 2024-25 में जीएसटी और आयकर संग्रहण रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है। आईएमएफ और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालीन नजरिये से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है।संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। इसका कारण है कि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिजर्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है।

# मॉडल पंचायत कुकही में जल संरक्षण व संचयन पर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में स्वस्थ रखने के लिये ग्रामीणों के बीच सतत जागरुकता कार्यक्रम के संचालन में संबधित जल सहिया की भूमिका सराहनीय प्रमाण मिल रहे हैं। पूर्वानुमान के बाद वर्तमान में इस प्रखंड के माडल पंचायत कुकही में जल संरक्षण व जल संचयन के प्रति ग्रामीणों के बढ़े हाथ में पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की प्रेरणा काम आया है। इस परिणाम के बाद मंगलवार को इस पंचायत में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह और प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने बैठक कर उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया व ग्रामीण महिलाओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाने का काम किया है। इसके बाद उन्होंने इस पंचायत के सभी गांवों में भ्रमण के दौरान लोगों को पेयजल संरक्षण की आवश्यकता के प्रति सचेत किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को जल के उपयोग के साथ जल संचयन के लिये सोख्ता की उपयोगिता पर भी चर्चा की। 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह ने अब तक प्राप्त सूचना के आलोक में पंचायत क्षेत्र में स्थापित सरकारी चापानल, जलमीनार की स्थिति का जायजा लिया। अधिकांश शौचालयों की उपयोगिता पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त कर लोगों से कहा कि इसके साथ ही स्वयं सहित आस पास के क्षेत्र की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखना भी जरुरी है। जल सहिया रीमा, संगीता देवी, आरती ने जल की गुणवत्ता, जल संचयन के लाभ व स्वस्थ स्वास्थ्य में स्वच्छ जल के प्रयोग पर ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में अशोक कुमार, महाबीर साव, अमृता देवी, विवेक कुमार, सोने कुमार, कबुतरी देवी, सुरेन्द्र साव, मालती देवी के अलावा कई अन्य प्रबुद्धजन शामिल थे।

### अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# एंबुलेंस व्यवस्था व चिकित्सकों के लिए ड्रेस कोड लागू करने का प्रस्ताव पारित




**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में मंगलवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की आयोजित बैठक प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शव गृह का निर्माण, एंबुलेंस व्यवस्था, चिकित्सकों के लिए ड्रेस कोड, ड्यूटी कर रोस्टर सार्वजनिक करने सहित अन्य प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर व्यवस्था बहाल कराने को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेंद्र प्रसाद से चिकित्सकों की ड्यूटी का रोस्टर सार्वजनिक करने,सभी चिकित्सा कर्मियों को ड्रेस कोड लगाकर कार्य करने, स्वास्थ्य केंद्र में शव गृह का निर्माण कराने, स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस की व्यवस्था करवाने, स्वास्थ्य केंद्र में ट्रांसफार्मर लगवाने, प्रसव पीड़िता के परिजनों से अवैध वसूली पर रोक लगाने, साफ सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ करने, पेयजल की व्यवस्था कराने की व्यवस्था कराने की मांग उठायी। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी ने प्रस्ताव में लाए गए सभी विषयों पर तत्काल कार्रवाई करने की बात कही। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद लोगों में स्वास्थ्य केंद्र के कर्मियों व व्यवस्था के प्रति नाराजगी थी। बैठक व स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान कई समस्याओं व कमियां सामने आयी जिसे अस्पताल प्रबंधन समिति के सदस्यों व चिकित्सकों के साथ बैठक कर इसका हल निकाला गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कर्मियों को कड़ी फटकार भी लगाई। बैठक में जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडेय, उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी, बीपीएम अनुज सिंह, अस्पताल प्रबंधन समिति के सदस्य सुरेंद्र सिंह, पारसनाथ सिंह, अजीत तिवारी, आईसीडीएस के अंजू गुप्ता, समेत अन्य शामिल थे।

# मनरेगा योजना को मिलकर पूरा करने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम फुलिया पंचायत सचिवालय परिसर में मनरेगा अंतर्गत संचालित सभी कार्य को लेकर आयोजित बैठक में योजना के सफल कार्यन्वयन को लेकर ग्रामीण और मनरेगा कर्मी के साथ फुलिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनोद पासवान उपस्थित थे। मुखिया ने बताया कि बैठक में जितने भी मनरेगा कर्मी है। सभी योजना को सफल बनाने के उद्देश्य से सभी को मिलकर कार्य करना होगा। मौके पर फुलिया पंचायत समिति प्रतिनिधि मनोज मेहता,फुलिया पंचायत के रोजगार सेवक रश्मि शुक्ला,वार्ड सदस्य प्रदीप चंद्रवंशी,स्वयं सेवक श्यामदेश्वर मेहता,स्वयं सेवक प्रतिनिधि अरुण कुमार राम,समाज सेवी शशिकांत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे नहीं आते पढ़ने



**पंडवा।** प्रखंड अंतर्गत लोहड़ा पंचयात अर्द्धनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे पढ़ने नहीं आते हैं। इस संबंध में बलराम विश्वकर्मा ने बताया की वर्षों से इस आंगन बाड़ी केंद्र पर कोई बच्चे नहीं आता है। केंद्र का चालू नहीं होने का मुख्य कारण यह है कि केंद्र का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं किया गया है। अधिकारी जांच करने आए लेकिन कोई समाधान अभी तक नहीं हो सका। यह भवन व्यर्थ मे खुला रहता है, जिसमे आवारा जानवरों का झुंड आराम फरमाते है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से केंद्र शीघ्र ही चालू कराने की मांग की है।

# केसीसी ऋण के लिए आयोजित शिविर में 42 आवेदन जमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने के लिए मंगलवार को प्रखंड सभागार में चालू माह में पूर्व निर्धारित दूसरा विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसमें 42 किसानों से आवेदन प्राप्त हुए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार के निर्देश पर इस प्रखंड के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने को लेकर प्रखंड मुख्यालय में साप्ताहिक रूप में चार अलग-अलग तिथियों में विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। पहली शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड सृजन के लिए 60 किसानों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल मिलाकर अबतक 102 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनको निष्पादित करने का काम किया गया। उन्होंने बताया कि इसे लेकर 6 और 13 के बाद 20 और 27 तारीख यानि आगामी हर मंगलवार को प्रखंड सभागार में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बीडीओ रणवीर कुमार के निर्देश के आलोक में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक के शाखा प्रबंधकों, जनसेवक, राजस्व उप निरीक्षक, बीटीएम, एटीएम और किसान मित्रों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शिविरों में लक्ष्य के अनुरूप किसानों के आवेदन सृजन के साथ केसीसी ऋण से उन्हें आच्छादित करना सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 500 किसानों को केसीसी ऋण से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने आगामी शिविरों में किसान क्रेडिट कार्ड सृजन के लिए अधिक से अधिक किसानों को उपस्थित होकर आवेदन जमा करने और इसका लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में उनके अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, बीटीएम प्रशांत कुमार तिवारी, जनसेवक विवेकानंद पटेल और दीपक मेहता व भरदुल राम सहित अन्य कई किसान मित्र उपस्थित थे।

# समाजिक कार्यकर्ता ने कार्यपालक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता सह छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष और झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय महामंत्री अरविन्द गुप्ता चुनमून ने नगर पंचायत के कार्यपालक अधिकारी को समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत में योजनाओं के चयन, संचालन, क्रियान्वयन के लिए योजना समिति का गठन किया जाए। साथ ही सिविल सोसाइटी की भी मदद ली जाय। नगर में जल संकट से ग्रसित क्षेत्रों में टैंकर द्वारा पानी सप्लाई कराया जाए। नगर के जपला मोड़, सरैडीह मोड़, रामगढ़, मदनपुर, भेरवाडीह मोड़, बाजार परिसर, मंदेया सूर्य मंदिर के पास लगाए गए हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत कराया जाये। नगर पंचायत के पैसों से दूसरे गैर जरुरी स्थलों पर योजनाओं के चयन में मनमानी बन्द की जाये। सूर्य मंदिर के पास बनाये जाने वाले पार्क का टेंडर हुए एक साल हो गए हैं, लेकिन संवेदक ने काम शुरू नहीं कराया है। इसलिए उसे ब्लैक लिस्टेड करें। नगर में जिम के निर्माण के लिए हुए टेंडर के आलोक में शीघ्र उसका अधिष्ठापन कराया जाए। तेनुडीह वार्ड 16 और अनुमंडलीय अस्पताल वार्ड 1 पासवान टोला में खराब पड़े सोलर जलमीनार की मरम्मत कर उसे चालू करवाया जाए। सहित अन्य मांग शामिल है।

# सरकारी अस्पतालों के रंगरोगन के बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नाम पर पैसों की बर्बादी का आरोप




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर प्रखंड के पंचायतों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना और व्यय का कोई लेखा जोखा लेने वाला नहीं है। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, पूर्व मुखिया सफीउल्ला खान ने बताया कि कई पंचायत भवन में स्वास्थ्य केन्द्र व आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन किया जा रहा है। इसमें बरडंडा, बभंडी पंचायत व मोकहर कला पंचायत के हेमजा सहित कई अन्य पंचायत शामिल हैं। वहां प्रतिदिन दर्जनों मरीजों की उपस्थिति तक नहीं होती, किन्तु इसके संचालन से लेकर सीएचओ, एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति पर बड़ा राशि व्यय किया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय में स्वास्थ्य कर्मियों की अभाव सैकड़ों मरीजों के रहते कायम है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के नाम अपने भवन नहीं रहते सरकारी अस्पताल भवनों के बाहरी हिस्सों को का रंगरोगन कराकर भवन की भीतरी हिस्सा को यथावत संबधित संवेदक ने छोड़ दिया। जिसमें पैसे की बंदरबांट की संभावना है। पंचायत भवनों के कमरों में संचालित इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर की उपयोगिता नहीं रहने बावजूद इसके संचालन के प्रति स्थानीय विभागीय जुमला दिन रात कागजी खानापूर्ति में लगे हैं। उन्होंने इस मामले की जांच कराने की मांग पलामू के उपायुक्त व स्वास्थ्य मंत्री से की है। साथ ही विभिन्न मदों पर की गई खर्च का व्यौरा भी प्रस्तुत करने की मांग की है।

# गंगा में स्नान से तभी धुलते हैं पाप जब हृदय हो पवित्रः गौरांगी गौरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विश्व के सबसे ऊंचे दुर्गा मंदिर एवं नवग्रह मंदिर की प्रस्तावित निर्माण भूमि पर आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रवचन करते हुए पूज्य पंडिता गौरांगी गौरी जी ने कहा की गंगा में स्नान मात्र से पाप नहीं धुलते। वे पाप ही नष्ट होते हैं, जो अनजाने में किए गए हों। जान-बूझकर किए गए कर्मों का फल तो व्यक्ति को भुगतना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि धर्म का वास्तविक मार्ग आत्मचिंतन और हृदय की शुद्धि से होकर जाता है। कथा के दौरान उन्होंने सदन कसाई की मार्मिक कथा सुनाकर उपस्थित जनसमूह को भक्ति की सच्ची परिभाषा से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि सदन कसाई के हाथ रक्तरंजित थे। फिर भी भगवान ने उसे अपनाया, क्योंकि उसमें भक्ति का भाव था। वह तराजू जिससे वह मांस बेचता था, उसी के बाट में भगवान शालिग्राम स्वयं निवास कर गए। पंडिता जी ने कहा कि जब एक संत ने यह दृश्य देखा तो उन्होंने भगवान शालिग्राम को कसाई से माँग लिया और उन्हें गंगाजल से स्नान कराकर अभिषेक व भोग अर्पण करने लगे। परंतु रात में भगवान ने स्वप्न में आकर संत से कहा-तुमने मुझे मेरे भक्त से दूर कर दिया, यह तुम्हारा अपराध है। इस स्वप्न के बाद संत ने भगवान को सदन कसाई को लौटा दिया। उस क्षण सदन की आंखें खुल गईं। एक कसाई होकर भी उसे प्रभु का इतना स्नेह मिल रहा है। वह संसार के सारे कार्य छोड़ वैराग्य की राह पर चल पड़ा। गौरांगी गौरी ने प्रवचन में कहा कि कभी संत, मंत्र, भगवान का अपमान नहीं करना चाहिए। उन्होंने भक्ति और वैराग्य से जुड़ी गहरी शिक्षाएं देते हुए भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की सुंदर कथा भी सुनाई। जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत भजन क्या रखा है डॉलर-पाउंड में, धर्मशाला छोड़ जाना है अगले राउंड में ने समस्त वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया और लोग झूमने को विवश हो गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-धमार्चार्य व क्षेत्रवासियों के साथ विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व संयोजक रणधीर कुमार सिंह सहित काफी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स वीक समारोह का आयोजन

**नावाबाजार।** नौगढ़ा स्थित सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर 7 से 12 मई के बीच नर्सेस वीक समारोह का आयोजन किया गया। अलग-अलग प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएससी नर्सिंग, जीएनएम व एएनएम के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। साथ ही अपने प्रतिभा का प्रदर्शन क्विज कंपीटिशन, मेहंदी शो, फूड फेस्ट, स्पीच कंपीटिशन, रंगोली कंपीटिशन, पोस्टर कंपीटिशन के माध्यम से किया। नर्सेस वीक समापन समारोह में संस्थान के चेयरमैन नीतेश कुमार पाठक ने कहा कि हर साल 12 मई को आधुनिक नर्सिंग के जनक फ्लोरेंस नाइटिंगल की याद में उनकी जयंती पर दुनिया भर में नर्स दिवस मनाया जाता है। यह दिन स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के नर्सिंग कर्मियों को समर्पित है। स्वास्थ्य क्षेत्र व चिकित्सा कार्यों में नर्सेज के बेहद महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में विश्व भर में नर्सेज दिवस मनाया जाता है।

# भूमि पूजन आज : मुख्यमंत्री समेत कई राजनेता, साधु-संत होंगे कार्यक्रम के साक्षी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बराही धाम में 551 फिट दुर्गा माँ की मंदिर निर्माण का भूमि पूजन को लेकर निकाली गई शोभायात्रा**

**सैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सुविख्यात बराही धाम में 551 फिट ऊची विश्व की सबसे बड़ा दुर्गा माँ एवम 105 फिट ऊची नवग्रह मंदिर निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।इस दौरान श्रद्धालुओं का जत्था करीब 200 छोटे बड़े वाहन के काफिले के साथ बराही धाम से निकलकर जपला मुख्य शहर का भ्रमण किया। मंदिर निर्माण शिलान्यास की खुशी में श्रद्धालुओं ने शिव-पार्वती ,राधा कृष्ण की आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली। भगवान स्वरुप में सजे बच्चों की झांकी मोहक लग रही थी। ग्रामीणों ने जगह-जगह भगवान प्रतिरुपों की आरती उतार कर प्रसाद वितरण किया। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के लोगों ने बताया कि दुर्गा मंदिर व नवग्रह मंदिर निर्माण को लेकर लोगों में जो उत्साह देखने को मिला है वह सभी भक्तो के लिए गौरान्वित पल है।



**14 मई को भक्ति रसों से सराबोर होगा बराही धाम**

मालूम हो कि इससे पूर्व २०२२ में यहाँ दक्षिण मुखी हनुमान जी की 105 फीट ऊंचा मूर्ति का निर्माण कराया गया।14 मई का दिन ऐतिहासिक होगा जिसदिन 551 फीट ऊंची विश्व की सबसे ऊंची दुर्गा मां एवं 105 फीट ऊंचा नवग्रह मंदिर की आधार शिला रखी जानी है। जिसमे सीने स्टार से लेकर राजनेता,धार्मिक प्रबुद्ध सन्त महात्मा आदि लोगो को आगमन हो रहा हैं। इस मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव, शिवांश चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सह पलामू ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ.टूटू सिंह,शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रंधीर सिंह, स्वामी सुंदरराज जी महाराज,ज्योति नारायण स्वामी, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, इवेंट मैनेजर आकाश सिंह,हुसैनाबाद प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी,मुखिया सुदामा यादव प्रिंस सिंह, अजीत सिंह,एंकर रवि सिंह कई लोग मौजूद रहे।

## मंगलवार रहा सबसे गर्म दिन, तापमान में वृद्धि से बाजारों में पसरा सन्नाटा

**मोहम्मदगंज।** इस वर्ष का मंगलवार सबसे गर्म दिन रहा। तापमान एक बार फिर से 40 के पार पहुंच गया था, जो अधिकतम 43 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हीट वेव चलती रही। इसकी गति 20 किमी प्रति घंटे पता चलता रहा। ऐसे में जनजीवन और पशुपालन परेशानी व सावधानी का सबब बन गया। सुबह से ही असह्य तीखी धूप, दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाने का कारण बना। लोगों ने कहा कि पानी के साथ घरेलू और बाजारू पेय व खाद्य पदार्थ बेल,तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी सहित सत्तु, आम,नींबू व जीरा के शर्बत का सेवन राहत के लिए उपयोगी बन गए हैं। बाजार में खीरा, ककड़ी, तरबूज जैसे खाद्य पदार्थ ऐसी गर्मी में फुटपाथ और ठेला पर दुकान लगाकर गरीबों की मौसमी कमाई का बड़ा साधन बन साबित हो रहें हैं। हालांकि, हीट वेव और तीखी धूप की वजह से पूर्वाह्न से दोपहर बाद तक बाजार में सन्नाटा पसर जाने से इनका धंधा प्रभावित हुआ। मगर, बताया गया कि चालू मौसम में तीखी धूप और हीट वेव मक्का, मूंगफली और मूंग जैसी गर्मा फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगा। जबकि सब्जियों की खेती को बचाने के लिए पटवन के लिहाज से मेहनत काम काफी बढ गया है। मौसम परिवर्तन चक्र को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बच्चों व बुजूर्गों के बचाव के लिए चिकित्सकों ने विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## न्यूज बॉक्स

### तीन माह का अग्रिम राशन वितरण व 30 जून तक ई-केवाईसी कराए डीलरः बीएसओ

**मोहम्मदगंज।** जिल आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश के आलोक में मंगलवार को प्रखंड सभागार में आगामी जून, जुलाई, अगस्त माह का अग्रिम राशन वितरण को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देश माह अगस्त तक का खाद्यान्न अविलंब वितरण किया जाना है। वर्तमान में माह जून का खाद्यान्न का उठाव प्रारंभ है। इस माह में माह जुलाई का उठाव कार्य 30 मई तक पूर्ण कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि माह जून और जुलाई के खाद्यान्न का वितरण एक साथ कराने के लिए अग्रिम तैयारी की जा रही है। जिसके बाद माह अगस्त का उठाव व वितरण का कार्य किया जायेगा। इस संदर्भ में, इससे पहले उन्होंने बैठक में सभी डीलरों से दो-तीन माह के खाद्यान्न आवंटन के सुरक्षित रख-रखाव को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत गोदाम की जरूरत को पूरा कर लेने का अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने शेष बचे कार्डधारक का 30 जून तक ई-केवाईसी करना सुनिश्चित करने का निर्देश भी डीलरों को दिया। एक मुश्त तीन माह का अग्रिम राशन वितरण के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर केन्द्र सरकार के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने सभी कार्डधारकों को तीन माह के अग्रिम राशन वितरण करना सुनिश्चित करने का आदेश दिए हैं। जिसे सुनिश्चित करने को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्तर पर डीलरों की बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसकी तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह के अलावा जावेद खान, सत्येंद्र कुमार सिंह, राजू रंजन सिंह,भवेश कुमार सिंह सहित अन्य कई डीलर शामिल थे।

### बीडीओ ने चापानल व जलमीनार की मरम्मत के लिए किया हेल्पलाइन नंबर जारी



**चैनपुर।** प्रखंड क्षेत्र में पेयजल संकट से निजात दिलाने को लेकर खराब व बेकार पड़े चापानलों की मरम्मत के लिए प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यह जानकारी मंगलवार को बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने दी। बताया कि उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर चापानल मरम्मत अभियान दल द्वारा सभी खराब व बेकार पड़े चापानलों की मरम्मत कर उसे दुरुस्त करने का काम किया जा रहा हैं। जनता की सहूलियत के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए पेयजल मुहैया कराने के लिए उपायुक्त के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। कहा कि चापानलों के खराब रहने की स्थिति में आमजन इसकी शिकायत करें। इसके लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 9168351047, 8210174066 पर कॉल कर अपनी समस्या का निवारण करा सकते हैं। चापानल में खराब अथवा वैसे जलमीनार जो किसी कारणवश क्रियाशील नहीं है, उन सब की जानकारी हर पंचायत में बैठक कर ग्रामवार तैयार की गयी है। इसका निदान किया जा रहा है। यदि ऐसा कोई चापानल ग्रामीण क्षेत्र में है, जिसमें वाटर लेवल की समस्या ना हो और उसे ठीक करवाने की तात्कालिक आवश्यकता हो तो इसके लिए प्रखंड स्तर पर हेल्पलाइन नंबर बनाया गया है। जिस पर फोन के माध्यम से अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत किया जा सकता है।

### कजरात- नावाडीह रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज नहीं बनने से यात्रियों को हो रही है परेशानी

# जान जोखिम में डालकर ट्रैक पार करते हैं यात्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सोन नगर-गढ़वा रेलखंड के कजरात नावाडीह रेलवे स्टेशन पर स्टेशन को अपग्रेड किया जा रहा है। जिसके तहत यात्रियों को बैठने के लिए सीट,पेयजल, प्लेटफॉर्म का घेराव तथा हाइ प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। लेकिन फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से यात्रियों एवं स्कूली विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही है। लोग जान जोखिम में डालकर ट्रेन पकड़ने के लिए या ट्रेन से उतरने के बाद रेलवे ट्रैक पार कर रहे हैं। स्टेशन परिसर के निकट ही राजकीय मध्य विद्यालय कजरात-नावाडीह एवं अन्य प्राइवेट स्कूल भी संचालित हो रहे हैं। छोटे छोटे बच्चे ट्रैक को प्रति दिन आर पार करते हैं। सबसे अधिक परेशानी रेलवे से यात्रा करने वाले बुजूर्ग एवं महिला यात्रियों को हो रहा है। तीसरी लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं उक्त ट्रैक पर रेल गाड़ियों का आवागमन भी शुरू हो चुका है। उक्त ट्रैक पर दोनों तरफ से गाड़ियों का आवागमन होता है। ऐसे में ट्रैक पार करने के दौरान बड़ी हादसा भी हो सकती है एवं लोगों की जान भी जा सकती है। ग्रामीणों ने फूट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के लिए विभाग को लिखित सूचना भी दिया है, लेकिन अब तक पूरा नहीं हो सका है।

# केसीसी शिविर में 45 किसानों ने आवेदन किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड सभागार में किसानों के लिए मंगलवार को प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नया केसीसी ऋण किसानों का बीज वितरण के लिए पंजीकरण केसीसी ऋण माफी की कार्रवाई का प्रक्रिया सहित कृषि संबंधित अन्य आवेदन जमा लिया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरजुन राम ने बताया कि नया केसीसी ऋण के लिए 45 आवेदन प्राप्त हुए, बीज के लिए 38 किसानों ने अपना पंजीकरण कराया है। वहीं प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष गौतम राज ने कहा कि किसी कारणवश जो किसान शिविर तक नहीं पहुंच पाए हैं। उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। इस माह के 20 व 27 मई को पुनः शिविर का आयोजन होना है । शिविर में पहुंचकर कृषि ऋण के लिए आवेदन दे सकते हैं। इसके लिए किसान मित्रों को भी किसानों को प्रेरित करने के लिए कहा गया। इस अवसर पर एटीएम रंजीत कुमार पैक्स अध्यक्ष भैरव सिंह, मुन्ना सिंह, सुनील कुमार सिंह, कृष्णकांत सिंह, वार्ड सदस्य पुतुन सिंह, अनिल प्रजापति, विनोद पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

# एमकेडीएवी स्कूल का सीबीएसई परीक्षा 2025 में शत-प्रतिशत सफलता, कई छात्रों ने प्राप्त किए डिस्टिंक्शन अंक

## 12वीं में आयुषी, प्राची और अदिति प्रिया बनीं टॉपर; 10वीं में आदित्य कुमार अव्वल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एमकेडीएवी विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय की अकादमिक प्रतिष्ठा और भी सुदृढ़ हुई।

**12वीं कक्षा का परिणाम :** विज्ञान वर्ग में कुल 181 और वाणिज्य वर्ग में 73 छात्र सम्मिलित हुए, सभी छात्र सफल घोषित किए गए। विज्ञान में 9 और वाणिज्य में 3 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। विज्ञान वर्ग में 169 तथा वाणिज्य वर्ग में

10वीं कक्षा के टॉपर छात्र



12वीं कक्षा के टॉपर छात्र



59 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। डिस्टिंक्शन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या क्रमशः 93 (विज्ञान) और 33 (वाणिज्य) रही।

टॉपर्स में विज्ञान वर्ग की आयुषी त्रिपाठी एवं प्राची त्रिपाठी ने 95.4% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमन यादव ने 95.2% अंकों के साथ द्वितीय एवं रिचा श्रावणी व वर्तिका सिंह ने 94.02% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में अदिति प्रिया ने 98 अंकों के साथ इकोनॉमिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉपर स्थान प्राप्त किया।

**विषयगत उल्लेखनीय अंक इस प्रकार रहे :** अंग्रेजी – प्रेरणा व प्राची त्रिपाठी (99), गणित – राजनंद पटेल (87), भौतिकी – सुमन यादव (92), रसायन – आयुषी त्रिपाठी व वर्तिका शाह (99), जीवविज्ञान – आकृति कुजूर (97), आई.पी – प्राची त्रिपाठी (98), अकाउंटेंसी – आकृति अग्रवाल व राजनंदिनी (95), बिजनेस स्टडीज – शिवांगी दुबे (97), कंप्यूटर साइंस – प्रेरणा कुमारी (96), हिंदी कोर – अमृतांज अंशु (94), फिजिकल एजुकेशन – आयुषी त्रिपाठी (98)।

**10वीं कक्षा का परिणाम :** कुल 339 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए और सभी छात्र सफल घोषित हुए। इनमें से 35 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 155 छात्रों को विशेष योग्यता प्राप्त हुई। टॉपर्स में आदित्य कुमार ने 97.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनामिका कुमारी ने 96% अंकों के साथ द्वितीय तथा क्षितिज अग्रवाल ने 95.02% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**प्रमुख विषयों में प्राप्त अंक निम्नलिखित रहे :** अंग्रेजी – अनामिका कुमारी (97), हिंदी – हिमांशु शेखर वर्मा, सौम्या, सृष्टिरानी (96), संस्कृत – आदित्य तिवारी (99), गणित – आदित्य तिवारी व अनिमेष कुमार (100), विज्ञान – आदित्य तिवारी, हिमांशु, शुभम, अतुल (97), सामाजिक विज्ञान – अनामिका कुमारी (98), सूचना प्रौद्योगिकी – क्षितिज अग्रवाल (99)।

विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश मिश्रा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 10वीं परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता



- आदित्य राज पांडेय बने विद्यालय टॉपर; 90% से ऊपर 7 विद्यार्थियों ने पाए अंक

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशिप, शाहपुर, मेदिनीनगर के कक्षा दसवीं के छात्रों ने सीबीएसई परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षाफल सुनिश्चित किया। विद्यालय के आदित्य राज पांडेय ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं ईशान्त शर्मा एवं आयुषी रानी ने 95% अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा पीयुष कुमार पांडेय ने 94% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल 86 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 7 छात्रों ने 90% से अधिक, 50 छात्रों ने 85% से अधिक, 80 छात्रों ने 75% से अधिक तथा शेष सभी छात्रों ने 70% से अधिक अंक अर्जित किए। यह परिणाम विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय बना।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक सह पांकी विधायक डॉ. एस. बी. पी. मेहता एवं प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा में संत मरियम स्कूल का शानदार प्रदर्शन, आयुष रंजन 95.2% के साथ टॉपर

- विज्ञान में आयुष, वाणिज्य में अभिजीत अग्रवाल रहे अव्वल; चेयरमैन ने बच्चों की मेहनत को सराहा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में संत मरियम स्कूल, मेदिनीनगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान संकाय में आयुष रंजन सिंह ने 95.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर का स्थान प्राप्त किया। नीरज महतो 92.4% अंकों के साथ द्वितीय और आदित्य गौरव 90.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में अभिजीत अग्रवाल ने 71.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोमिना कौसर ने 66.8% और आर्यन कुमार मेहता ने 66.4% अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।

विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का सामूहिक परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का परीक्षाफल पूर्व वर्षों की तुलना में अधिक उत्कृष्ट रहा और विद्यालय शैक्षणिक के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी निरंतर प्रगति कर रहा है। चेयरमैन ने घोषणा की कि शीघ्र ही 12वीं में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# पंसा से हैदरनगर तक बनेगी नई सड़क 36 करोड़ की योजना को मिली मंजूरी

- सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से स्वीकृत हुई योजना, जल्द प्रकाशित होगी निविदा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के सतत प्रयासों का परिणाम है कि हुसैनाबाद अनुमंडल के अंतर्गत पंसा से हैदरनगर तक लगभग 7.505 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। यह योजना सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय अवसंरचना निधि के तहत स्वीकृत की गई है। इस परियोजना पर कुल 36 करोड़ 23 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सांसद ने बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए स्थानीय ग्रामीण जनता लंबे समय से मांग कर रही थी। अब उनके लिए राहत की खबर है कि जल्द ही निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रकाशित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से पंसा से हैदरनगर तक आवागमन सुगम हो जाएगा और क्षेत्र में विकास की रफ्तार भी तेज होगी।

सांसद राम ने पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार प्रकट किया है।

# हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, अलख व प्रतीक्षा बने टॉपर

- दसवीं में अलख प्रकाश ने 95.8% और बारहवीं में प्रतीक्षा चौबे ने 95.4% अंक हासिल कर मारी बाज़ी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चियांकी स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। दसवीं कक्षा में कुल 183 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें 25 छात्रों ने 90% से अधिक, 69 ने 80% से अधिक, 52 ने 70% से अधिक एवं 37 छात्रों ने 60% से अधिक अंक अर्जित किए।

दसवीं में अलख प्रकाश ने 95.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिस्बाह फिरदौस, डोली कुमारी और वैष्णवी शर्मा ने 95%, आदित्य नारायण व विशाल कुमार ने 94.8%, सुमित कुमार ने 93.8% और युवराज शर्मा ने 93% अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।बारहवीं कक्षा का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 63 एवं वाणिज्य संकाय में 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय में प्रिया कुमारी ने 95.2% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दीपा अहमद (94.2%) द्वितीय और खुशी ओझा (91.4%) तृतीय स्थान पर रहीं। वाणिज्य संकाय में प्रतीक्षा चौबे ने 95.4% अंक प्राप्त कर टॉप किया। अरशिया करीम (92.4%) और अंशिका सिन्हा (91.4%) ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष ज्ञान शंकर एवं निदेशिका संगीता शंकर ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को बधाई दी। प्राचार्य संजीव चक्रवर्ती ने कहा कि यह सफलता शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# बढ़ती गर्मी से जनजीवन प्रभावित, आज रहा 42.4 डिग्री अधिकतम तापमान

- मौसम विभाग ने दी सावधानी बरतने की सलाह

**मेदिनीनगर।** जिले में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से कहीं अधिक है। न्यूनतम तापमान भी 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल पाई। सुबह की आर्द्रता जहां 61 प्रतिशत रही, वहीं शाम तक यह घटकर 35 प्रतिशत पर आ गई। शाम 5:30 बजे तक जिले में कहीं भी वर्षा नहीं हुई, जिससे तपन और उमस दोनों का असर देखने को मिला।मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में तापमान और अधिक बढ़ सकता है और लू चलने की भी संभावना जताई गई है। जिले में पिछले कई दिनों से बारिश न होने के कारण मिट्टी की नमी खत्म हो गई है और सड़कों पर धूल उड़ने लगी है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और जरूरी कामों के अलावा लोग घरों से बाहर निकलने से परहेज करते दिखे।

अस्पतालों में हीट स्ट्रोक व डिहाइड्रेशन से संबंधित मरीजों की संख्या भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है।

# सड़क हादसे में शहीद जवान राजेन्द्र ठाकुर को दी श्रद्धांजलि, घर पहुंचे पलामू सांसद

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के बरांव गांव निवासी एवं लेह–लद्दाख में तैनात भारतीय सेना के जवान राजेन्द्र कुमार ठाकुर की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सोमवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उनके पैतृक आवास पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अंतिम नमन किया।

सांसद राम ने कहा कि राजेन्द्र ठाकुर की असमय मृत्यु सिर्फ उनके माता-पिता के लिए नहीं, बल्कि पूरे पलामू क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शोकाकुल परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

विदित हो कि 11 मार्च को छुट्टी में घर आए जवान राजेन्द्र ठाकुर रविवार रात रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा इलाके में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक की टक्कर एक अन्य बाइक से हो गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# ब्राईटलैंड स्कूल के छात्रों ने बढ़ाया मान दसवीं में अतुल कुमार बने जिला टॉपर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बाईपास रोड स्थित ब्राईटलैंड स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 186 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 169 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से सफल हुए। 16 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 81 छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए। इस परीक्षा में 98.4% अंक प्राप्त कर अतुल कुमार ने विद्यालय ही नहीं, बल्कि जिला स्तर पर टॉप किया है। वहीं 98% अंकों के साथ सक्षम तिवारी द्वितीय स्थान तथा 95.2% अंकों के साथ पियुष तिवारी तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय का परिणाम भी सराहनीय रहा। पुष्कर कुमार सिंह ने 87% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मधुसूदन आनंद 86% अंकों के साथ द्वितीय तथा आदित्य राज 85.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रतिनिधि रागिनी राय ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य राहुल कुमार सिंह ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ब्राईटलैंड स्कूल लगातार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं अनुशासित वातावरण के लिए जाना जाता है। हर वर्ष छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह विद्यालय जिले के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी सशक्त पहचान बनाए हुए है।

# शिविर में 76 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**मेदिनीनगर।** ग्रासिम सीएसआर की ओर से रेहला स्थित बिशुनपुर प्रशिक्षण केंद्र परिसर में महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महिला मंडल की अध्यक्षा नमिता अवस्थी, सदस्याएं वंदना कोहली, निशा पाठक, महिला चिकित्सक डॉ. अनूपा कुजूर और सीएसआर के चिकित्सक डॉ. प्रेम प्रकाश पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं, लेकिन अक्सर अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या को छुपाए नहीं, समय पर चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने सीएसआर टीम को इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद दिया।

शिविर में महिला चिकित्सक डॉ. अनूपा कुजूर ने महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित जांच और जागरूकता की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती अवस्थी द्वारा मरीज की पहली पर्ची काटकर की गई। इस शिविर में कुल 76 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। शिविर को सफल बनाने में जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, सीएसआर के अनिल गिरि, डॉ. पी.पी. पांडेय सहित महिला मंडल की सदस्याएं अनुपमा मिश्रा, प्रभा सिंह, अनुश्री नायक, दीपिका उपाध्याय आदि का सक्रिय सहयोग रहा। साथ ही जन सेवा ट्रस्ट के मो. कैफ, आफताब अंसारी, नागेंद्र यादव, अनीता देवी, योगेश पाल, भोला सिंह, सतेंद्र सिंह और मारुति नंदन त्रिपाठी ने भी सराहनीय योगदान दिया।

# सीबीएसई की दसवीं परीक्षा में जिले का टॉपर बना मैकेनिक का बेटा, सिविल सेवा में जाना चाहता है अतुल

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सीबीएसई की दसवीं कक्षा की परीक्षा में 98.4% अंक प्राप्त कर ब्राईटलैंड स्कूल के छात्र अतुल कुमार ने न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे पलामू जिले में टॉप कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। साधारण परिवार से आने वाले अतुल की यह सफलता संघर्ष, मेहनत और दृढ़ निश्चय की मिसाल बन गई है।

अतुल कुमार दो भाई-बहनों में सबसे छोटा है। उसके पिता संजय कुमार की शिक्षा केवल दसवीं तक हुई थी, जबकि माता मनोरमा देवी एक गृहिणी हैं। अतुल की बड़ी बहन सोनाली वर्तमान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही हैं। उनके दादा बीरबल मिस्त्री पढ़ाई नहीं कर सके थे और वर्षों तक मैकेनिक का कार्य करते रहे। पारिवारिक आर्थिक स्थिति सीमित होने के बावजूद संजय कुमार ने अपने पिता के साथ मैकेनिक का काम करते हुए मेहनत की और आज एक बड़ी कमर्शियल वाहन सर्विसिंग कंपनी की फ्रेंचाइज़ी का संचालन कर रहे हैं।

अपने बेटे की सफलता पर संजय कुमार ने कहा कि उन्हें विश्वास था अतुल अच्छा प्रदर्शन करेगा, लेकिन जब विद्यालय से जानकारी मिली कि वह जिला टॉपर बना है, तो यह गौरव का क्षण था। उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है। मैं आगे नहीं पढ़ सका, लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा में कभी कोई कमी नहीं आने दी।

अतुल ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की निदेशिका रागिनी राय, प्राचार्य राहुल कुमार सिंह, कक्षा अध्यापक चिंशू सिंह और अपने माता-पिता को दिया। उसने बताया कि वह कक्षा चार से लेकर दसवीं तक हर वर्ष टॉपर रहा है।

अतुल का अगला लक्ष्य बारहवीं की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर आईआईटी में प्रवेश पाना है। साथ ही वह आगे चलकर सिविल सेवा में जाकर देश सेवा करना चाहता है। अतुल का मानना है कि आईआईटी से उत्तीर्ण छात्र जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं।

# निमिया जलापूर्ति योजना अधूरी, गर्मी में पेयजल संकट से नहीं मिलेगी राहत

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के सुदना, बैरिया, निमिया और हाउसिंग कॉलोनी जैसे इलाके, जो गर्मी में हर वर्ष जल संकट से जूझते हैं, इस बार भी राहत से वंचित रह सकते हैं। वर्षों से पेयजल संकट झेल रहे इन क्षेत्रों में समाधान के लिए पीएचईडी विभाग द्वारा शुरू की गई "निमिया पेयजलापूर्ति योजना" अधर में लटकी हुई है। शुरुआती दौर में इस योजना से निमिया, सुदना, बेरिया जोड़ और खनवा सहित आसपास के इलाकों को लाभ मिलने की उम्मीद थी। चंद्रगुप्त कंस्ट्रक्शन कंपनी को योजना का ठेका मिला, जिसके द्वारा कुछ क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाई भी गई। लेकिन पानी टंकी का निर्माण महीनों से अधूरा पड़ा है और कामकाज लगभग ठप है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना को लेकर उम्मीदें जगी थीं, लेकिन अब अधूरे काम और फंड की कमी ने निराशा और नाराजगी पैदा कर दी है। नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने अप्रैल माह में ही कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया था, परंतु संवेदक ने फंड की कमी का हवाला देकर कार्य में देरी की बात कही है। आधा मई बीत चुका है, फिर भी कार्य अधूरा है।

कंपनी का दावा है कि पीएचईडी विभाग से प्राप्त फंड से अधिक कार्य पहले ही किया जा चुका है, और शेष कार्य तभी संभव है जब लंबित भुगतान किया जाए।

इस संबंध में पीएचईडी विभाग के एसडीओ राजेश सिंह ने बताया कि योजना का करीब 80% कार्य पूरा हो चुका है। फंड की कमी के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है, लेकिन संवेदक को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। स्थिति यह संकेत देती है कि इस गर्मी में भी शहर के ड्राई ज़ोन कहे जाने वाले इलाकों को जल संकट से निजात नहीं मिलने वाली।

# 19 मई से लहलहे में बहेगी अमृतमयी भागवत कथा की धारा

- श्रद्धालुओं से अधिकाधिक सहभागिता की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के लहलहे गांव की पावन धरती पर 19 मई से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। श्री श्री 1008 मारुति किंकर जी महाराज के श्रीमुख से होने वाली इस सात दिवसीय कथा का आयोजन श्रीमद् भागवत यज्ञ कमेटी द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालु भक्तजनों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। मुख्य यजमान विवेकानंद त्रिपाठी ने बताया कि यह संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 19 मई से 25 मई तक प्रतिदिन संध्या 7 बजे से आयोजित होगी। कथा से एक दिन पूर्व, 18 मई को हनुमत पूजा तथा 19 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा की पूर्णाहुति 26 मई को हवन एवं विशाल भंडारा के साथ की जाएगी, जिसमें ग्रामवासी एवं श्रद्धालु सहभागिता करेंगे। यज्ञ को सफल बनाने हेतु हाल ही में एक बैठक विवेकानंद त्रिपाठी के आवास पर आयोजित की गई, जिसमें सुरेश्वरी तिवारी, अनूप तिवारी, प्रशांत तिवारी, ट्विंकल तिवारी, मनीष तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, मनु तिवारी, अनिरुद्ध तिवारी, विनोद तिवारी, महिमानंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में यज्ञ आयोजन समिति का गठन किया गया और सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। आयोजकों ने इस आध्यात्मिक महायज्ञ में जनभागीदारी को धर्म एवं समाज सेवा का अवसर बताया है और सभी से अनुरोध किया है कि वे परिवार सहित पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विहिप व बजरंग दल रंका के दो सदस्यों ने किया रक्तदान

**रंका।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल रंका के दो सदस्यों ने रक्तदान किया। बता दे कि नगर उंटारी निवासी जितेन्द्र राम के सात वर्षीय पुत्री जागृति भारती जो थैलेसीमिया से पीड़ित है। उसे खून की आवश्यक थी। उन्होंने इस बात की सूचना समाज सेवी सतीश कुमार पाण्डेय को दिया। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना रंका रक्तवीर समूह में पोस्ट किया। इस पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल रंका के सक्रिय सदस्य अनिल मधेशिया रक्तदान के लिए तैयार हो गए और सदर ब्लड बैंक गढ़वा पहुंच कर अपना 10 वां रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान होता है। अगर मेरे रक्तदान करने से किसी का जीवन बच जाता है, तो यह मेरे लिए खुशी की बात है। रक्तदान करने से किसी भी तरह का कोई कमजोरी नहीं होती है, बल्कि शरीर स्वस्थ रहता है। मानव धर्म निभाने की असीम संतुष्टि मिलती है। डाला ओबरा निवासी संतोष कुमार की पत्नी करुणा कुमारी को खून की जरूरत थी। इस बात का सूचना उन्होंने विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल रंका खंड के अध्यक्ष सोनू कुमार मधेशिया व युवा स्वयंसेवक मोहित कुमार चौधरी को दिया। दोनों को जानकारी मिली कि रंका अनुमंडल निवासी रामानुज कुमार विश्वकर्मा ने सदर अस्पताल ब्लड बैंक गढ़वा पहुंच कर अपना छठवा रक्तदान किया। मौके पर ब्लड बैंक गढ़वा में रक्तदान कार्य को संपन्न कराने में लैब टेक्नीशियन भाई रामजी रवि एवं रूप देव सिंह जी ने अपना योगदान दिया।

## स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की निभा रंजना लकड़ा के निर्देश पर मंगलवार को रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत के पीएलवी राजेश कुमार चौधरी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रंका में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसमें स्कूल की प्रधानाध्यापिका अनिमा बेक के निर्देश पर एक दिवसीय वापस स्कूल चले अभियान चलाया। एनिमा बेक के नेतृत्व में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने आदिवासी बालिकाओं और आदिम जनजाति परिवार के बीच जाकर विभिन्न गांव का दौरा किया। घर-घर माता-पिता से संपर्क कर शिक्षार्थियों को वापस स्कूल चले अभियान से जोड़ने का प्रयास किया। इस अभियान के तहत उन बच्चों से भी बात की गई, जो छुट्टी लेकर स्कूल चले गए हैं। वापस आने में सक्षम नहीं हो पा रहे थे। इस लिए पुनः विद्यालय से जोड़ने व ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। विद्यालय में हो रहे पढ़ाई तथा मिल रहे पोषक तत्व व सरकारी सहायता और आने वाली परीक्षा में सफल होने के लिए जागरूक करना है। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने विद्यालय के शिक्षार्थियों के घर-घर जाकर संपर्क किया। वापस विद्यालय चले अभियान की शुरूआत किया। इस जागरूकता के तहत 12 शिक्षार्थियों को तत्काल विद्यालय उनके माता-पिता के साथ लाया गया। पीएलवी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक बेटियों को शिक्षा के प्रति जोड़ने व निशुल्क शिक्षा, अनिवार्य शिक्षा, बाल विवाह को रोकने के लिए हर संभव कार्य किया जाएगा। इस कार्य से प्रभावित होकर प्राचार्य अनिमा बेक ने पीएलवी के कार्यों का प्रशंसा की।

## स्वच्छ भारत अभियान फेलः प्रखंड कार्यालय परिसर में ही हर तरफ गंदगी

**बड़गड़।** स्वच्छ भारत अभियान बरगढ़ में कागजों पर ही चलाया जा रहा है। सरकार स्वच्छता को लेकर काफी सजग है और पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन इसका असर जिले के बड़गड़ प्रखंड कार्यालय पर ही पड़ता नहीं दिख रहा है ।प्रखंड कार्यालय परिसर में कई जगहों पर कचर पसारा हुआ है और शौचालय से दुर्गंध आती है। परिसर के बाहर झाड़ियां उगी हुई है। वहीं कार्यालय के कर्मी को परिसर के साफ सफाई का ध्यान नहीं है। एक तरफ तो अभियान से जुड़े अधिकारी और कर्मी गांव-गांव में अभियान चला कर स्वच्छता कार्यक्रम चलाने की बात कहते हैं। अपने प्रखंड कार्यालय परिसर में ही फैले गंदगी एवं कचरा का निपटारा करने में असफल रहे हैं। अपना घर ही स्वच्छ एवं कचरा मुक्त नहीं होगा तो स्वच्छता अभियान चलाने का क्या मतलब। कहने को तो बरगढ़ प्रखंड को ओडीएफ प्रखंड घोषित किया गया है। लेकिन जिस प्रखंड कार्यालय से ओडीएफ अभियान की शुरूआत हुई थी वहीं दुर्गंध और गंदगी फैली हुई है।

## मंजूरुल हक के मजार पर चादरपोशी की गई

**मझिआंव।** प्रखंड के मदरसा मंजूरुल उल्लम कामत परिसर में सोमवार की देर शाम से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 33 वां सालाना उर्स का आयोजन किया गया। जहां पर एक दूसरे से मिल्लत व जश्ने दस्तारे के साथ-साथ हजरत मौलाना सैयद मंजूरुल हक के मजार पर चादरपोशी की गई। चादरपोशी करने पहुंचे लोगों की भीड़ काफी देखी गई। उसके बाद मुशायरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंगलवार की सुबह 4 बजे तक चला। उर्स कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई प्रदेश एवं जिले के हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम में झारखंड के अलावे उत्तर प्रदेश के बरेली ,मध्य प्रदेश के जबलपुर, झारखंड के गिरिडीह, छत्तीसगढ़ सहित कई बड़े-बड़े शहरों से लोग पहुंचे हुए थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कामत मदरसा के मौलाना हाजी इकबाल अहमद सिद्दीकी, प्रिंसिपल सदारत कारी सफीर साहब,इबरार खां, मोहम्मद अख्तर खां, कलीम खान, महताब आलम,के अलावे कमेटी के अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था कराई गई थी।

## मनरेगा लोकपाल ने योजना स्थल पर जाकर जांच किया

**श्री बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड के सोनडीहा ग्राम में मनरेगा योजना के तहत बन रहे डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन का प्रयोग किए जाने का मामला समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के मामले पर मनरेगा लोक पाल सुशील तिवारी ने मंगलवार को योजना स्थल पर पहुंचकर मामले का जांच किया। जांच के बाद मनरेगा लोक पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टिया ऐसा प्रतीत होता है कि डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन का प्रयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि गहनता से सभी बिंदुओं पर जांच की जा रहा है इसके बाद संबंधित लोगों पर कारवाई किया जाएगा। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व सोनडीहा पंचायत के दक्षिणी टोला स्थित अहमद अली के खेत में डोभा निर्माण में जेसीबी मशीन से खुदाई किया गया था। समाचार संकलन करने गए पत्रकारों के साथ लाभुक द्वारा बदसलूकी किया गया था। मामला आने के बाद मनरेगा के कार्य में गड़बड़ी करने वालो ने मामले की लीपापोती करते हुए जांच रिपोर्ट में जेसीबी मशीन का प्रयोग नहीं करने की बात कहा था। जांच करने पहुंचे मनरेगा लोकपाल ने लाभुक के साथ ग्रामीणों का बयान कलमबद्ध किया था। इसके बाद जेसीबी मशीन से खुदाई किए गए फोटोग्राफ्स भी उपस्थित पत्रकार टीम से लिया था। मौके पर मनरेगा के सहायक अभियंता रणजीत कुमार उपस्थित थे।

### लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मिशन मोड में काम करें: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास, 15वें वित्त योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। साथ ही पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, ग्रामीण व शहरी विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपूर्ति विभाग से संबंधित मामलों पर भी चर्चा किया की गयी। बता दे कि 23 मई को दिशा की बैठक आहूत की जानी है, जिसे लेकर उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों से विकास योजनाओं से संबंधि पूरी प्रतिवेदन की मांग करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। लंबित,अपूर्ण योजनाओं शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पेयजल विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल अजय कुमार सिंह को ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए जिले के सभी प्रखंड, पंचायत व टोला स्तर पर पेयजल की समुचित व्यवस्था पूरा करने का निर्देश दिया। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), 15वें वित्त आयोग से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्य को पूर्ण करने एवं योजनाओं के अधीन प्राप्त राशि को नियमानुसार शत प्रतिशत खर्च करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा के मुख्य बिंदुओं योजना की पूर्णता, एरिया आफिसर मानिटरिंग ऐप, आधार से आधारित भुगतान, मजदूरों का आधार इंट्री, 100 मानव दिवस वाले परिवार, पोटो हो खेल मैदान, बिरसा हरित ग्राम योजना, अस्वीकृत लेन-देन, अबुआ-आवास में निर्गत मास्टर रॉल, लोकपाल द्वारा उठाये गए बिन्दू की समीक्षा की गई व अद्यतन स्थिति से अवगत होकर कार्य में तेजी लाने का निर्देशत दिया। मनरेगा अंतर्गत 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने, सामाजिक अंकेक्षण में आए मुद्दे पर पंचायत स्तरीय ज्यूरी का निर्णय अनुसार अपलोड करने एवं मनरेगा से नियमानुसार मानव दिवस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, नगर ऊंटारी एवं रंका के क्रमशः संजय कुमार, प्रभाकर मिर्धा एवं रूद्र प्रताप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रमेश कुशवाहा, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय समेत अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थें।

## खबर का असरः समय पर खुला बीआरसी खरौंधी, शिक्षकों में खुशी

**गढ़वा।** राष्ट्रीय नवीन मेल में शनिवार को प्रकाशित खबर समय से नहीं खुलता बीआरसी, शिक्षकों में नाराजगी का असर मंगलवार को साफ नजर आया। बीआरसी खरौंधी इस दिन सुबह ठीक 9:30 बजे खुल गया और कार्यालय में सुचारू रूप से कार्य प्रारंभ हो गया। समय पर कार्यालय खुलने से शिक्षकों के बीच संतोष और प्रसन्नता का वातावरण देखा गया। मंगलवार को बीआरसी में बीपीएम नवीन प्रकाश, बीआरपी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, एमडीएम ऑपरेटर सोनू कुमार चंद्रवंशी, चपरासी अजीत कुमार समेत अन्य कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचे और कार्य शुरू किया। इस संबंध में बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि बीआरसी प्रतिदिन समय से खोला जाता है, लेकिन कभी-कभी विभागीय कार्यों के चलते विद्यालयों या जिला कार्यालयों में जाना पड़ता है, जिससे देर हो जाती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि कार्यगत मजबूरी होती है। उन्होंने कहा कि बीआरसी स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास हमेशा किया जाता है। कार्यालय में मौजूदगी सुनिश्चित कर कार्यों को समयबद्ध पूरा करना उनकी प्राथमिकता है।इस पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट है कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका से जनहित के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही लाई जा सकती है। समय से कार्यालय खुलने और कार्य प्रारंभ होने से शिक्षकों में भरोसा बढ़ा है।

## वर्षो पुराना देवी धाम के पीछे स्थित नीम पेड़ में लगी आग

**रमना।** सिलीदाग ग्राम के देवी धाम स्थित वर्षो पुराना नीम के पेड़ मे अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने आग की उठती लपेट को दखे कर हल्ला मचाना शुरू किया। ग्रामीणों ने तत्काल ही अगल बगल के लोगों के सहयोग से बाल्टी व मोटर पंप से आग बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीण आग बुझा समझ कर घर चले गये। फिर शाम करीब छह बजे पेड़ से धुआं उठने लगा और आग की लपेट तेज हो गई। इसके सामने ही देवी का मंदिर है। देवी मंदिर को कोई क्षति नहीं पहुंचे इसे लेकर फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। घंटो प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया।आग को बुझाने में अग्निकर्मी को ग्रामीण आलोक सिंह, मुकेश कुमार (मंटू), अविनाश कुमार, राकेश सिंह, प्रदीप कुमार, सुरेन्द्र पासवान, सुरेश बारी ने सहयोग किया।

## 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लावण्या विद्यालय टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त प्लस टू विद्यालय मिलिनियम पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट प्रकाशित हुआ, जिसमें 12वीं में लावण्या प्रकाश ने 91प्रतिशत अंक लाकर साइंस में विद्यालय टॉपर बनी। ज्ञात हो कि लावण्या प्रकाश जेईई मेंस झारखंड गर्ल्स टॉपर बनी थी। भविष्य में लावण्या आईएएस बनना चाहती है। द्वितीय धीरज कुमार 76प्रतिशत, तृतीय नैतिक कुमार 76प्रतिशत अंक प्राप्त किया। धीरज कुमार आईआईटी बनकर देश सेवा करना चाहता है, जबकि नैतिक कुमार भारतीय टेक्नोलॉजी संस्थान में जाकर टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देना चाहता है। सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। अंश कमल 91.5% लाकर विद्यालय टॉपर बना। अंश कमल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान में जाकर अपना कैरियर बनाना चाहता है। द्वितीय ऋषभ राज 87.5 तथा तृतीय आशीष कुमार 85%, नंदनी कुमारी 85%, प्राची कुमारी 84%,कोमल कुमारी गुप्ता 84%,पीयूष यादव 81%, सफा यासमीन 80%, नितेश यादव 80%,रोशनी कुमारी 79% लाकर विद्यालय के टॉप टेन बने। ऋषभ राज अपना भविष्य जज बनकर न्यायिक सेवा करना चाहता है ,जबकि नंदनी कुमारी डॉक्टर बनना चाहती है। विद्यालय के निदेशक मो. मुमताज राही ने कहा कि धैर्य साहस के साथ कठिन मेहनत कर अपना भविष्य बनाने की जरूरत है। मौके पर विद्यालय के चेयरपर्सन नूर जहां बेगम, नागेंद्र प्रसाद सिंह, कृति ,पूर्णिमा, रोहित कुमार, जयप्रकाश ठाकुर ,असगर अंसारी, सरफराज, निकिता राय सहित पूरा विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सड़क निर्माण में कालीकरण नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** मेराल डंडई रोड के लखेया मोड़ से हासनदाग कजराठ भाया करकोमा नाहर तक बन रहे सड़क निर्माण कार्य में कालिकरण कार्य नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क में पानी का पटवन नहीं होने से व्यस्ततम सड़क में लगातार धूल उड़ने से सड़क स्थित मकान के लोग व राहगीर बीमार पड़ रहे हैं। बता दे कि सड़क निर्माण का कार्य त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन द्वारा 2 वर्षों से किया जा रहा है। लेकिन इस सड़क निर्माण कार्य में लागत राशि एवं कार्य समाप्ति का तिथि अंकित नहीं किया गया है। 2 वर्षों के अंतराल में त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन द्वारा जापानी कंपनी के मशीन द्वारा सड़क में सीमेंट एवं केमिकल मिलाकर रोलिंग कार्य करके छोड़ दिया गया है। कंपनी द्वारा कभी भी सड़क में पानी पटाने का काम नहीं किया जा रहा है। आलम यह है कि अगल-बगल के घर में तथा सड़क पर चलने वाले राहगीरों को और स्कूल जाने वाले बच्चों को धूल के उड़ने से काफी परेशानी हो रही है। जिससे बच्चे बीमार तक हो जा रहे है और इनका पठन पाठन बाधित हो रहा है। सड़क मेराल प्रखंड का अति व्यस्त सड़कों में से एक है। इस सड़क से मेराल,लखेया,रेजो ,हासनदाग, कजराठ,देवगाना, गेरुआ सहित दर्जनों गांवों के लोग रात दिन आवागमन करते हैं। सड़क किनारे रहने वाले कई लोगों ने त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन द्वारा सड़क में कालिकरण नहीं किए जाने तथा सड़क में पानी का छिड़काव नहीं करने पर लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन द्वारा पानी के छिड़काव कभी नहीं करने के कारण गुजरने वाले वाहनों से इतना धूल उड़ रहा है कि घर में रहना मुश्किल हो गया है। विवेकानंद चौबे, रंजीत चौबे,दुखन चौधरी, बीडीसी नंदू चौधरी सहित कई लोगों ने बताया कि संवेदक द्वारा सड़क में पानी का छिड़काव नहीं करने से सड़क के धूल से लोग बीमार हो रहे है। इस संबंध में पूछने पर त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन के प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश सिंह ने बताया कि दो दिनों बाद इस सड़क में कालिकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता अंकुर चौरसिया से मोबाइल फोन से सम्पर्क किया गया। लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ था।

## सीबीएसई 12वीं परीक्षा के कॉमर्स में राहुल बना स्कूल टॉपर

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप सेल डीएवी के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। कॉमर्स में राहुल कुमार मेहता 89.40प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनी। दूसरा स्थान नवल पुंज 87.60प्रतिशत, तृतीय स्थान हर्षराज रमन 82.20 प्रतिशत, चौथा स्थान आर्यन सिंह 77.69प्रतिशत, पांचवा स्थान एंजेल जायसवाल 76.40 प्रतिशत लाया । कॉमर्स में 14 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया, जिसमें 13 छात्र-छात्राएं पास हुई। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई देते हुए होते हुए उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

### प्रेस विज्ञाप्ति

एतद् द्वारा संवेदक आर0 एस0 कन्स्ट्रक्सन, जिला– लातेहार को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (MMGSY) अन्तर्गत ग्राम जूरिया तिगरा पथ से अरकोसा लम्बाई– 3.08 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या– 06F2/ 2023-24 dated-05-10-2023 है। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 05.10.2023 को किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 04.01.2025 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 794 दिनांक– 05.10.2023, पत्रांक– 220 दिनांक– 29.01.2024 एवं पत्रांक– 1318 दिनांक– 19.12.2024 के द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए आपको निदेशित किया गया था। आपके द्वारा उक्त कार्य को बंद रखा गया है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर0 एस0 कन्सट्रक्सन, लातेहार। | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत ग्राम जूरिया तिगरा पथ से अरकोसा तक कार्य लम्बाई– 3.58 कि0मी0 | 6F2/ 2023-24 | 04.01.2025 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 352203 Lohardaga(25-26).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

### अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना (डी0एम0एफ0टी मद)
### संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/5/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत जालिमखुर्द में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जालिमखुर्द लातेहार (द0) का मरम्मति कार्य। | 2464100 | 50000 | 5000 | 3 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.05.2025
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.05.2025 से दिनांक 22.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –24.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 352223 (Rural Development)25-26*D


## हाथी के उत्पात से बचाने की गुहार

**रंका।** प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत के पिपरा दामर के ग्रामीण हाथी से निजात पानी के लेकर विधिक जागरूकता में आवेदन दिया है। इस संबंध में पीएलबी विश्रामपुर पंचायत के डीएलबी राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि विश्रामपुर पंचायत के पिपरा दायर के ग्रामीण हाथी के उत्पात से काफी परेशान है। हाथी के डर से ग्रामीण परेशान है। गांव से हाथी भगाने के लेकर ग्रामीणों ने विधिक जागरूकता शिविर में आवेदन दिया था। वन विभाग के डीएफओ से बात करने का प्रयास किया गया, परंतु उनका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। फॉरेस्टर विभाग से भी बात की गई परंतु उनके द्वारा हाथी को भगाने में पहल नहीं की गई। जिससे यहां के ग्रामीणों में निराशा है।

### आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के लिए एसडीएम व एनएच के परियोजना निदेशक ने किया मंथन

# फोरलेन पर गैरजरूरी कट बंद करने के विकल्पों पर विचार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक सह महाप्रबंधक सुधीर कुमार द्वारा संबंधित तकनीकी कर्मियों के साथ गढ़वा बाईपास फोरलेन के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि बाईपास फोरलेन पर डुमरो चौक सहित अन्य इलाकों में अक्सर हो रहे रोड एक्सीडेंट के मद्देनजर बीते रविवार देर शाम एसडीएम संजय कुमार ने यहां के ग्रामीणों के साथ स्थल निरीक्षण किया था। ग्रामीणों से संकलित सूचनाओं के आलोक में संजय कुमार ने एनएच के परियोजना निदेशक एवं अन्य पदाधिकारियों को दो दिनों के अंदर इस क्षेत्र का स्थल भ्रमण कर आवश्यक रक्षा का उपाय करने के लिए कहा था। उसी आलोक में आज परियोजना निदेशक सुधीर कुमार अपनी पूरी टीम के साथ यहां पहुंचे हुए थे। संजय कुमार ने एनएच के अधिकारियों को जानकारी दी कि उक्त फोरलेन पर स्वाभाविक तौर पर अधिक गति हो जाने के कारण तथा बीच-बीच में बस्तियों के पास कट के स्थानों पर प्रायः दुर्घटनायें हो जा रही हैं। चूंकि गांव के लोगों को अभी हाई स्पीड वाहनों के माहौल में चलने की आदत नहीं थी, संभवत इसीलिए आए दिन लोग तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आ जा रहे हैं। इसलिए सुझाव दिया कि फोर लाइन बाईपास में जहां-जहां बस्तियों के पास कट या ओपनिंग, मीडियम हैं। वहां पर एनएच के तकनीकी पदाधिकारियों को संभावित दुर्घटनाओं रोकने के लिए यथासंभव मानवीय प्रयास करना चाहिए।

### रंबल स्ट्रिप, रेडियम संकेतक लगाए जाएंगे

संजय कुमार ने नेशनल हाइवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं उनकी टीम को सुझाव दिया कि डुमरो चौक एवं ऐसे ही दुर्घटना संभावित अन्य चौक-चौराहों के दोनों ओर नियमानुसार रंबल स्ट्रिप, जेबरा क्रॉसिंग, कैट्स आई, रेडियम संकेतक आदि का प्रावधान किया जा सकता है। साथ ही जिन स्थानों पर बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं वहां पर साइन बोर्ड लगाए जाएं कि यह क्षेत्र दुर्घटना संभावित क्षेत्र है। वाहन सावधानी से चलाएं। इस पर परियोजना निदेशक सुधीर कुमार ने अपने टीम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह अगले एक हफ्ते में उपरोक्त सुझावों को अमल में लाना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान एसडीएम व राजमार्ग प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों की भी काउंसलिंग की कि वह लोग खुद भी फोरलेन के आसपास विचरण करने में पूरी सावधानी और सतर्कता रखेंगे। दुर्घटनाओं के कारणों को खोजने एवं उनके निदान की दिशा में कार्रवाई शुरू करवाने पर स्थानीय लोगों ने एसडीएम संजय कुमार व एनएच की टीम का धन्यवाद किया।


## JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

### TENDER NOTICE

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 75/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of safety materials, earth rods, tarpaulin, LED torch and flexible PVC pipe at 132/33 kV GSS Latehar | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 10000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **14.05.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **04.06.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **04.06.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **05.06.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non -refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 352221 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के निखिल कुमार सीबीएसई 12वीं में जिला टॉपर बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सीबीएसई 12 वीं का रिजल्ट मंगलवार को घोषित कर दिया गया। जिला मुख्यालय के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में इस वर्ष सीबीएसई 12वीं में कुल 31 छात्र व छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें विज्ञान संकाय के 20 और वाणज्यि संकाय के 11 छात्र शामिल हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सभी 31 परीक्षार्थी उतीर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि 91.4 प्रतिशत अंक लाकर निखिल कुमार जिला टॉपर बना है। 87.20 प्रतिशत अंक लाकर स्वीटी कुमारी ने दूसरा, 83.40 प्रतिशत अंक लाकर अंजली कुमारी तीसरा, 80.40 प्रतिशत अंक लाकर तनु महलका ने चौथा, 76.20 प्रतिशत अंक लाकर नाजिया परवीन ने पांचवा स्थान हासिल किया है। प्राचार्य ने सभी सफल छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने छात्रों से एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी। कहा कि बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलती है, इसलिए हर हाल में परिश्रम आवश्यक है।

जेएनवी के सभी 76 छात्र व छात्रायें उर्तीण पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय से इस बार सीबीएसई 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में कुल 76 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, इनमें से सभी उर्तीण हुए। इस आशय की जानकारी प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय में निखिल कुमार (86.6), दीपक रजक (84.6), सोनू यादव (84.2), अंकित कुमार (78.8) और रिचा कुमारी ने (75) प्रतिशत अंक ला कर क्रमशः एक से पांचवें स्थान पर रहे। कला संकाय में अभिषेक कुमार रंजन (89), मुस्कान कुमारी (87.6), रौशनी कुमारी (85.6), रितेश कुमार (84.4), खुशी कुमारी ने (83.6) प्रतिशत अंक लाकर क्रमश एक से पांचवा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने इस सफलता को विद्यालय के शिक्षक व छात्रों की मेहनत का परिणाम बताया है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी। कहा कि सामुहिक प्रयास से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने सभी सफल छात्र व छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## 96 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी साक्षी

**चंदवा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा मंगलवार को 10 वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इस वर्ष भी ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय से इस वर्ष कुल 35 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की साक्षी कुमारी अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर होने का गौरव हासिल किया है। साक्षी ने अंग्रेजी में 94, हिंदी में 96, गणित में 99, विज्ञान में 93 एवं सामाजिक विज्ञान में 98 अंक प्राप्त किया है। साक्षी सीए की पढ़ाई कर देश की सेवा करना चाहती है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, शिक्षकों एवं माता पिता के प्रयास को दिया है। विद्यालय में दूसरा स्थान लक्ष्य सुलभ 94.4 प्रतिशत, तीसरा स्थान साक्षी अग्रवाल 93 प्रतिशत,चौथा स्थान दीपक जॉयस 92.4 प्रतिशत। शौर्य कुमार 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। जीटीपीएस के अध्यक्ष प्रवीण सिंह,डायरेक्टर कादंबरी सिंह, प्रिंसिपल हिमांशु सिंह,शिक्षक शशिकांत मिश्रा,रौशन पाठक, संजय प्रजापति,सुमंत कुमार, संतोष कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत व शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया है। ग्रीन फील्ड एकेडमी से कुल 106 बच्चों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें कृष कुमार ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड में दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिया कुमारी ने 92.4, खुशी यादव ने 91.4, फिजा जायरा ने 91, पियूष राज ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर अरविंद सिंह, निदेशक आनंदी सोरेंग व प्रिंसपल अन्ना कुट्टी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## तन्मय तरूण ने विज्ञान में 100 अंक हासिल कर बना जिला टॉपर



**लातेहार।** सीबीएसई के 10 वीं का रिजल्ट मंगलवार को घोषित कर दिया गया। शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में इस वर्ष 10वीं बोर्ड की परीक्षा में कुल 60 छात्र व छात्राओं ने परीक्षा दी थी। जिसमें सभी उर्तीण हुए हैं। इस आशय की जानकारी प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने दी। उनहोंने बताया कि परीक्षा में तन्मय तरूण ने विज्ञान विषय में पूरे 100 अंक हासिल किया है। बता दें कि तन्मय तरूण ने 97 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बना है। प्राचार्य ने बताया कि मो. एहसान रजा ने 90.2, अनोखी राज कनौजिया ने 85.4, सिमरन कुमारी ने 84.2, हंसिका अंबेश ने 81.2 प्रतिशत अंक हासिल कर क्रमश: दूसरा से पांचवा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों को बधाई दी है।

**पीएम श्री जेएनवी का प्रिंस बना 10 वीं का स्कूल टॉपर :** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बाजकुम के छात्र प्रिंस कुमार 92.6 प्रतिशत अंक ला कर अपने विद्यालय में टॉपर बनने के साथ जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा में कुल 78 छात्रों ने भाग लिया था। सभी उर्तीण हैं। उन्होंने बताया कि प्रिंस कुमार ने 92.6 प्रतिशत अंक हासिल किया है। पंकज कुमार ने 92.4, अनूप भोगता ने 91.6, कुमारी मीनाक्षी ने 89.2, शेखर कुमार ने 86, विमला कुमारी ने 85.8, साकेत कुमार ने 84.8,आर्यन कुमार गुप्ता ने 84.6, आयुष करण ने 83.2 और आनंद कुमार यादव ने 83 प्रतिशत अंक लाकर क्रमश: दूसरा से दसवां स्थान प्राप्त किया है।

# न्यूज बॉक्स

## जिले के 792 पीवीटीजी परिवारों को मिला आवास

**लातेहार।** जिले के 10 प्रखंडों में वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन-यापन कर रहे आदिम जनजाति समाज के परिवारों की बदहाली दूर करने के लिए प्रधानमंत्री जनमन (पीएम-जनमन) योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान) (डॉ.जगुआ) से कई काम हो रहे हैं। इलाके की तस्वीर बदल रहीं है, जो गांव पहले सड़क बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी से जूझ रहे थें, अब एक आदर्श गाम बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 792 पीवीटीजी लाभुकों को आवास की स्वीकृति मिली है, जिसमें 788 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि भुगतान कर दी गई है। स्वयं लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## अपराधी राहुल सिंह के घर पुलिस ने किया कुर्की जब्ती

**चंदवा।** पुलिस ने अपराधी राहुल सिंह के विरुद्ध मंगलवार को कार्रवाई की। न्यायालय के आदेश के आलोक में चंदवा पुलिस ने चंदवा थाना में आर्म्स एक्ट व 17 सीएलए एक्ट मामले में राहुल सिंह पिता कॉलेश्वर सिंह के चेटर ग्राम स्थित घर में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। चंदवा पुलिस की टीम दलबल के साथ राहुल सिंह के घर पहुंची। वहां अभियान चलाकर पुलिस ने घर के सारे सामान जब्त कर ली। साथ ही घर का छप्पर भी पीट दिया। पुलिस ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस को राहुल सिंह की लंबे समय से तलाश है। अगर जल्द ही राहुल सिंह आत्म समर्पण नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दे कि अपराधी राहुल सिंह गिरोह 2 से 3 वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय है। लेवी व रंगदारी वसूलने, व्यवसायियों में भय का माहौल उत्पन्न करने को लेकर गोली बारी की कई घटना को अंजाम दे चुका है। एक मामले में लॉरेंस विश्नोई गैंग से भी राहुल सिंह के तार जुड़े होने का मामला प्रकाश में आया था, जिसके बाद से पुलिस राहुल सिंह गिरोह को काफी गंभीरता तलाश कर रही है।

## बीडीओ की कार के धक्के से स्कूली छात्र घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित जोबीया के समीप एक कार की चपेट में आने से एक स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना ग्रामीणों ने बताया कि बालूमाथ से चंदवा की ओर आ रही एक तेज रफ्तार कार छात्र को रौंदते हुए पेड़ से जा टकराई। इस घटना में हिसरी पाहन टोला निवासी महेंद्र लोहरा का पुत्र विपिन लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बारियातू बीडीओ अमित कुमार पासवान अपनी कार से चंदवा की ओर आ रहे थे। इस क्रम में चंदवा थाना क्षेत्र के जोबिया गांव के समीप उक्त दुर्घटना हुई। इस हादसे में बारियातू बीडीओ बाल बाल बच गए। उन्हें हलकी चोट आई है। घटना के बाद ग्रामीण थोड़े उग्र हुए, लेकिन चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को संभाला। पुलिस वाहन को अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बच्चे के समुचित इलाज कराने की मांग की है।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर शिविर

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में कानूनी सहायता केन्द्र सिमरिया के द्वारा मंगलवार को सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के केवटा, लुतीडिह में अधिकार मित्रों द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकार मित्र सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा, सिता देवी व अंजली कुमारी के द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना तथा उनके अधिकारों एवं शिक्षा के महत्व को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाना है।

## पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**टंडवा(चतरा )।** थाना क्षेत्र के मासीलौंग में मंगलवार को तुलसी गंझू के घर में टंडवा व लावालौंग पुलिस ने ढ़ोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया। फरार आरोपी को जल्द आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी गई। बताया गया कि लावालौंग थाना में दर्ज आरोपी तुलसी गंझू पिता देवी उर्फ सेवा गंझू आरोपी है।

## वृक्षों में रक्षा सूत्र बांध कर संरक्षित करने का संकल्प

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिसई में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक पद्म विभूषण श्री रविशंकर जी के जन्मदिन पर मंगलवार को ग्रामीणों ने वृक्षों का रक्षाबंधन कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रो. जयप्रकाश रजक ने बताया कि परंपरागत तरीके से गुरुओं का विधिवत आह्वान व ध्यान, प्राणायाम का अभ्यास किया गया। करीब 40 स्कूली बच्चों ने जंगल है तो मंगल है, विषय पर पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया,जिन्हें पुरस्कृत किया गया। ग्रामीणों को जीवन के अस्तित्व में पेड़-पौधों की आवश्यकता बताई गई। बता दें कि पिछले डेढ़ दशक से ग्रामीणों को ध्यान, योग व गुरु साधना की महत्ता बताते रहे हैं। साथ हीं वृक्षों में रक्षासूत्र बांध कर उसका संरक्षण व संवर्धन के लिये प्रेरित करते रहे हैं। मौके पर ईश्वर दयाल पांडेय, सुमन भारतीय, मुकेश आनंद, शैलेश भारतीय,भीम रजक, जयमंती देवी, धनंजय पांडेय, संतोष रजक, विक्की रंजन समेत कई लोग मौजूद थे।

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलश यात्रा

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभायात्रा का शुभारंभ चतरा सांसद कालीचरण सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, मुखिया मनजीत सिंह ने कलश यात्रियों को कलश व चुनरी भेंट कर किया। कलश शोभा यात्रा यात्रा यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर बड़ाकर नदी के उत्तर वहनी घाट पहुंचा। वहां बनारस से आए योगाचार्य डॉ. चक्रपानी महराज ने वैदिक मंत्रों चार के साथ कलश में गंगाजल भरवाया। कलश शोभायात्रा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप पहुंचा और कलश स्थापित की गई। योगाचार्य डॉ चक्रपानी जी महराज ने बताया कि शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठाएक धार्मिक अनुष्ठान है जिसमें भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी की मूर्तियों में प्राण स्थापित किए जाते हैं। यह प्रक्रिया वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष विधि-विधान के साथ की जाती है। मौके पर मुख्य जजमान राजेन्द्र सिंह सह पत्नी मंजू देवी,अशोक सिंह,बहादुर सिंह,मुकुंद यादव,मुकेश सिंह,यशवेंदर यादव समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल के छात्रों ने सीबीसई बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित 10वीं कक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन किया है। विद्यालय से कुल 36 छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा दी थी। जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय से अंशिका कुमारी और ऋषि देव ने 94.6 प्रतिशत अंक लाकर पूरे विद्यालय में प्रथम व प्रखंड के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय में चित्रा सुरभि, आयुष कुमार ने 89 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान, प्रियांशी प्रिया ने 88 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान, श्रेया कुमारी व जानह्वी राज ने 86 प्रतिशत अंक लाकर चौथा स्थान, राहुल कुमार, शशि कुमार ने 83 प्रतिशत लाकर पांचवा स्थान प्राप्त किया। समस्त विद्यालय से लगभग 17 छात्रों ने 82 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण प्रकाश सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामना दी। प्राचार्य मुसाफिर सिंह व उप-प्रधानाचार्य दीपक मिश्रा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सूजेश कुमार, बेबी कुमारी, एलिश सांगा, बेरोनिका एक्का, साक्षी पाठक, प्रिंसी हेरेंज, संगीता कुमारी, अंजाना कुमारी, विजय टुड्डु, अमन प्रजापति, बबलू प्रसाद, नागेश कुमार, अरविंद आनंद, रोहित कुमार प्रसाद, शीतल तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

## लाखों की लागत से बना उपस्वास्थ्य केंद्र फांक रहा धूल

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत अंतर्गत मेदवाडीह में लाखों की लागत से बना उपस्वास्थ्य केंद्र यू ही धूल फांक रहा है। इस केंद्र के निर्माण के बावजूद ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रहा है। हाल ही में खुटवलिया गांव निवासी दशरथ गंझू के 16 वर्षीय पुत्री रंजु कुमारी, लखन गंझू के 13 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी की मौत अचानक पेट दर्द के कारण हो गई थी, जिससे स्वास्थ व्यवस्था पर कई सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय पर उचित इलाज मिल जाता तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। झोलाछाप डॉक्टरों पर निर्भर ग्रामीण आबादी मेदवाड़ीह उपस्वास्थ केंद्र मे चिकित्सीय सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टरों पर निर्भर है। स्वास्थ केंद्र मे सर्दी, खांसी जैसी मामूली बीमारी का भी इलाज नहीं हो पाता है। कुंदा व नवादा पंचायत के पांच से छह हजार की आबादी झोलाछाप डॉक्टरों के भरोसे है। प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उप स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक और आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाए, जिससे ग्रामीणों को समय पर उचित इलाज की सुविधा मिले और उनकी जान बचाई जा सके। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन को इस समस्या का समाधान करने के लिए जल्द कदम उठाने की जरूरत है।

# जिला समाज कल्याण व बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

- **महिला पर्यवेक्षिकाओं के वेतन पर रोक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग व बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। उपायुक्त ने समाज कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन व बच्चों के संरक्षण से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। पोषण ट्रैकर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सेविका सहायिका रिक्तियां, आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना व भवन निर्माण, एमटीसी केंद्र संचालन, बाल संरक्षण समेत अन्य विषयों की समीक्षा की। उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को विभाग द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है, उन सभी में लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि को प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने सभी सेविका, सहायिकाओं के साथ बैठक कर योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति के लिए समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना व भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही अगली बैठक में रिपोर्ट में आंकड़ों को सही तरीके से प्रदर्शित करते हुए फोटोग्राफ्स के साथ विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। पोषण ट्रैकर एप के अनुसार पूरक पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभुकों में गर्भवती महिला, धात्री महिला, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों आदि की समीक्षा की गई। डेटा अपडेट करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका, सहायिका के पदों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा सेविका, सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अब तक ग्राम सभा भी नहीं कराया गया है, जिसपर उपायुक्त ने शीघ्र नियुक्ति करवाने और महिला पर्यवेक्षिकाओं के वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक में डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला बाल संरक्षण इकाई के प्रभारी पदाधिकारी अजय कच्छप, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।


## भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय छात्रवृत्ति अनुभाग

**चयन वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों हेतु राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस)**

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने गए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

**छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्या: 20**

इच्छुक उम्मीदवार एनओएस पोर्टल https://overseas.tribal.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल 15 मई 2025 से 30 जून 2025 (शाम 5:30 बजे तक) खुला रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मंत्रालय के पोर्टल पर जा सकते हैं:
-https://overseas.tribal.gov.in/

**cbc43101/11/0007/2526**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक श्री अजमल अंसारी, चिरी कुडू लोहरदगाको सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) के अन्तर्गत (1) पेशरार से चैनपुर पथ लम्बाई–5.20 कि0मी (2) चैनपुर से केरार तक लम्बाई– 4.50 कि0मी0 (3) केरार से बुलबुल लम्बाई– 9.35 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 18.07.2022 को किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 17.10.2023 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 575 दिनांक– 06.07.2023, पत्रांक– 816 दिनांक– 18.10.2023, पत्रांक– 766 दिनांक– 22.09.2023, पत्रांक– 476 दिनांक– 12.03.2024 एवं पत्रांक– 335 दिनांक– 20.02.2024 के द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए आपको निदेशित किया गया था। आपके द्वारा उक्त कार्य को बंद रखा गया है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अजमल अंसारी, चिरी कुडू लोहरदगा। | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (RCPLWEA) के अन्तर्गत (1) पेशरार से चैनपुर पथ लम्बाई–5.20 कि0मी (2) चैनपुर से केरार तक लम्बाई– 4.50 कि0मी0 (3) केरार से बुलबुल लम्बाई– 9.35 कि0मी0 | (1) JH/LOH/01/ 2022-23 (2) JH/LOH/02 /2022-23 (3) JH/LOH/03/ 2022-23 | 17.10.2023 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 352202 (Lohardaga)25-26*D



## कार्यालय :– न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल

सूचना संख्या :– 1064 दिनांक 03.05.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अन्तर्गत लंबित निम्नलिखित अधिहरण वादों की अंतिम सुनवाई की तिथि 03 जून, 2025 को निर्धारित की गई है। संबंधित अधिहरण वाद से प्रभावित वादी/प्रतिवादी उक्त तिथि को स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखें अन्यथा निर्धारित तिथि को न्यायालय द्वारा इन वादों में एक पक्षीय निर्णय ले लिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्त वाहन की पंजीयन संख्या | अधिहरण वाद में अभियुक्तों का नाम एवं पता | जप्त वाहन का थाना कांड संख्या | जप्त वाहन का वन क्षेत्र पदाधिकारी का पत्रांक एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03/2020 | साल बली 57 पीस | ट्रैक्टर मॉडल 275 डी0आई0 लाल रंग का JH08D-8551 | दुलेसर गंझु पिता रमन गंझु, सा0– कारी, देवरिया, थाना– चतरा, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 501 दिनांक 13.05.2020 |
| 2 | 06/2021 | चिरान पटरा 41 पीस | महिन्द्रा सुप्रो मेक्सी ट्रक संख्या– JH13G-8216 | 1. श्री संजय कुमार साहु पिता अज्ञात, सा0+ थाना– लावालौंग, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 227 दिनांक 15.02.2021 |
| 3 | 03/2016 | 38 पीस साल बोटा | ट्रक संख्या– JH01X-7351 | 1. श्री शंकर शर्मा पिता स्व0 हरिराम शर्मा, सा0– बारियातु, थाना– बालुमाथ, जिला– लातेहार। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 203 दिनांक 13.04.2016 |
| 4 | 01/2021 | करम चिरान 50 पीस | पिकअप भैन Reg.-JH13F-9613 | 1. मो0 शहनवाज पिता नसीम सा0– बिंड महल्ला, थाना + जिला– चतरा। | – | चतरा प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 790 दिनांक 28.08.2021 |
| 5 | 10/2021 | सेमल चिरान लकड़ी 65 पीस | मैजिक वाहन संख्या- JH01AZ-6477 | 1. श्री जितेन्द्र भगत पिता चाँरी राम, सा0– बसिया बिंग टोला, बसिया, जिला– गुमला (झारखण्ड) | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, सिमरिया वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 216 दिनांक 31.05.2021 |
| 6 | 01/2023 | 25–26 टन कोयला | ट्रक संख्या- JH02AW-5317 | 1. अखिलेश प्रसाद पिता निर्मल साव सा0– सेरेनदाग, बगरा थाना– सिमरिया जिला– चतरा। | पुलिस अधीक्षक, चतरा का ज्ञापांक 6395/अप0शा0 दिनांक 20.12.2022 | – |
| 7 | 12/2022 | बोल्डर पत्थर 100CFT | ट्रैक्टर इंजन संख्या- 33/008/SRB0762A एवं टेलर बिना नम्बर | 1. मो0 आरिज पिता मो0 अब्दाल सा0– बिंड महल्ला, अंसार नगर, थाना + जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 445 दिनांक 05.05.2022 |
| 8 | 03/2022 | कोयला 20 टन | 12 चक्का ट्रक संख्या- JH02AC-9076 | 1. श्री शंकर बाड़ा पिता राम बाड़ा, सा0– कोजिया, पो0– मनातु, थाना– केरेडारी, जिला– हजारीबाग। 2. श्री सैलेश कुजुर पिता एतवा कुजुर, सा0– अनगडा, पो0– चोपे, थाना– सिमरिया, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 331 दिनांक 10.03.2022 |
| 9 | 04/2015 | सोना छाल 37 बोड़ा | ट्रक संख्या- JH02AA-4711 | 1. श्री सनाउला अंसारी, पिता मुस्तकीम मियाँ, सा0– बेला पेटो, थाना– केरेडारी, जिला– हजारीबाग। 2. संतोष कुमार, पिता दशरथ चौधरी, सा0– धनगडा, थना– टण्डवा, जिला– चतरा। 3. फारूक पिता अज्ञात, सा0– बहेरा, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी,टण्डवा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 44 दिनांक 31.01.2015 |
| 10 | 17/2021 | – | जे0सी0बी0 (मशीन TEREX), TYPE-TLB7405, Serial No. TVE SC12AN-07-A-740-4407 | 1. श्री प्रदीप दाँगी पिता भुनेश्वर राम दाँगी, सा0– चंगेर, थाना+जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 978 दिनांक 12.11.2021 |
| 11 | 05/2021 | 40 पिस सखुआ बोटा | 12 चक्का ट्रक लाल रंग का Reg. No. BR01GB-9310 चेचिस संख्या- MA-T466416133P36021 इंजन संख्या– B591803111M63211326 | 1. श्री अरूण कुमार पिता चमरू गोप, सा0– नौरपुर, थाना– बाजार समिति सिमली, मुरारपुर, जिला–पटना, पिन कोड– 800003। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 123 दिनांक 28.01.2021 |
| 12 | 20/2022 | कोयला 20 टन | 12 चक्का ट्रक संख्या- JH02Z-3535 | 1. श्री गणेश नायक पिता स्व0 जुगल नायक 2. संजय यादव पिता कुलदीप यादव दोनो का सा0– बड़गाँव, थाना– टण्डवा, जिला– चतरा। 3. राजु राम पिता भुनेश्वर राम, सा0– मुरपा, थाना– बालुमाथ, जिला– लातेहार। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, टण्डवा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 492 दिनांक 12.11.2022 |
| 13 | 07/2019 | साल लकड़ी (बोटा)– 1 पीस, | होण्डा लिवो मोटरसाईकिल संख्या- JH01-CK-0979 | 1. श्री बालेश्वर दाँगी पिता स्व0 मंगर महतो सा0– चंगेर, थाना+जिला– चतरा। 2. रंजीत कुमार राणा पिता बालदेव राणा, सा0– टीकर, थाना+जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 429 दिनांक 26.05.2019 |
| 14 | 11/2020 | 1. गिला कत्था लगभग 7 कि0ग्रा0 2. डेक्चा–10 पीस 3. खैर लकड़ी–05 पीस | – | 1. सुधीर पासवान पिता अरूण पासवान, सा0– मारंगी, थाना– गिद्धौर, जिला– चतरा। | – | वन क्षेत्र पदाधिकारी, चतरा वन प्रक्षेत्र का ज्ञापांक 916 दिनांक 21.10.2020 |

PR 352273 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D

प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।

# देबोसमीता ने सीबीएसई परीक्षा में 85.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल की सफलता

● यूपीएससी से प्रशासनिक सेवा में जाने की है आकांक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** देबोसमीता भादुड़ी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में 85.02% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की है। विषयवार उन्होंने अंग्रेजी में 90, हिंदी में 83, समाज विज्ञान में 93, सूचना तकनीक में 86 तथा विज्ञान में 74 अंक प्राप्त किए हैं। गणित, जो कि उनका अतिरिक्त विषय था, उसमें उन्होंने 41 अंक अर्जित किए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता अवकाश प्राप्त प्रशासनिक पदाधिकारी डी एन भादुड़ी, परिजनों, शिक्षकों, मित्रों एवं रिश्तेदारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। जब देबोसमीता से उनके भविष्य की योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विज्ञान और गणित में मेरे अंक संतोषजनक नहीं हैं, इसलिए मैं आगे कॉमर्स विषय लेकर पढ़ाई करना चाहती हूं। उन्होंने बताया कि उनके पिता सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें देखकर ही उनके मन में सिविल सेवा में जाने की प्रेरणा जगी है। देबोसमीता का सपना है कि वह यूपीएससी की परीक्षा पास कर प्रशासनिक अधिकारी बनें और देश की सेवा करें। साथ ही, पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने की भी उनकी विशेष रुचि है। अपनी सफलता का श्रेय देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर और डीएवी स्कूल, लोहरदगा से हुई है। इन विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं, माता-पिता तथा बड़ी बहन, जो सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची में बीए ऑनर्स की छात्रा हैं, सभी का मार्गदर्शन और सहयोग उन्हें मिला है।

# सीबीएसई 12वीं साइंस की जिला टॉपर बनी जिकरा



**लोहरदगा।** सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट मंगलवार को जारी की गई है इसमें जिले की जिकरा परवेज ने 93.2 प्रतिशत अंक लाकर जिले की टॉपर बन गई है। हाल ही में आईसीएसई बोर्ड में जिकरा के छोटे भाई रेयान परवेज भी अव्व ल रहे थे। नगर क्षेत्र के राहतनगर निवासी गैरेज मैकेनिक परवेज आलम और गृहणी शहनाज परवीन की पुत्री ने जिला टॉप कर बालिका शिक्षा को नई ऊंचाई दी है। जिकरा परवेज का आईसीएसई बोर्ड में भी बेहतर प्रदर्शन रहा था। उनकी सफलता पर सिर्फ परवेज परिवार ही नही स्कूल प्रबंधन और जिलेवासी गौरान्वित महसूस कर रही हैं। जिकरा ने जीटीपीएस विद्यालय से सीबीएसई 12वीं की परीक्षा दी थी।

# डॉक्टर बन गरीबों की सेवा कर पिता के सपनों को पूरा करूंगी : नीरजा शर्मा

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में लोहरदगा निरीक्षण समिति के सदस्य जय प्रकाश शर्मा और रितु शर्मा की पुत्री नीरजा शर्मा ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए कुल 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि से न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे परिवार और समाज का मान बढ़ाया है। नीरजा ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, स्वाध्याय और विषयों के प्रति गंभीरता को दिया। विशेष बात यह रही कि उन्होंने किसी भी प्रकार की ट्यूशन सहायता नहीं ली और स्वयं के प्रयासों से यह कीर्तिमान स्थापित किया। भविष्य की योजनाओं के बारे में बताते हुए नीरजा ने कहा, "मैं विज्ञान विषय लेकर डॉक्टर बनना चाहती हूं। मेरे पिता का सपना है कि लोहरदगा में एक ऐसा चैरिटी हॉस्पिटल हो, जहां गरीबों का निःशुल्क अथवा कम लागत में इलाज हो सके। मैं डॉक्टर बनकर उनके इस सपने को साकार करना चाहती हूं।" नीरजा की यह सोच और संकल्प समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो यह दर्शाता है कि आज की पीढ़ी न केवल अपने कैरियर को लेकर जागरूक है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।


## कार्यालयः- जिला परिषद, लातेहार

**बस पडाव महुआडांड की बन्दोबस्ती वर्ष 2025-26**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस पड़ाव महुआडांड। (दिनांक 01.06.2025 से 31.03.2026 तक) | महुआडांड | 19/05/2025 | 11:00 AM | 7,50,980 | 75,100 |

नोट :-
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 20/05/2025 को पूर्वाहन्/~~अपराह्न~~ 11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 21/05/2025 को पूर्वाहन्/~~अपराह्न~~ 11:00** बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 352279 Rural Development(25-26)#D


## न्यूज बॉक्स

### शिव मंदिर प्रांगण में हुई महाआरती का आयोजन



**लोहरदगा।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल, लोहरदगा द्वारा सोमवार शाम 7 बजे छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव शिव मंदिर प्रांगण में महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "हिंदू धर्म में बुद्ध पूर्णिमा का विशेष महत्व है। वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को भगवान विष्णु के नवम अवतार गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। अतः यह दिन अत्यंत पावन और श्रद्धेय है।" कार्यक्रम का संचालन सत्यम कुमार ने कुशलता से किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री संजय अग्रवाल को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, "आज भगवान बुद्ध की 2587वीं जयंती है। इस दिन बोधगया में विश्वभर के बौद्ध अनुयायी एकत्र होते हैं और बोधि वृक्ष की पूजा करते हैं। यह दिन शांति, करुणा और ज्ञान का प्रतीक है।" विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, सतीश जयसवाल, पवन तिग्गा, आनंद सिंह एवं श्रवण कुमार सिंह उपस्थित थे। मंदिर के पुजारी गोपाल शर्मा द्वारा भगवान शिव की पूजा व महाआरती कराई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और भक्ति भाव से भाग लिया। मौके पर अंतरा कुमारी, अनीता देवी, बीना देवी, मीरा अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के भौंरो गांव में मंगलवार को युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है। मृतक युवक की पहचान भौंरो गांव निवासी स्वर्गीय तेतरा साहू करीब 27 वर्षीय पुत्र पप्पू साहू के रुप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक के पिता स्वर्गीय तेतरा साहू का घर में श्राद्ध कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान पप्पू घर से किसी काम की बात कहते हुए मलंग टोली चला गया। जहां सड़क के किनारे एक इमली पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक श्राद्ध कार्यक्रम में नहीं पहुंचने पर पता करने पर मलंगटोली स्थित एक पेड़ में झुलता मिला। इसी दौरान उसे फांसी के फंदे से निकाल कर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पप्पू का एक वर्ष पूर्व ही शादी हुआ था। आत्महत्या के कारणों का अबतक कुछ पता नहीं चल पाया है।

### शोकसभा आयोजित कर दिवंगत रोजगार सेवक को दिया गया श्रद्धांजलि



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में दो मिनट का शोकसभा आयोजित कर दिवंगत रोजगार सेवक को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया विदित हो कि रविवार शाम को प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत में कार्यरत रोजगार सेवक प्रवीण कुमार का सड़क दुर्घटना में देहान्त हो गया था। जिस निमित प्रखंड कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दिया गया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि प्रवीण मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति था। जो कार्य के प्रति हमेसा सजग रहता था। जिसका असामयिक मृत्यु से प्रखंड कार्यलय को अपूरणीय क्षति हुई है.साथ ही प्रखंड व अंचल कर्मियों द्वारा भी अपने दिवंगत साथी को अश्रुपूरित नेत्र से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। शोकसभा के पश्चात दो बजे के बाद मनरेगा कर्मियों के द्वारा कार्य स्थगित कर दिया गया।

### दुष्कर्म की नीयत से घर में घुसा अरोपी, गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहित महिला के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार भड़गांव ग्राम निवासी स्व.हुसैन अंसारी का पुत्र सुलेमान अंसारी गांव के ही एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के नियत से 12 मई को रात में लगभग 8 बजे महिला के घर का दरवाजा तोड़कर घुस गया और जबरन महिला का कपड़ा को खोलने का प्रयास करने लगा। किसी तरह आरोपी के चुंगल से बच कर महिला हो हल्ला करने लगी। महिला का हल्ला सुन आस पड़ोस के लोग जुट गये तथा महिला का पति भी आ गया। महिला का पति और ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर स्थानीय पुलिस को सूचना दिया। वही सूचना मिलते ही मौके पर पंहुच कर पुलिस द्वारा आरोपी को पकड़ लिया। महिला द्वारा लिखित आवेदन देने दिया गया। आरोपी सुलेमान अंसारी द्वारा महिला के साथ गलत हरकत करने के कारण गांव की अन्य महिलाओं में भय बना हुआ है। वही थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि थाना क्षेत्र के भडगांव निवासी सुलेमान अंसारी के द्वारा गांव के ही एक महिला के साथ गलत नियत से जबरन छेड़खानी करने का कोसीस किया जा रहा था। जिस मामले में महिला द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था। जिसके आधार पर करवाई करते हुए छेड़खानी के आरोपी सुलेमान अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### डीएवी स्कूल में होगा स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम : प्राचार्य



**लोहरदगा।** लोहरदगा के एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 70 छात्र-छात्राएं शामिल होगें। भारत स्काउट और गाइड जिला लोहरदगा के द्वारा 15 मई से द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य जीपी झा के निर्देशानुसार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान भारत स्काउट और गाइड के द्वारा बच्चों को व्हिपिंग, पायोनियरिंग, गांठें, बंधन , क्रॉफ्ट, खेल, गीत संगीत सहित विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के पश्चात् बच्चों के बीच प्रमाण पत्र का भी वितरण किया जाएगा।

# जिले में विकास के लिए प्रयासरत हूं: डॉ.रामेश्वर उरांव

● बगड़ू मेन रोड से ऊपर हिसरी तक 3.35 कि.मी. सड़क निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किस्को प्रखंड में बगड़ू मोड़ से ऊपर हिसरी तक 3.35 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. उरांव ने कहा, "लोहरदगा ज़िले में प्राथमिकता के आधार पर निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। बगड़ू से ऊपर हिसरी मार्ग लंबे समय से जर्जर था, जिससे ग्रामीणों को आवाजाही में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए इस सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इससे पहले भी ज़िले में कई सड़क परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जिससे आवागमन सुगम हुआ है। आने वाले समय में लोहरदगा में सभी प्रकार की आधारभूत संरचनाओं का विकास तेज़ी से किया जाएगा। मैं लोहरदगा के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हूँ।" मौके पर हाजी शकील अहमद (कार्यकारी जिलाध्यक्ष), निशीथ जयसवाल (विधायक प्रतिनिधि), संदीप गुप्ता (जिप सदस्य), विशाल डुंगडुंग, संभु प्रजापति, अरसद अयूब, सामूल अंसारी, सदरुल अंसारी, यूनुस अंसारी, तनवीर गौहर, अनीश अहमद, ऐनुल अंसारी, इकरामूल अंसारी, रौनक़ इक़बाल, असलम अंसारी, राजू उरांव, दानिस अली, शेख सादिक़, रियाजुल अंसारी, ख़ालिद शाह, मनीष कुजूर, मोज़ाहिर अंसारी, कबीर अंसारी, ज़फ़र इमाम, संजू तुरी, मनीष उराँव, राजेंद्र लकड़ा, पुनीता उराँव, अमनी उराँव आदि उपस्थित थे।

# वेतन नहीं तो काम नहीं, नगर परिषद लोहरदगा में 19 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा के कर्मचारियों द्वारा एक गंभीर आरोप लगाया गया है कि जब से एनजीओ नगर परिषद में कार्य कर रहा है, तब से कर्मचारियों को वेतन की नियमितता में गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें कभी सही समय पर वेतन नहीं मिलता, न ही उनके ईपीएफ नंबर, सूचक सहित अद्यतन हिसाब, पहचान पत्र और ईएसआई कार्ड प्रदान किया गया है।

कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर परिषद के सभी संसाधन जैसे गाड़ी, कार्यालय और वेतन की राशि नगर परिषद की है, लेकिन एनजीओ के द्वारा उनका ठेकेदार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि एनजीओ के हेड ने कहा था कि वे "सहभागी" हैं, ठेकेदार नहीं। इसके बावजूद, पिछले चार महीनों में केवल एक महीने का वेतन ही कर्मचारियों को प्राप्त हुआ है।


## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
## न्यायालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 27.05.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभियुक्त का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 07/2025 | साल प्रजाति का बोटा कुल-11 पीस (5 फीट 8 इंच X 3 फीट-1 पीस; 6 फीट 5 इंच X 3 फीट 2 इंच-1 पीस; 7 फीट X 2 फीट 9 इंच-1 पीस; 5 फीट 11 इंच X 2 फीट 9 इंच-1 पीस; 4 फीट 9 इंच X 3 फीट 2 इंच-1 पीस; 7 फीट 5 इंच X 2 फीट 8 इंच-1 पीस; 9 फीट X 3 फीट 6 इंच-1 पीस; 7 फीट 8 इंच X 2 फीट 4 इंच-1 पीस; 5 फीट 8 इंच X 2 फीट 9 इंच-1 पीस; 10 फीट 3 इंच X 1 फीट 11 इंच-1 पीस एवं 6 फीट 8 इंच X 3 फीट 3 इंच-1 पीस) | अज्ञात | |
| 2. | 17/2025 | सलई प्रजाति का बोटा कुल-10 पीस (7 फीट 4 इंच X 49 इंच-1 पीस; 7 फीट 6 इंच X 50 इंच-1 पीस; 7 फीट 3 इंच X 36 इंच-1 पीस; 7 फीट 6 इंच X 36 इंच-1 पीस; 8 फीट 6 इंच X 40 इंच-1 पीस; 7 फीट 9 इंच X 39 इंच-1 पीस; 7 फीट 4 इंच X 40 इंच-1 पीस; 7 फीट 1 इंच X 40 इंच-1 पीस; 7 फीट 7 इंच X 48 इंच-1 पीस एवं 6 फीट 7 इंच X 49 इंच-1 पीस) | अज्ञात | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 352286 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।

**प्रेस विज्ञप्ति**

M/s Sugriw Pandey, Nagarutari, Dist - Garhwa संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-II-LAT-03/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD - 22/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 04.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 30.03.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 369 दिनांक 15.04.2023, पत्रांक 594 दिनांक 22.05.2023, पत्रांक 928 दिनांक 18.08.2023, पत्रांक 1198 दिनांक 06.12.2024, पत्रांक 147 दिनांक 08.02.2025 एवं पत्रांक 413 दिनांक 17.04.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अतः निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यों न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 352260 (REO) 25-26 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**(2025-2026) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य**

**अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-DWSD/RM/01/2025-26 (1st Call)**

1. विभाग का नाम :- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/डाउनलोड की तिथि/समय :-17.05.2025 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :-23.05.2025 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :-23.05.2025 को 04.00 बजे अपराहन् में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :-कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :-कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी:- नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की तिथि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | पाटन(11 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 02 | पाटन(11 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 03 | पड़वा | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 04 | मेदिनीनगर | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 05 | सतबरवा | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 06 | चैनपुर(13 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 07 | चैनपुर(12 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 08 | रामगढ़ | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 09 | विश्रामपुर | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 10 | नावा बजार | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 11 | उँटारी रोड | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 12 | पाण्डू | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 13 | मनातू | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 14 | तरहसी | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 15 | पाँकी(13 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 16 | पाँकी(12 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 17 | लेस्लीगंज | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 18 | हुसैनाबाद(11 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 19 | हुसैनाबाद(11 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 20 | हैदरनगर | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 21 | मोहम्मदगंज | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 22 | नौडीहा बाजार | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 23 | छत्तरपुर(10 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 24 | छत्तरपुर(10 पंचायत) | 50 | 48642.00 | 1000.00 | 250.00 | 02 (दो) माह |
| 25 | पिपरा | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |
| 26 | हरिहरगंज | 100 | 97285.00 | 2000.00 | 500.00 | 02 (दो) माह |

कृ0 पृष्ठ उ0..

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से स्वीकृति उपरान्त राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
मेदिनीनगर

PR 352299 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0-02,गढ़वा।

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या-RDD/SD/GARHWA/18/2024-25_RE(2ND Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड मेराल के ग्राम हसनदाग में मेराल पथ से चार मुहान हरिजन टोला मध्य विधालय होते हुए चरक पथली लगमा जरही पथ तक 1500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 42,99,227.00 | 86,000.00 | 5000.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.06.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक-15.06.2025 से दिनांक-22.06.2025 को अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0-02,गढ़वा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय-24.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0-02,गढ़वा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० -8789191801 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0-02, गढ़वा।

PR 352285 Rural Development(25-26)D

## खबर का असर

# राष्ट्रीय नवीन मेल की रिपोर्ट के बाद हटाया गया जला हुआ ट्रक का मालवा

**पालकोट (गुमला)।** राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर अब ज़मीनी स्तर पर दिखने लगा है। चौक टांगरा के समीप नेशनल हाइवे पर कई दिनों से पड़ा जला हुआ ट्रक आखिरकार प्रशासन ने हटाया। बघिमा और पालकोट के बीच जंगल में स्थित काली मंदिर के पीछे चौक टांगरा के पास कुछ दिन पूर्व दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हुई थी। भीषण टक्कर के बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई थी, जिसमें एक चालक की मौत हो गई थी। हादसे के बाद से जले हुए ट्रक का मलबा उसी स्थान पर पड़ा हुआ था, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही थी। राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आई और तत्काल कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे पड़े जले ट्रक को हटाया। इससे न केवल रास्ता साफ हुआ, बल्कि लोगों की आवाजाही में भी अब काफी सुविधा हो गई है। गुमला-पालकोट क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई पर प्रसन्नता जताई है और राष्ट्रीय नवीन मेल को इस मुद्दे को उठाने के लिए धन्यवाद दिया है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी प्रशासन इसी तरह संवेदनशीलता दिखाएगा और आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से ले।




# आदिवासियों की जमीन पर हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : सांसद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पबीरा लापुंग में केरकेट्टा 22 पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । सांसद ने विधिवत फीता काटकर जतरा कार्यक्रम का शुभारंभ किये। मौके पर सांसद ने कहा कि जतरा आदिवासियों की पहचान है। यह परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। इसे हम सबों को और बेहतर ढंग से करना है। जतरा, अखड़ा, नगडा, मांदर, नृत्य यह सब आदिवासियों की परंपरा से जुड़ा हुआ है। श्री भगत ने कहा कि हमारी पुरखा की जमीन पर बहुत से स्थान में हस्तक्षेप किया



जा रहा है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में यह सब नहीं चलेगा। श्री भगत ने कहा कि यह पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में आता है। क्षेत्र के विकास के लिए आदिवासी सब प्लान की राशि आती है । उन्होंने लोगों से हाड़ी- दारु कम करने एवं अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किये ।मैंने सरना धर्म कोड़ का मामला को संसद में उठाया है और सरना धर्म कोड़ केंद्र सरकार से लड़कर लेंगे। इस दौरान सांसद ने जतरा में आए सभी खोड़हा दलों के लोगों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, लोहरदगा इंटक अध्यक्ष आलोक कुमार साहू, हीरा मुंडा पड़हा राजा, सीनू मुंडा, सोमरा मुंडा, चैतन्य मुंडा, योगेंद्र मुंडा, मादी मुंडा, दीपक केरकेट्टा,वीरेंद्र यादव, गंगा भगत, लच्छू उरांव ,महादेव उरांव ,बंधू उरांव,मंगा तिर्की सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानलेवा नाली निर्माण खतरे में है आमजन की जान

**लोहरदगा।** जिले से गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग NH-143 पर बना नाली निर्माण घटिया निर्माण कार्य का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। नाली के खुले और खतरनाक ढांचे के चलते अब तक कई बार वाहन इसमें फंस चुके हैं, जिससे दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार अब तक कई मवेशी भी इस गड्ढेनुमा नाली में गिरकर घायल हो चुके हैं। स्थानीय नागरिकों में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो संबंधित विभाग कोई सुध ले रहा है और न ही जनप्रतिनिधियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया आई है।"हर मंच पर सड़क सुरक्षा की बातें होती हैं, लेकिन क्या इस प्रकार की खामियां उस दायरे में नहीं आतीं?" – यह सवाल अब हर स्थानीय नागरिक के मन में उठ रहा है। प्रशासन की चुप्पी और ठेकेदार की लापरवाही मिलकर जनता की जान को खतरे में डाल रही है। क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही इस पर कार्रवाई होगी?

### हेसल बसारडीह में आयोजित हुआ मेगा हेल्थ कैंप

**लोहरदगा।** विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल बसारडीह में एक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में चार जिलों के 63 गांवों से 148 मरीजों ने भाग लिया और उन्हें निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में रांची के प्रसिद्ध नस, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय प्रसाद, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. के. गुप्ता, जनरल फिजिशियन डॉ. डी. के. खेस और दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुभवी कुमार द्वारा रोगियों का इलाज किया गया। कुल 148 मरीजों में से 27 नेत्र रोग, 64 हड्डी, जोड़ एवं नस संबंधित समस्याओं, 5 दंत रोग और 48 सामान्य रोग जैसे बुखार, कमजोरी, सर्दी, खांसी, आदि से पीड़ित थे। इस अवसर पर 11 रोगियों के एक्स-रे, 2 मरीजों का ईसीजी और 30 मरीजों के लिए 86 प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचें भी निशुल्क की गईं। अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, फार्मासिस्ट वरुण सिंह, लैब टेक्नीशियन सुखमय कुंडू, रिसेप्शनिस्ट अरुण राम, और अन्य कर्मचारियों ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के आयोजन में जमुना देवी, मुकेश साहू, अनीता केरकेट्टा, अंशु कुमारी, सावित्री तिर्की, प्रीति तिर्की समेत अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के टोटो फटकपुर निवासी 27 वर्षीय फगुआ उरांव की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक को सोमवार सुबह घायल अवस्था में सदर अस्पताल लाया गया था, जहां से गंभीर हालत में रिम्स रेफर किया गया। परिजन उसे गुमला के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। रात करीब 10 बजे मृत शरीर को दोबारा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर परिजनों के बयानों में विरोधाभास सामने आया है। अस्पताल में साथ आए युवक ने मारपीट में घायल होने की बात कही, जबकि अन्य परिजन सिर में चोट गिरने से लगने की बात कह रहे हैं। बताया जा रहा है कि युवक गढ़वा जिले के नगर उटारी में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। वहीं गिरने से उसे चोट लगी थी, लेकिन गढ़वा में इलाज नहीं कराकर गुमला लाया गया, जिससे संदेह और गहराया है। परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए और शव को घर ले गए। फिलहाल मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### पाक सेना के समर्थन में वीडियो पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गुमला।** गुमला शहर के दानिश नामक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर पाकिस्तान सेना का मिसाइल वीडियो शेयर कर उसके पक्ष में प्रचार करने का मामला सामने आया है। वीडियो वायरल होते ही हिंदु संगठनों में आक्रोश फैल गया। संगठन के सदस्यों ने आरोपी पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही। जानकारी मिलते ही गुमला पुलिस हरकत में आई और आरोपी युवक को त्वरित कार्रवाई करते हुए हिरासत में ले लिया। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है और सोशल मीडिया पोस्ट के हर पहलू की जांच की जा रही है। इस संबंध मे गुमला के पुलिस उपाधिक्षक सुरेश प्रसाद यादव, ने कहा की "एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के पक्ष में आपत्तिजनक पोस्ट करने की जानकारी मिली थी। उसे तुरंत हिरासत में लिया गया है। पूछताछ जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।"

#### जन सुनवाई में उमड़ा जनसैलाब

## उपायुक्त ने समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभा कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस जन सुनवाई कार्यक्रम में जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राथमिकता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान चिरगांव पंचायत की आरती कुमारी ने दिल्ली से सकुशल घर वापसी पर जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए अपनी आगे की पढ़ाई की इच्छा जताई। उपायुक्त ने उन्हें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु समुचित सहयोग प्रदान करने का निर्देश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। सिसई प्रखंड की पूनम कुमारी ने अपने भाई योगेश उरांव को पंजाब से सकुशल वापस लाने की मांग की, जिसे धोखे से ले जाकर 50,000 रुपये में बेच दिए जाने की आशंका जताई गई।

#### पारंपरिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ ऐतिहासिक जेठ जतरा

# युवाओं के बीच पारंपरिक पड़हा जतरा का आयोजन आवश्यक : मुकेश उरांव

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** चढ़ते जेठ के महीने में भरनो के प्रसिद्ध जतरा बगीचा में दो दिवसीय ऐतिहासिक जेठ जतरा का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। जेठ जतरा 21 पड़हा समिति भरनो के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में भरनो समेत तुरिअम्बा, मरसिल्ली, कुम्हरो, सतीटोली, नवाटोली, समसेरा, कमलपुर, कैरो, मलगो, दुम्बो जैसे दर्जनों गांवों से खोड़हा दल सरना झंडा लेकर हाथी-घोड़े पर सवार होकर शामिल हुए। जतरा का उद्घाटन पूर्व मुखिया सूरजमनी उरांव, मुखिया मुकेश उरांव, पंसस बिरसा उरांव एवं पहान-पुजारा द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर व फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जतरा कमिटी के अध्यक्ष मुखिया मुकेश उरांव ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और सभ्यता से दूर होती जा रही है, जिसे पुनर्जीवित करने के लिए इस प्रकार के पारंपरिक पड़हा जतरा का आयोजन आवश्यक है।





उन्होंने समाज से अंधविश्वास, नशा व डायन बिसाही जैसी कुरीतियों को त्यागने और बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में खोड़हा दल के प्रतिभागियों को जतरा कमिटी द्वारा पुरस्कार व सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सूरजमनी उरांव, तेतरा पहान, सुरेश उरांव, बिरसा उरांव, एतवा उरांव, नगवा पहान, शनिराम भगत, रंजीत उरांव, बप्पी उरांव, लधुवा उरांव, मनसा उरांव, जयराम उरांव, पिंटू बड़ाईक, चरवा उरांव, फूलकुमारी, सोमारी उरांव, सुकरमुनि उरांव, बसंती उरांव, चुमनी उरांव समेत कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## 89.8 प्रतिशत लाकर आर्य शाह बनीं विद्यालय टॉपर

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के लिए यह वर्ष गौरवपूर्ण रहा है। सीबीएसई की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के सभी भैया-बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। विज्ञान संकाय में आर्य शाह ने 89.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं अभय कुमार ने 84.2% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और आराधना कुमारी ने 83.6% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में आर्यन मिश्रा ने 67.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम किशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, सह सचिव त्रिभुवन शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक मुकुल, सदस्य प्रमोद कुमार साबू और कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास ने



विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने सभी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त परिश्रम का परिणाम है। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने भी सफल भैया-बहनों को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नाबालिग के साथ छह युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना अंतर्गत गिद्ध खोता गांव में शादी समारोह में भाग लेने आई एक नाबालिक लड़की को अगवा कर 6 युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया है। घटना 10 मई की रात की है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार की अपराह्न 4 बजे छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 10 मई को गांव में शादी समारोह में भाग लेने लड़की गई थी। देर रात को शौच के लिए चार लड़कियां बाहर निकली। तभी पेड़ के नीचे बैठे छः लड़कों की नजर उन पर पड़ी। उनका पीछा किया और चारों लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद में उन्हें जंगल की ओर ले जाने लगे तभी तीन लड़कियां किसी तरह उनकी चंगुल से भाग गई। जबकि एक लड़की को पकड़ कर जंगल ले गए। जहां रात भर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस बीच लड़की बेहोश हो गई। होश आने के बाद एक युवक उसे रास्ता में लाकर छोड़ दिया। लड़की सुबह किसी तरह अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों



को दी। जिसके बाद परिजन सुरसांग थाना पहुंचे और 6 लड़कों के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए 6 लड़कों को गिरफ्तार कर लिया। वही लड़की का मेडिकल कराया गया। पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार अभियुक्तों में सुरसांग थाना क्षेत्र के बुका गढ़ा निवासी 18 वर्षीय सुरेंद्र नगेसिया पिता बहुरा नगेसिया, 18 वर्षीय संजू राम पिता चमन राम, 18 वर्षीय दिनेश तिर्की उर्फ़ नितिन पिता बुद्धदेव उरांव पूरनापानीं निवासी 23 वर्षीय विमल कुमार पिता स्वर्गीय टर्टियस कुजूर, सिमडेगा जिला पकर टांड़ थाना अंतर्गत ग्राम सिरूप धीर्या निवासी 18 वर्षीय अर्पण रोशन सोरेन पिता सुमन सोरेन और 24 वर्षीय अमरदीप कुल्लू पिता जुस्टिन कुल्लू शामिल हैं।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना

( चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल )

गढ़वा थाना कांड सं0–516 / 2024 दिनांक–27.09.2024 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0–JH14J0404 इंजन नं0–HA11EVNHC62324 एवं चेचिस नं0–MBLHAW110NHC47413 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अत: आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 352268 (Police)25-26*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार**

प्रेस विज्ञप्ति

A.K. & R.K. Ventures J.V., Singrakhurd, Daltonganj, Palamau संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-LAT-08/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD-21/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 03.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.12.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 592 दिनांक 22.05.2023, पत्रांक 1196 दिनांक 06.12.2024 एवं पत्रांक 146 दिनांक 08.02.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अत: निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

इसे अंतिम स्मार–पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, लातेहार

PR 352267 REO(25-26).D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

आवश्यक सूचना।

( चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल )

गढ़वा थाना कांड सं0–473 / 2024 दिनांक–07.09.2024 धारा–303(2) बी0 एन0 एस0 2023 में चोरी गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजि0 नं0– JH03AD1267 इंजन नं0–HA11EDMHC40873 एवं चेचिस नं0– MBLHAW12XMHC16581 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अत: आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 352263 Police(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

प्रेस विज्ञप्ति

Reasonable Enterprises PVT, LTD, Palamu संवेदक के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत अकराही टोला पी0सी0सी0 पथ से मुर्गीडीह होते हुए मंगरा पंचायत सचिवालय तक पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 F2- - 13/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 20.02.2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 19.05.2024 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 1201 दिनांक 07.12.2024 एवं पत्रांक 422 दिनांक 19.04.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अत: निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 352262 (REO) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

प्रेस विज्ञप्ति

Ram Krishna Shukla, Singra Khurd, Daltongnaj, Palamau संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-II-LAT-01/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD-07/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 22.07.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 30.03.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 373 दिनांक 15.04.2023, पत्रांक 578 दिनांक 20.05.2023 पत्रांक 1183 दिनांक 09.11.2023 पत्रांक 1191 दिनांक 06.12.2024 एवं पत्रांक 145 दिनांक 07.02.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अत: निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

इसे अंतिम स्मार–पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 352256 (REO) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

प्रेस विज्ञप्ति

M/s Dubey Construction, Baralota, GLA Collage, Daltonganj, Palamau संवेदक के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत पैकेज सं0 JH-LWE-LAT-09/2021-22 का कार्य कराया जा रहा है, जिसका एकरारनामा सं0 SBD-19/2022-23 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ करने की तिथि 03.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.09.2023 है, जो कार्य पूर्ण करने का समयावधी पूर्व में ही समाप्त हो चुका है। इस कार्यालय का पत्रांक 724 दिनांक 20.08.2022, पत्रांक 1269 दिनांक 09.12.2023, पत्रांक 142 दिनांक 12.02.2024, पत्रांक 1190 दिनांक 06.12.2024 एवं पत्रांक 347 दिनांक 04.04.2025 के द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु लिखित आदेश देने के बाद भी आपके द्वारा अब तक कार्य पूर्ण नही किया गया है, जो खेद का विषय है।

अत: निदेशानुसार आपको सूचित किया जाता है कि इस कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर क्यो न नियमानुसार एकरारनामा की शर्तो के तहत एकरारनामा को विखंडित कर जमानत की राशि जब्त करते हुए आपके निबंधन को कालीसूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाय।

इसे अंतिम स्मार–पत्र समझें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 352252 REO(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उसी पुराने ढंग से न जीते रहें। अपने जीवन को सुधारने के लिए कुछ करने का दृढ़ निश्चय कर लें और फिर उसे पूरा करें। अपनी चेतना को परिवर्तित करें, केवल उतना ही करने की आवश्यकता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### ऑपरेशन सिंदूर पाया बहुत खोया कम

ऑपरेशन सिंदूर (प्रथम) की शानदार सफलता पर भारतीय जनमानस ने एक स्वर में सेनाओं और राजनीतिक नेतृत्व को बधाई दी थी। दूसरे चरण के अड़तालीस घंटों के अंदर ही हमारी सेनाओं की स्वर्णिम सफलता पर नकारात्मक सोच वाले शंकालु बेतुके सवाल और टिप्पणियां करने लगे। अतः समीचीन होगा कि तटस्थ और वैज्ञानिक अन्वेषण से निकली सच्चाइयों को इस सवालिया कुहासे के ऊपर उभरने दिया जाए। पहले इन सवालों पर एक नजर-पहला पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असीम मुनीर ने अपने गैरजिम्मेदाराना वक्तव्यों और कृत्य के लिए माफी नहीं मांगी है। दूसरा, पाकिस्तानी सेनाओं ने सन 1971 जैसा आत्मसमर्पण नहीं किया। तीसरा, पहलगाम के हत्यारे आतंकियों को अब तक भारत के हवाले नहीं किया। चौथा, पीओके का भारत में विलय नहीं किया गया। पांचवां, पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने पर भारत ने कब्जा नहीं किया। छठा, पाकिस्तान ने कोई गारंटी नहीं दी कि भविष्य में आतंकी सरगनाओं को पनाह नहीं देगा और सातवां सवाल, भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बनने के बावजूद अपनी समृद्धि को युद्धोन्माद पर लुटाने की स्थिति में नहीं है। छिद्रान्वेषी हर सूरत में कोई न कोई सवाल उठाते रहेंगे। फिर भी उनके उत्तर देना जरूरी है। अतः इन सवालों के उत्तरों पर आएं। कोई भी देश सैन्य कार्रवाई से पहले अपने लक्ष्य निर्धारित करता है। सैनिक अभियान और उन्मादित भीड़ में यही मौलिक अंतर होता है। ऑपरेशन सिंदुर के दूसरे चरण का मूल लक्ष्य आक्रामक था ही नहीं। इसका लक्ष्य सिंदूर प्रथम चरण में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर किए गए कारगर भारतीय हमले से दहले पाकिस्तान के युद्धोन्मादी सेना प्रमुख की गैरजिम्मेदाराना हरकतों का मुंहतोड़ जवाब देना भर था। इस सीमित मुठभेड़ को दोनों देशों ने अघोषित युद्ध में ही सिमटे रहने दिया। भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइल व लड़ाकू विमानों के हमलों का जवाब उसी की भाषा में दिया। पाकिस्तान ने तो राजस्थान की सीमा पर युद्धाभ्यास के बहाने अपनी स्थल सेना के टैंकों, बख्तरबंद गाड़ियों और तोपों को मोबिलाइज भी किया, पर भारत की स्थल सेना को अग्रिम क्षेत्र में मोर्चे संभालने का कोई आदेश नहीं दिया गया। यहां तक कि हमारी सरहदों की पहली सुरक्षा पंक्ति बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) को गृह मंत्री अमित शाह ने केवल सतर्क रहने और आवश्यकता पड़ने पर समुचित कार्रवाई करने का ही आदेश दिया। ये सभी तथ्य दिखाते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के द्वितीय चरण में भारत ने पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर कब्जा करने या पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को रौंदकर वापस हमारे गणतांत्रिक कश्मीर में मिलाने का लक्ष्य अपनी सेनाओं को दिया ही नहीं गया था। हर तरह से छेड़े जाने पर भी भारत ने आपा नहीं खोया व आणविक युद्ध की धमकी जैसी बचकानी हरकत करने से बचकर रहा। भुज व जैसलमेर से लेकर श्रीनगर तथा अवंतिपुरा तक पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। उसके जवाब में हमारी सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

*भारत ने पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइल व लड़ाकू विमानों के हमलों का जवाब उसी की भाषा में दिया।*

# ऑपरेशन सिंदूर : मोदी-उद्बोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान



ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ़ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ़ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक होगा।

पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

आज की बात



**ललित गर्ग**

प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है और भारत ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए न केवल पाकिस्तान को पस्त किया बल्कि दुनिया को चौंकाया भी है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली एवं सकारात्मक होने का आह्वान है। मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें इक्कीसवीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उसने भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है और ये स्थितियां हमने पाक के खिलाफ एक्शन में देख ली है।

मोदी ने भारतीय समाज में एकजुटता को अपरिहार्य बताया और कहा कि जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है।

मोदी ने अपने इस संबोधन से अनेक निशाने साधे हैं। उनके अनुसार 2047 तक विकसित मुल्क बनाने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। पाक एवं क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से विश्व राजनीति एवं आर्थिक विकास में नई आशा का संचार हुआ है। मोदी के पाक के खिलाफ एक्शन को स्थगित करने की खुशखबरी के साथ दुनिया में दो बड़ी सकारात्मक खबरें भी आशा की किरण बनी। एक आशा की किरण है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, दूसरी किरण तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह के लिये दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होना। यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आई सकारात्मक खबरों का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों में आया उछाल है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### मतलबी रिश्तों का महासंग्राम

पहले रिश्ते नाजुक शीशे की तरह होते थे, जिन्हें लोग सहेजकर रखते थे। अब रिश्ते मजबूत प्लास्टिक की तरह हो गए हैं-मोच खा जाएँ तो गरम हवा में सीधा कर लो, टूट जाएँ तो दो नए ले आओ। समय बदल गया है, भाईसाहब! अब रिश्ते भावनाओं से नहीं, सुविधाओं से संचालित होते हैं। एक बार गाँव के पंडित जी ने कहा था-"रिश्ते भगवान के वरदान होते हैं।" अब पंडित जी को कौन बताए कि भगवान भी अब डिजिटल हो गया है। रिश्ते ई-वॉलेट में सेव रहते हैं, ज़रूरत पड़ी तो उपयोग कर लो। मोहल्ले के शर्मा जी ने पड़ोसी गुप्ता जी से दस हज़ार उधार लिए थे। जब तक पैसे थे, शर्मा जी गुप्ता जी को "भैया" कहकर पान खिलाते थे। पैसे लौटाने की बारी आई तो शर्मा जी ने नया रिश्ता खोज लिया-"आप तो हमारे समधी तुल्य हैं!" गुप्ता जी समझ ही नहीं पाए कि कब भैया से समधी बन गए। मोबाइल में सेव रिश्तों की सूची अब नाम के अनुसार नहीं, उपयोगिता के अनुसार वर्गीकृत होती है। "कार के लिए मामा", "नौकरी के लिए फूफा", "फ्री ट्रीट के लिए दोस्त", और "सोशल मीडिया लाइक्स के लिए कज़िन"-ये आधुनिक रिश्तों के नए नाम हैं।



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

### सेहत से खिलवाड़

**सरकारी** अस्पतालों में वितरित की जानेवाली दवाओं के सैंपल फेल होने की घटना न केवल चिंता का विषय है बल्कि सेहत से खिलवाड़ भी है जो गंभीर स्थिति की ओर इशारा करती है। 62 दवाओं में से 20 दवाओं के सैंपल फेल होना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि घोर लापरवाही के साथ साथ मरीजों की सेहत के साथ समझौता किया जा रहा है। यह केवल मेदिनिनगर की घटना नहीं है वरन आए दिन पूरे देश से ऐसी खबरें आती रहती हैं जो निराशाजनक है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ख़राब गुणवत्ता वाली दवाएं बीमारी में तो निश्चित ही असर नहीं करती बल्कि मरीज के सेहत पर विपरीत असर डालती है। इसलिए यह आवश्यक है कि इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगायी जाय जिससे कि मरीज की सेहत से खिलवाड़ न हो। दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई भी की जानी चाहिए जिससे की भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। चूंकि आम जान मानस दवाओं की आवश्यक जानकारी से प्राय: अनभिज्ञ ही रहता है, सम्बंधित विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को इस मसले पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्हें सजग रहकर कार्य करना चाहिए और समय - समय पर दवाओं की गुणवत्ता की जाँच करनी चाहिए। यह समय की मांग भी है और आम जनमानस की जरूरत भी। आशा है कि सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी इस घटना से सीख लेते हुए भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति को रोकने का कार्य करेंगे।



**दिलीप कुमार**
सहायक लेखा अधिकारी, कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन), प्रयागराज।

# हिंदवी स्वराज्य का ज्वलंत दीप रक्षक : छत्रपति संभाजी भोसले

14 मई : छत्रपति संभाजी भोसले जयंती

छत्रपति संभाजी भोसले, मराठा साम्राज्य के तेजस्वी सूर्य, जिनका जन्म 14 मई 1657 को पुरंदर किले में हुआ, एक ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने स्वराज्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनकी जयंती न केवल एक ऐतिहासिक अवसर है, बल्कि वह प्रेरणा है जो हर भारतीय के हृदय में शौर्य, धर्म और स्वतंत्रता की ज्वाला प्रज्वलित करती है। संभाजी महाराज का जीवन एक तपस्वी योद्धा, विद्वान शासक और हिंदवी स्वराज्य के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। उनके शासनकाल में मराठा साम्राज्य ने मुगल साम्राज्य की विशाल सेना को बार-बार परास्त किया और स्वराज्य की नींव को अडिग रखा। यह लेख उनके जीवन, युद्धकौशल, प्रशासनिक दूरदर्शिता, साहित्यिक योगदान और धर्म के प्रति उनकी अटल निष्ठा का एक स्मरण है, जो हमें उनके बलिदान की महत्ता को समझने के लिए प्रेरित करता है। संभाजी महाराज का जन्म शिवाजी महाराज और उनकी प्रथम पत्नी सईबाई के घर हुआ। मात्र ढाई वर्ष की आयु में माता के देहांत के बाद उनकी दादी, राजमाता जीजाबाई ने उनके लालन-पालन का दायित्व संभाला। जीजाबाई के मार्गदर्शन में संभाजी का व्यक्तित्व एक कुशल योद्धा, चतुर रणनीतिकार और विद्वान के रूप में निखरा। उन्होंने मराठी, संस्कृत और अन्य भाषाओं में प्रवीणता हासिल की, जो उनके साहित्यिक कार्यों में स्पष्ट झलकती है। "बुधभूषण" जैसे उनके ग्रंथ संस्कृत साहित्य में उनकी गहन रुचि और विद्वता को दर्शाते हैं। संभाजी का विवाह जिवुबाई (येसुबाई) के साथ हुआ, जिसने मराठा साम्राज्य को कोंकण क्षेत्र में मजबूती प्रदान की। यह वैवाहिक गठबंधन सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। बचपन से ही संभाजी को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। नौ वर्ष की आयु में, पुरंदर संधि के तहत उन्हें मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा बंधक बनाकर आगरा ले जाया गया। वहां शिवाजी महाराज के साथ नजरबंदी के दौरान उनकी बुद्धिमत्ता और साहस ने उन्हें एक असाधारण बालक के रूप में स्थापित किया। बाद में, पिता-पुत्र के बीच कुछ मतभेदों के कारण उन्हें पन्हाला किले में नजरबंद किया गया। कुछ इतिहासकार इसे उनके व्यक्तिगत व्यवहार या मुगलों के साथ संक्षिप्त गठजोड़ से जोड़ते हैं, किंतु संभाजी ने अपनी गलतियों से सीखा और पिता की मृत्यु के बाद मराठा साम्राज्य की बागडोर संभाली। 20 जुलाई 1680 को संभाजी का वैदिक रीति से राज्याभिषेक हुआ। उन्होंने "शककर्ता" और "हिंदवी धर्मोधारक" की उपाधियां ग्रहण कीं। उनके शासन की शुरुआत में ही आंतरिक और बाहरी चुनौतियां सामने आईं। शिवाजी की मृत्यु के बाद उनकी सौतेली मां सोयराबाई ने अपने पुत्र राजाराम को सिंहासन पर बिठाने की साजिश रची। संभाजी ने इस साजिश को कुशलतापूर्वक विफल कर पन्हाला और रायगढ़ किलों पर नियंत्रण स्थापित किया। साजिशकर्ताओं को दंडित कर उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। यह कठोर निर्णय उनके शासन के प्रारंभ में विवादास्पद रहा, किंतु यह मराठा साम्राज्य की एकता के लिए आवश्यक था। संभाजी महाराज का शासनकाल युद्धों और सैन्य अभियानों का स्वर्णिम अध्याय है। उनके नेतृत्व में मराठाओं ने लगभग 210 युद्ध लड़े, जिनमें से अधिकांश में वे विजयी रहे। बुरहानपुर पर उनका आक्रमण, जिसमें 20,000 मराठा सैनिकों ने मुगल सेना को परास्त कर खानदेश की राजधानी को लूटा, उनकी सैन्य कुशलता का प्रतीक है। उन्होंने मैसूर और गोवा जैसे क्षेत्रों में भी अपने अभियानों को विस्तार दिया। संभाजी ने शिवाजी की छापामार युद्ध शैली को और परिष्कृत किया, जिसमें शत्रु की कमजोरियों का त्वरित और गोपनीय उपयोग उनकी प्रमुख रणनीति थी। उनकी सैन्य रणनीतियों ने औरंगजेब की विशाल सेना को दक्षिण भारत में बार-बार पराजय का सामना करने पर मजबूर किया। प्रशासनिक दृष्टि से, संभाजी ने अपने पिता की नीतियों को और सुदृढ़ किया। उन्होंने सार्वजनिक मार्गों और जल निकास व्यवस्था का जीर्णोद्धार कराया, किसानों पर करों को कम किया और प्रजा को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कीं। धर्म के प्रति उनकी निष्ठा उनके कार्यों में स्पष्ट थी। उन्होंने चिंचवड के देवस्थान को सैनिकों के उपद्रव के लिए कठोर चेतावनी दी और वाई प्रांत के सुभेदार को मठों के लिए नियत अनुदान समय पर पहुंचाने का आदेश दिया। संभाजी ने सक्ती के धर्मांतरण का कड़ा विरोध किया और हिंदुओं के लिए पुनर्जनन विभाग स्थापित किया, जो उनकी धार्मिक सहिष्णुता और समावेशी नीतियों का परिचायक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

चिड़ियां चींचीं कर उड़ें, ऐसे उड़े गुबार।
फिर भी ये उम्मीद है, उड़ें गगन के साथ पार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# संवाद को अध्यात्म में एक विधा के रूप में प्रतिष्ठित करने वाले देवर्षि नारद

14 मई को नारद जयंती पर विशेष

धर्म के प्रचार तथा लोककल्याण हेतु सदैव प्रयत्नशीलरहने वाले भगवान विष्णु के अनन्य भक्त देवर्षि नारदमानव सृष्टि के आदिकाल से ही सभी युगों में, सभी लोकों में, समस्त विद्याओं में, समाज के सभी वर्गों में स्मरणीय, पूजनीय, नमनीय, वंदनीय व प्रशंसनीय बने हुए हैं। ऋग्वेद, अथर्ववेदादिवैदिक साहित्य, ऐतरेय ब्राह्मण,मैत्रायणी संहिता, रामायण, महाभारत, पुराण, स्मृतियां सर्वत्र नारद की महिमा के बखान भरे पड़े हैं। ऋग्वेद अष्टम व नवम मंडलके कई सूक्तों के द्रष्टानारद हैं। पौराणिक मान्यताओं में नारद ब्रह्मा के छः मानस पुत्रों में से छठे हैं। अत्रि, अंगिरस, पुलस्त्य, मरीचि, पुलह, क्रतु, भृगु, वशिष्ठ, तथा दक्ष नारद के भ्राता हैं।श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसारसर्वप्रथम नारद मुनि का प्राकट्य भगवान ब्रह्मा की गोद से हुआ था। कतिपय स्थानों पर उनके ब्रह्मा की जंघा से उत्पन्न होने का उल्लेख है। जिसके कारण वे समस्त लोकों में ब्रह्मा के मानस पुत्र के रूप में प्रतिष्ठित हुए। ब्रह्मवैवर्तपुराण में नारद मुनि का प्रादुर्भाव ब्रह्मा के कण्ठ से होने का वर्णन अंकित है। उनके अन्य नामदेवर्षि, ब्रह्मनंदन, वीणाधर आदि हैं। इनकी समस्त लोकों में अबाधित और अव्याहत गति है। ये ब्रह्ममुहूर्त में सभी जीवों की गति देखते हैं। वे अजर-अमर हैं। गौर वर्णीय नारद अपनी देह पर समस्त वैष्णव चिह्न धारण करते हैं। उन्होंने कठिन तपस्या से ब्रह्मर्षि पद प्राप्त किया। वे ब्रह्मलोक में निवास करते हैं। वे प्रत्येक युग में भगवद्भक्ति और उनकी महिमा का विस्तार करते हुए लोककल्याण के लिए सर्वदा सर्वत्र विचरण किया करते हैं।वे भक्ति तथा संकीर्तन के आद्यआचार्य हैं। वे हाथ में भगवन जप महती नामक वीणा धारण कर वीणा वादन करते हुए मुख से सदैव नारायण नारायण का विष्णुनाम जपा करते हैं। मान्यतानुसार वीणा का आविष्कार भी नारद ने ही किया था।वे स्वयं वैष्णव हैं और वैष्णवों के परमाचार्य तथा मार्गदर्शक हैं। वे भगवान की अधिकांश लीलाओं में उनके अनन्य सहयोगी बने हैं। वे भगवान के पार्षद होने के साथ देवताओं के प्रवक्ता भी हैं। वे भगवान विष्णु के अनन्य भक्तों में से एक तो माने ही जाते हैं, साथ ही वे भगवान विष्णु के तृतीय अवतार भी हैं। इन्हें भगवान का मन कहा गया है। इन्हें वेदों के संदेशवाहक, देवताओं के संवादवाहक और समाचार के देवता के रूप में भी पौराणिक मान्यता प्राप्त है। नारद मुनि कथाशास्त्र, संगीत, योग और भक्ति मार्ग के ऐसे प्रथम प्रचारक थे, जिन्होंने संवाद को अध्यात्म में एक विधा के रूप में प्रतिष्ठित किया। नारद योगी नहीं, अनुग्रही थे। नारद मुनि ने वीणा को केवल वाद्य नहीं, बल्कि ध्वनि की साक्षात आराधना माना। नारद शब्द दो शब्दों के योग से बना है- नार और द, जिसमें नार का अर्थ है जल, ज्ञान और द का अर्थ है- देने वाला। अर्थात जो भावों में डूबा कर ज्ञान देता है। महाभारत और नारद पुराण के अनुसारनारद योग अथवा तप से नहीं, ईश्वर की अनुग्रह शक्ति से ब्रह्मज्ञानी बने। उन्हें अपने पूर्व जन्म में एक दासीपुत्र के रूप में हरिभक्तों की सेवा का पुण्य मिला था।वेदों में नारद को शब्द के माध्यम से चेतना को जागृत करने वाला कहा गया है।- नारदः संवादधारीः। अर्थात -नारद वही हैं, जो संवाद को साधना बनाते हैं।ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार नारद की वाणी में त्रिगुणों अर्थात सत्त्व, रज, तम के अनुरूप तीन स्तर की ध्वनियां होती थीं। जिसके कारण वे हर प्राणी के अनुसार संवाद करते थे। यही कारण है कि वे स्वर्ग, पाताल और मृत्यु लोक तीनों में सुने जाते हैं। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार नारद मुनि गुप्त शास्त्रों के रचयिता थे। गंधर्व तंत्र, संगीत शास्त्र संहिता आदि ग्रंथों के अनुसार नारद ने ध्वनि तंत्र नामक एक रहस्यमय ग्रंथ की रचना की थी, जो अब लुप्त है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



धर्म की बात



**अशोक प्रवृद्ध**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## 'ऑपरेशन सिंदूर' चीन और तुर्कीए की रक्षा प्रणाली की पोल खुली

# चीनी डिफेंस कंपनी के शेयर 6 प्रतिशत से ज्यादा गिरे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आतंक के खात्मे के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान ही नहीं, चीन को भी बड़ा झटका लगा है। दरअसल, चीनी डिफेंस कंपनी जुझोउ होंगडा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्प लिमिटेड के शेयर में मंगलवार को 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। जुझोउ होंगडा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्प लिमिटेड, वही कंपनी है, जिसकी मिसाइल 'पीएल-15' को पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने मार गिराया था। भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से बौखलाई पाकिस्तानी सेना ने चीनी मिसाइल पीएल-15 के जरिए देश के मिलिट्री इंस्टॉलेशन को टारगेट किया, लेकिन इस मिसाइल को भारत की मजबूत डिफेंस सिस्टम ने चुटकियों में नाकाम कर दिया। जानकारी के मुताबिक, 9 और 10 मई की रात को भारत के एयरफोर्स बेस और मिलिट्री सुविधाओं को निशाना बनाते हुए पाकिस्तान ने चीनी पीएल-15 मिसाइल और तुर्कीये में बने बाइकर वाईआईएचए-III कामिकेज ड्रोन के जरिए हवाई हमले किए थे। भारत के एयर डिफेंस ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को बचाने के लिए किए गए इन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। पीएल-15 एक एयर-टू-एयर मिसाइल है, जिसका इस्तेमाल जेएफ-17 और जे-10 फाइटर जेट द्वारा किया जाता है।



### आकाश' ने रचा इतिहास : स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम ने दिखाई ताकत

भारत द्वारा चुटकियों में तबाह करने के बाद चीनी मिसाइल टेक्नोलॉजी को लेकर सवाल उठने लगे हैं, जिसके कारण निवेशकों का चीनी डिफेंस पर भरोसा कम हो रहा है और जुझोउ होंगडा के शेयर में बड़ी गिरावट देखने को मिली। भारत के एयर ऑपरेशंस के डायरेक्टर जनरल, एयर मार्शल एके भारती ने नाकाम किए गए हथियारों की तस्वीरें प्रदर्शित कीं और दिखाया कि किस प्रकार भारतीय डिफेंस नेटवर्क ने हाई टेक्नोलॉजी वाली मिसाइलों और ड्रोनों को नष्ट किया। उन्होंने इस खतरे को बेअसर करने का क्रेडिट स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम 'आकाश' को दिया। तुर्कीये में बने बाइकर वाईआईएचए-III कामिकेज ड्रोन को भी सेना ने अमृतसर में डिटेक्ट कर गिराया। इस ड्रोन में बड़े पेलोड और कम-एल्टीट्यूड में उड़ान भरने के साथ तेज हमले करने की क्षमता है।

## श्रीनगर एयरपोर्ट पर उड़ानें फिर से शुरू

### भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण कुछ समय के लिए किया था बंद



**श्रीनगर।** भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण कुछ समय के लिए स्थगित रहने के बाद श्रीनगर हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक उड़ानों का परिचालन मंगलवार को फिर से शुरू हो गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार दोपहर को उड़ान संचालन फिर से शुरू हो गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी से आने-जाने वाली कई उड़ानों में देरी हुई, जबकि कुछ एयरलाइनों ने पहले ही दिन के लिए उड़ानों को रद्द करने की घोषणा कर दी है। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य गतिरोध के मद्देनजर 9 मई से श्रीनगर हवाई अड्डे के साथ-साथ सीमावर्ती राज्यों के 31 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसके बाद कुछ दिनों बाद इसे फिर से खोला गया। श्रीनगर में उड़ान संचालन फिर से शुरू करने का निर्णय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा सोमवार को इन हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ानों को फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद लिया गया।

## नोएडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### अवैध शराब व गांजा तस्करी में 3 गिरफ्तार मादक पदार्थ बरामद

**नोएडा (आईएएनएस)।** नोएडा के थाना सेक्टर-63 पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 110 पव्वे अवैध शराब और 2.7 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गुप्त सूचना के आधार पर एफएनजी सर्विस रोड स्थित ग्रीन बेल्ट के पास से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम ओम प्रकाश (उम्र 22 वर्ष) और अम्बिका यादव (उम्र 21 वर्ष) हैं। दोनों मूल रूप से जनपद सुल्तानपुर के निवासी हैं, और वर्तमान में बहलोलपुर, थाना सेक्टर-63, नोएडा में रह रहे थे। इनके कब्जे से 110 पव्वे अवैध शराब बरामद हुए हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ थाना सेक्टर-63 में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## पहलगाम हमला में शामिल तीन आतंकियों के तलाश जारी

### कश्मीर में 20 लाख के इनाम वाले पोस्टर लगे

**कश्मीर। एजेंस**

सुरक्षा एजेंसियों ने तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के पोस्टर लगाए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शामिल थे। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। 'आतंकवाद मुक्त कश्मीर' संदेश वाले ये पोस्टर जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में कई स्थानों पर लगाए गए हैं। पोस्टरों में आतंकवादियों के बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई है। एजेंसियों ने आश्वासन दिया है कि मुखबिरों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन घास के मैदान में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में 25 पर्यटकों और एक नेपाली सहित




कम से कम 26 लोग मारे गए। यह भयावह घटना 2019 में पुलवामा नरसंहार के बाद कश्मीर घाटी में सबसे घातक हमला है। तीनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के हैं - आदिल हुसैन थोकर, जो अनंतनाग का निवासी है, और दो पाकिस्तानी नागरिक - अली भाई उर्फ तल्हा भाई और हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की प. सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आमने-सामने की लड़ाई में भारतीय सेना से बुरी तरह पिछड़ने के बाद पाकिस्तान ने सीमा पार से फायरिंग व गोला बारूद न दागने की बात कही है। पाकिस्तानी सेना के पीछे हटने के बाद मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस, थल सेना और नौसेना प्रमुख के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि नई दिल्ली में हुई बैठक के दौरान देश की पश्चिमी सीमा को लेकर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई। रक्षा मंत्री ने सीमा सुरक्षा को लेकर यह समीक्षा की। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। वहीं वायुसेना प्रमुख की अनुपस्थिति में वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी इस समीक्षा बैठक में उपस्थित रहे।

### स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम की परफॉर्मेंस रिपोर्ट पेश करेगा भारत



जानकारी के मुताबिक बैठक के दौरान रक्षा मंत्री को पाकिस्तान से लगती नियंत्रण रेखा व अंतरराष्ट्रीय सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। माना जा रहा है कि रक्षा मंत्री को भारत व पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस के बीच हुई वार्ता की भी जानकारी दी गई। यह वार्ता सोमवार शाम पांच बजे हॉटलाइन पर हुई थी। इस बातचीत में पाकिस्तान ने कहा है कि वह सीमा पार से एक भी गोली नहीं चलाएगा। वार्ता में कहा गया है कि दोनों पक्षों को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए। एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करनी चाहिए।

सेना के मुताबिक इस बात पर सहमति हुई कि दोनों पक्ष यानी भारत और पाकिस्तान सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें। इसके अलावा भारत व पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच हुई अन्य बातचीत की भी पूरी जानकारी रक्षा मंत्री को दी गई है।

वहीं भारत आज यानी मंगलवार को नई दिल्ली में विभिन्न देशों के रक्षा अताशे (डीए) को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तकनीकी विवरण से अवगत कराएगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेनाओं द्वारा आतंकवाद के विरोध में शुरू किया गया सैन्य अभियान है। अब भारतीय सशस्त्र बल विभिन्न देशों के रक्षा अताशे के साथ महत्वपूर्ण जानकारी और परिचालन डेटा साझा करेंगे। इस दौरान स्वदेशी वायु रक्षा प्रणालियों की परफॉर्मेंस और 7 से 10 मई के बीच किए गए स्ट्राइक मिशन के परिणाम शामिल हैं। सूत्रों ने पुष्टि की है कि इस सत्र में कई घटनाक्रमों पर चर्चा होगी, जिसमें भारत के वायु रक्षा बलों द्वारा चीनी और तुर्की निर्मित ड्रोनों और पीएल-15 मिसाइलों को नष्ट करना शामिल है, जिससे भारतीय हवाई क्षेत्र में किसी भी तरह की घुसपैठ को रोका जा सका।

### जम्मू-कश्मीर में हमले के बाद अब स्थिति हुई सामान्य, फिर से छात्रों के लिए खोले गए स्कूल

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी हुई है। दोनों देशों के बीच की पैदा हुई तनाव की स्थिति को रोकने के लिए युद्ध विराम की घोषणा की गई थी। इसके तीन दिन बाद जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में अब जन जीवन सामान्य हो गया है। जम्मू कश्मीर के रियासी में जनजीवन अब पटरी पर लौटने लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स में सुबह के समय छात्र स्कूल जाते दिखाई दिए है। हालांकि, सांबा जिले के एक सीमावर्ती गांव के स्थानीय निवासियों को पाकिस्तानी सेना का डर सता रहा है, क्योंकि सोमवार रात को विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं और एक घर में छर्रे लगे। पाकिस्तान की गोलाबारी के कारण प्रभावित घर की छत और रसोईघर क्षतिग्रस्त हो गया है।

### इंडिगो विमान में बम की धमकी के बाद कोलकाता हवाईअड्डे पर हाई अलर्ट

**यात्रियों में मची हलचल**

**कोलकाता। एजेंसी**

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार दोपहर को कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया और कोलकाता-मुंबई इंडिगो फ्लाइट संख्या 6E5227 में सवार यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। एयरपोर्ट पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके दावा किया कि विमान में बम है। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, "यह कॉल यात्रियों के चेक-इन करने के बाद आई। फ्लाइट को दोपहर 1.30 बजे उड़ान भरनी थी और शाम 4.20 बजे मुंबई में उतरना था। आपातकालीन प्रोटोकॉल के तहत सभी 195 यात्रियों को विमान से उतरने के लिए कहा गया और विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया।" एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि विमान से सामान उतार दिया गया और गहन तलाशी ली गई, जबकि बम निरोधक दस्ते ने गहन तलाशी के लिए विमान में प्रवेश किया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), जो पूरे भारत में एयरपोर्ट की सुरक्षा का काम देखता है, ने भी धमकी के बाद कोलकाता एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी है। धमकी भेजने वाले का



पता लगाने के प्रयास जारी हैं। इस महीने की शुरुआत में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद से यह भारतीय एयरपोर्ट पर बम की दूसरी घटना है। इसी तरह की घटना 6 मई को हुई थी, जब मुंबई एयरपोर्ट को चंडीगढ़ से आने वाली इंडिगो फ्लाइट के बारे में बम की धमकी मिली थी। बाद में पुष्टि हुई कि वह कॉल फर्जी थी। इंडिगो ने एक बयान जारी कर कहा: "कोलकाता से मुंबई जाने वाली फ्लाइट 6E 5227 को उड़ान से पहले बम की धमकी मिली। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, विमान को एक आइसोलेशन बे में ले जाया गया और पूरी तरह से जांच की गई।" भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष के कारण पूरे भारत में हवाई अड्डों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# यूपी का 12वीं फेल डॉक्टर खुलेआम चला रहा क्लीनिक

### बड़ी-बड़ी बीमारियों को ठीक करने का दावा

**अमेठी। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के जनपद अमेठी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक 12वीं फेल बड़ी-बड़ी बीमारियों का इलाज कर रहा है और लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। सबसे बड़ी बात उसे दवाइयों की स्पेलिंग तक नहीं आती है। पूरा मामला बहोरापुर गांव का बताया जा रहा है। दरअसल, देवेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 12वीं फेल अभिनय प्रताप सिंह खुद को बड़ा डॉक्टर बताता है और पिछले कई सालों अपनी क्लीनिक संचालित कर रहा है। इस क्लीनिक पर रोजना जनपद के साथ ही प्रतापगढ़, जौनपुर, सुल्तानपुर, रायबरेली, बाराबंकी से सैकड़ों मरीज अपना इलाज करवाने आते हैं। 12वीं फेल यह डॉक्टर मरीजों को आयुर्वेद और अंग्रेजी दवाएं देकर इलाज करता है लेकिन उसके पास इलाज करने की कोई डिग्री तक नहीं है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि डॉक्टर के पास हर दिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। ऐसे में उसे दिखाने के लिए एक महीने पहले से ही नंबर लेना पड़ता है। वहीं इलाज कराने आए लोगों में सुहैल अहमद और अमीना बानो ने बताया कि वे पिछले कई महीनों से डॉक्टर के पास आ रहे हैं, लेकिन नंबर नहीं मिल पा रहा है। एक महीने पहले नंबर भी लगा तो इलाज नहीं हो पाया।




#### 12वीं पास डॉक्टर दवाओं का नाम भी नहीं पढ़ पाता है

क्लीनिक पर इलाज करने वाले डॉक्टर का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें वो मरीजों को दी जाने वाली दवा का नाम हिंदी में बता रहा है। वहीं, जब उससे दवा की स्पेलिंग पूछी गई तो वह स्पेलिंग भी नहीं पढ़ पाया। इस मामले पर डीईओ डॉक्टर अनीता गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ये क्लीनिक विभाग में रजिस्टर्ड है या नहीं, वहां पर किस तरह का इलाज होता है ये जांच का विषय है। अगर ऐसी शिकायत है तो हम जांच करेंगे। जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।


**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापांक 1155/जि0प0, दिनांक 08.05.2025 (PR No.- 352035 (District) 25-26 (D) के माध्यम से पलामू जिला अन्तर्गत विभिन्न नलकूपों में Rotten Riser Pipe के बदलने से संबंधित आमंत्रित इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना सं0–03/2025-26 में निम्न प्रकार (As Mensioned in underline) आंशिक संशोधन किया जाता है।

| संशोधित किये जाने वाले विषय | पूर्व से अंकित विवरणी | आंशिक संशोधन/ सुधार सहित विवरणी |
|---|---|---|
| Name of Work | Changing of 32 mm dia G.I. Rotten Riser Pipe, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark-II (IS:15500 Part-2/2004) and depositing taken out old materials to departmental Divisional store etc. all complete job in Rural Areas under Palamu District for the year 2025-26. | Supplying of 32 mm dia G.I. Riser Pipe, Connecting Rod, C.I. Cylinder (Wherever Required) of Drilled Tube Well India Mark-II (IS:15500 Part-2/2004) and depositing taken out old materials to departmental Divisional store etc. all complete job in Rural Areas under Palamu District for the year 2025-26. |
| S.l No. 1.01 Coloumn No. 2 | One Fitter (Skilled Labour) for changing Riser Pipe of 5 nos. of IM-II DT (Rate is inclusive of 10% C.P) | One Fitter (Skilled Labour) for changing Riser Pipe of 8 nos. of IM-II DT (Rate is inclusive of 10% C.P) |
| S.l No. 3.01 Coloumn No. 2 | Connecting Rod (in nos.) 12mm x 3mtr. Long 5 nos. connecting rod made of bright bar electro-galvanized fitted with coupler & normal (Rate is inclusive of 10% C.P) | Connecting Rod (in nos.) 12mm x 3mtr. Long 8 nos. connecting rod made of bright bar electro-galvanized fitted with coupler & normal (Rate is inclusive of 10% C.P) |

निविदा की शेष सभी सूचनाएँ एवं निविदा/कोटेशन खोलने की तिथि यथावत रहेंगी। निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, पलामू

PR 352278 District(25-26).D



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 06/PR/J BVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance and allied civil works of Inspection Bungalow (I.B.) Daltonganj under Electric Supply Circle, Daltonganj | 393600/– | (03) Three Months | 7900.00 | 885.00 (Including 18% GST) | 30 /05 /2025 upto 03:00 PM | 30/ 05/2025 at 03:30 PM |
| 2. | 07/PR/J BVNL/ 2025-26 | Sinking of one no. (200/165mm dia) HYDT deep boring and provision of submersible pump at Office campus of Electric Supply Division, Chhatarpur under Electric Supply Circle, Daltonganj | 321700/– | (02) Two Months | 6500.00 | 885.00 (Including 18% GST) | 30 /05 /2025 upto 03:00 PM | 30/ 05/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Account officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 352242 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

# ऑपरेशन सिंदूर : पाकिस्तान में कुछ तो बड़ा हुआ है? तभी सूखा वहां के निजाम का गला

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

देश के नाम संदेश में सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने जो कुछ कहा, उसके बाद दुनिया के तमाम बड़े मीडिया संस्थानों ने उनकी कही बातों को प्रमुखता से अखबार के पहले पन्ने पर जगह दी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में जिन बातों का जिक्र किया, उसमें से दो प्रमुख बातें पाकिस्तान के पसीने छुड़ाने के लिए काफी थी। पहला यह कि भारत किसी भी तरह के परमाणु हमले की धमकी से डरने वाला नहीं है और दूसरा आतंक तथा आतंक को समर्थन देने वाली सरकार को अलग-अलग करके नहीं देखा जाएगा। ऐसे में देश के नाम संबोधन के दौरान पीएम मोदी के हाव-भाव से साफ समझ में आ रहा था कि पाकिस्तान में इस दौरान कुछ तो बड़ा हुआ है, जिसने उसकी आवाम और सरकार दोनों को हिलाकर रख दिया। दरअसल, इसको ऐसे समझा जा सकता है कि जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर तीनों सेना के डीजीएमओ ने प्रेस को संबोधित किया तो उनका आत्मविश्वास बता रहा था कि पाकिस्तानी सेना को भारतीय सेना ने कितनी गहरी चोट दी है। पीएम मोदी ने भी कहा था कि पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर हमले की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने, भारत के ड्रोन ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, बल्कि उनका हौसला भी थर्रा गया। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा। पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगाने लगा और फिर मजबूर होकर 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना के डीजीएमओ ने हमारे डीजीएमओ से संपर्क किया।




## टेरर, ट्रेड और टॉक साथ नहीं चल सकते : प्रधानमंत्री मोदी

पीएम मोदी ने पाकिस्तान के लिए यह भी साफ संदेश दे दिया कि टेरर, ट्रेड और टॉक एक साथ नहीं चल सकते। पीएम ने यह भी कहा कि हम भारत और अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। सीजफायर को लेकर भी उन्होंने कहा कि हमने अपनी जवाबी कार्रवाई को केवल स्थगित किया है। हम आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हर कदम को कसौटी पर नापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है। पीएम मोदी ने इसके साथ ही राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत पर आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह पर जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती है।

## ट्रंप की मध्यस्थता का दावा बना मजाक, भारत ने की अनदेखी

यानी साफ और स्पष्ट शब्दों में पीएम मोदी का संदेश दुनिया को पहुंच गया था और यही वजह रही कि पीएम मोदी की कही हर बात विदेशी मीडिया की सुर्खियां बन गई। अब ऐसे में क्यों कहा जा रहा है कि पाकिस्तान में कुछ तो बड़ा हुआ था, जिसके कारण वहां के निजाम का गला सूखा। इसको एक बार समझने की कोशिश करते हैं। 10 मई को जब सीजफायर की घोषणा हुई तो इसके बाद भारत के अंदर आम जनता जो पाकिस्तान और पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों को लेकर मन में गुस्सा पाले बैठी थी, उनको सरकार के इस फैसले पर भरोसा नहीं हो रहा था। जनता के साथ-साथ भारत के विपक्षी दलों की भी प्रतिक्रिया से साफ लग रहा था कि वह सरकार के फैसले से खुश नहीं हैं।

## तुर्की रूस-यूक्रेन शांति वार्ता को हर कदम पर समर्थन देने के लिए तैयार : राष्ट्रपति एर्दोगन



**अंकारा (आईएएनएस)।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति एर्दोगन के कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई इस बातचीत में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को सुविधाजनक बनाने के लिए तुर्की की प्रतिबद्धता दोहराई गई। एर्दोगन ने इस बात पर जोर दिया है कि शांति का माहौल बनाने के लिए युद्धविराम आवश्यक है। दोनों पक्षों को संघर्ष को समाप्त करने के उद्देश्य से कूटनीतिक वार्ता के लिए मौजूद अवसर का लाभ उठाना चाहिए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक एर्दोगन ने शांति वार्ता के अवसर पर तुर्की में रूस और यूक्रेन प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी करने की इच्छा जाहिर की। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति एर्दोगन के कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच हुई इस बातचीत में रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता को सुविधाजनक बनाने के लिए तुर्की की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## ऑपरेशन केल्लर : जम्मू-कश्मीर में सेना को बड़ी कामयाबी

# शोपियां में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी ढेर

**शोपियां (आईएएनएस)**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ केल्लर के शुकरू वन क्षेत्र में हुई है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद केल्लर के जंगलों में सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। जैसे ही पुलिस और सेना की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, तो जंगलों में छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सुरक्षा बलों ने जवाब दिया। इस गोलीबारी के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए। अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय इंडियन आर्मी के एक्स हैंडल से एक पोस्ट शेयर कर




**जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मुठभेड़**

- केल्लर के शुकरू वन क्षेत्र में हुई मुठभेड़
- लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी ढेर

आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। उन्होंने एक्स पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें 'ऑपरेशन केल्लर' लिखा हुआ है। एक्स पर पोस्ट में बताया गया, "ऑपरेशन केल्लर, 13 मई 2025 को राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट की विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर शोपियां के शोकल केल्लर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली। भारतीय सेना ने तलाशी और विनाश ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की, जिसके बाद तीव्र मुठभेड़ हुई और इसमें तीन आतंकवादी मारे गए। फिलहाल ऑपरेशन अभी जारी है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना लगातार आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कई आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर भारी नुकसान पहुंचाया है। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया। इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए और पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह कर दिए गए।

## शेख हसीना की विरोधी जमात सत्ता में लौटने को बेचैन

**ढाका (आईएएनएस)**

बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी अपनी



राजनीतिक पार्टी का दर्जा वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सैयद रेफात अहमद ने सात सदस्यों वाली पूर्ण अपीलीय खंडपीठ द्वारा जमात-ए-इस्लामी की याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि यह देश की पहली घटना है जब किसी पार्टी का पंजीकरण हाई कोर्ट के फैसले के जरिए रद्द किया गया है। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग (ईसी) का प्रतिनिधित्व करने वाले तौहीदुल इस्लाम ने कहा कि जमात के पंजीकरण के मामले में हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद से चुनाव आयोग ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। हम जमात के पंजीकरण पर अपीलीय खंडपीठ के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारत-पाक संबंधों में स्थापित किए 'नए मानदंड' : डीजी डीआईए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सेना की रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डी.एस. राणा ने 70 देशों के रक्षा अताशे और विदेशी सेवा अधिकारियों को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में मंगलवार को इन विदेशी अधिकारियों को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन भारत की सैन्य श्रेष्ठता और नई पीढ़ी के युद्ध कौशल के माध्यम से राष्ट्र की शक्ति और संकल्प का प्रतीक बन गया है। इससे भारत-पाकिस्तान संबंधों में नए मानदंड स्थापित हुए हैं। यह ब्रीफिंग भारत की सैन्य तैयारियों, स्वदेशी रक्षा उपकरणों, रणनीतिक सोच और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की पारदर्शिता को दर्शाती है, जो वैश्विक समुदाय में विश्वास पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डीजी डीआईए ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए लक्ष्यों का चयन एक सुनियोजित प्रक्रिया के तहत किया गया, जिसमें इन लक्ष्यों



के आतंकवादी लिंक की पुष्टि की गई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने एकीकृत, सटीक और त्वरित प्रतिक्रिया के माध्यम से निर्धारित उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। इस ऑपरेशन को बहु-आयामी युद्ध अभियानों के रूप में अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में 'संयुक्तता और एकीकरण' के माध्यम से सैन्य शक्ति का समन्वित प्रयोग किया गया। स्वदेशी तकनीक से बने 'काइनेटिक फोर्स मल्टीप्लायर्स' की प्रभावशीलता प्रदर्शित की गई। साथ ही, भारतीय सशस्त्र बलों की स्पेस, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध जैसे नॉन-काइनेटिक क्षेत्रों में तकनीकी श्रेष्ठता को भी प्रस्तुत किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल राणा ने यह भी बताया कि किस प्रकार भारत विरोधी गलत सूचना अभियान, जो कि शत्रु द्वारा निरंतर चलाया जा रहा है।

## दहशत से वापसी : हमास की कैद से रिहा हुए इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर



**यरूशलम (आईएएनएस)।** इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इजरायली-अमेरिकी बंधक एडन अलेक्जेंडर गाजा से रिहा होकर इजरायल पहुंचे। वह 19 महीने तक हमास की कैद में रहे थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, अलेक्जेंडर अपने परिवार से मिलने के लिए गाजा पट्टी से सटे दक्षिणी इजरायल के रीम सैन्य अड्डे पर पहुंचे। गाजा में पहले ली गई एक तस्वीर में अलेक्जेंडर एक काली टी-शर्ट और बेसबॉल टोपी पहने हुए दिखाई दिए थे। वाशिंगटन और हमास के बीच सीधी बातचीत के बाद अलेक्जेंडर को रिहा किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनकी रिहाई का स्वागत करते हुए अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, "एडन अलेक्जेंडर, आखिरी जीवित अमेरिकी बंधक रिहा हो रहे हैं। उनके माता-पिता, परिवार और दोस्तों को बधाई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देश एडन को गले लगाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इजरायली सरकार सभी बंधकों और लापता लोगों- जीवित और मृत को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है और जब तक सभी घर नहीं लौट जाते, तब तक अथक प्रयास करेंगे।

## मैं रिटायरमेंट के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करूंगा : संजीव खन्ना

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मंगलवार 13मई को अपने सेवानिवृत्ति के मौके पर कहा कि वे सेवानिवृति के बाद कोई आधिकारिक कार्यभार स्वीकार नहीं करने जा रहे हैं, लेकिन वे कानून के क्षेत्र में अपनी पारी जारी रखेंगे। औपचारिक बेंच कार्यवाही के खत्म होने के बाद संजीव खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में पत्रकारों से मुलाकात की।इस दौरान संजीव खन्ना ने कहा, "मैं रिटायरमेंट के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करूंगा। शायद कानून के साथ कुछ करूंगा। मैं तीसरी पारी खेलूंगा और कानून से संबंधित कुछ करूंगा।" हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े कैश विवाद से संबंधित एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "न्यायिक सोच निर्णायक व निर्णयात्मक होनी चाहिए। हम सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं को देखते हैं, और मुद्दे पर निर्णय लेते हैं, फिर तर्कसंगत रूप से विभिन्न कारणों पर विचार करते हैं, जो हमें सही निर्णय लेने में मदद करते हैं।"मालूम हो कि सीजेआई खन्ना ने एक मीडिया रिपोर्ट के बाद कैश विवाद से निपटा, जिसके बाद उन्हें कई कदम उठाने पड़े। इसमें दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय द्वारा प्रारंभिक जांच, दिल्ली हाई कोर्ट में जस्टिस वर्मा से न्यायिक कार्य छीन लिया जाना और बाद में उन्हें न्यायिक कार्य के बिना इलाहाबाद हाई कोर्ट में ट्रांसफर करना शामिल है। आंतरिक जांच पैनल द्वारा जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराए जाने के बाद सीजेआई खन्ना ने उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा। बाद में न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इनकार करने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी को भारत के मुख्य न्यायाधीश ने पत्र लिखा। 10 मई को सीजेआई द्वारा मनोनीत जस्टिस बीआर गवई ने भी रिटायरमेंट के बाद कोई भी पद संभालने से इनकार कर दिया है।अपने उत्तराधिकारी जस्टिस गवई के बारे में संजीव खन्ना ने कहा कि जस्टिस बीआर गवई एक उत्कृष्ट मुख्य न्यायाधीश होंगे जो कोर्ट की गरिमा, मौलिक अधिकारों और कानून के बुनियादी सिद्धांतों को बनाए रखेंगे। अपने कार्यकाल के आखिरी दिन सीजेआई खन्ना के साथ जस्टिस बीआर गवई भी बेंच में बैठे थे।



- सीजेआई द्वारा मनोनीत जस्टिस बीआर गवई ने भी रिटायरमेंट के बाद कोई भी पद संभालने से इनकार कर दिया है

## ट्रंप के स्वागत में आसमान में हुआ सुरक्षा कवच तैयार

**रियाद (सऊदी अरब)**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार सुबह सऊदी अरब पहुंचे। उनके एयरफोर्स वन के सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही छह लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट किया। राष्ट्रपति ट्रंप के विमान एयरफोर्स वन में सवार पत्रकारों ने बताया कि उड़ान के अंतिम आधे घंटे तक छह एफ-15 विमान एक दूसरे के करीब उड़ते रहे।

न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के अनुसार, ट्रंप के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ डैन स्कैविनो ने हवा में ही असामान्य एस्कॉर्ट का फुटेज एक्स पर किया। उन्होंने लिखा, "एस्कॉर्ट के लिए और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के लिए धन्यवाद। हम सभी इसकी सराहना करते हैं। जल्द ही आपसे ग्राउंड पर मुलाकात होगी, धन्यवाद। एबीसी न्यूज के अनुसार, सऊदी अरब पहुंचते ही ट्रंप की मध्य पूर्व की आधिकारिक यात्रा शुरू हो गई। इस दौरान वो और उनके राजनयिक रूस और यूक्रेन के अलावा गाजा पट्टी में शांति के लिए प्रयास जारी रखेंगे।






कहानी फिल्म जगत की



## भारतीय सैनिकों के लिए आलिया भट्ट की भावनात्मक पोस्ट

### हर वर्दी के पीछे एक मां होती है जो कभी सोई नहीं होती

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच आलिया भट्ट ने मदर्स डे संदेश को राष्ट्रवादी गौरव के साथ जोड़ा है। मंगलवार को आलिया भट्ट ने भारतीय सैनिकों और उनकी उत्साही माताओं को समर्पित एक लंबी भावनात्मक पोस्ट लिखी। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच आलिया भट्ट ने मदर्स डे संदेश को राष्ट्रवादी गौरव के साथ जोड़ा है। मंगलवार को आलिया भट्ट ने भारतीय सैनिकों और उनकी उत्साही माताओं को समर्पित एक लंबी भावनात्मक पोस्ट लिखी। आलिया भट्ट ने इस नोट की शुरुआत इन शब्दों से की, "पिछली कुछ रातें अलग-अलग महसूस हुई हैं। जब कोई राष्ट्र अपनी सांस रोक लेता है तो हवा में एक निश्चित शांति होती है। और पिछले कुछ दिनों में हमने उस शांति को महसूस किया है। वह शांत चिंता। वह तनाव की धड़कन जो हर बातचीत के पीछे, हर समाचार अधिसूचना के पीछे, हर खाने की मेज के आसपास गूंजती है।

आलिया ने आगे कहा, "हमें यह जानने का भार महसूस हुआ है कि कहीं न कहीं, पहाड़ों में, हमारे सैनिक जाग रहे हैं, सतर्क हैं और खतरे में हैं। जब हममें से ज़्यादातर लोग अपने घरों में दुबके हुए हैं, तब अंधेरे में खड़े पुरुष और महिलाएं हैं, जो अपनी नींद से हमारी रक्षा कर रहे हैं। अपनी ज़िंदगी से। और यह सच्चाई...आप पर कुछ असर करती है। 32 वर्षीय अभिनेत्री ने इन सैनिकों को पालने वाली माताओं की हिम्मत की प्रशंसा की और लिखा, "क्योंकि आप समझते हैं कि यह सिर्फ़ बहादुरी नहीं है। यह बलिदान है। और हर वर्दी के पीछे एक माँ है जो सोई नहीं है।

## एसीएस अजय कुमार सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंस से लिया अस्पतालों का जायजा

# सभी बंद पड़े 108 एंबुलेंस को 15 दिन में संचालित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अजय कुमार सिंह के द्वारा राज्य के सभी सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी 108 एंबुलेंस छोटी-मोटी खराबी के कारण बंद हैं उन्हें 15 दिनों के अंदर प्रस्ताव तैयार प्राक्कलन के अनुसार राशि उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस 100 प्रतिशत संचालित होने चाहिए। इसके साथ उन्होंने सभी अस्पतालों में सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण एवं मशीनों का आंकलन कर उसकी सूची विभाग को प्रेषित करने के के निर्देश दिए ताकि मशीनों का क्रय किया जा सके। वीडियो कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने जिन अस्पतालों में एक्स रे मशीन नहीं है उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही एक सप्ताह के अंदर मॉड्यूलर ओटी का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वीसी के दौरान सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन पर भी चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जहां जगह नहीं है वहां आईपीएच मानक के अनुरूप स्थान उपलब्ध कराया जाए।

वर्ष 2025-26 में आवंटित राशि उपावंटन के साथ-साथ एनएचएम की योजनाओं की समीक्षा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों को सदर अस्पताल से लेकर पीएचसी तक के स्वास्थ्य केंद्रों के रंग-रोगन एवं सुसज्जित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि 1 महीने के अंदर सभी कार्यों को संपन्न करते हुए सभी का फोटोग्राफ अपलोड करें। एक महीने के बाद फिर से कृत कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष की वांछित राशि उपलब्ध करा दी गई है, जिस पर अपर मुख्य सचिव ने विस्तार से चर्चा की।

## अब याचना नहीं रण होगा : चंपाई सोरेन

**पूर्वी सिंहभूम (हि.स.)।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने पीएम के देश के नाम संबोधन का समर्थन करते हुए इसे "नए भारत का दृढ़ निश्चय" बताया है। अपने एक्स पोस्ट में चंपई सोरेन ने कहा कि पीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान से कोई भी बातचीत केवल पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दे पर होगी। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाले आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा जाएगा, चाहे सीमाएं बीच में हों या नहीं। पीएम ने यह भी साफ किया कि परमाणु हथियारों के नाम पर भारत को ब्लैकमेल नहीं किया जा सकता।

## कांग्रेसी अपना दोहरा राजनीतिक चरित्र दिखाना बंद करे : प्रतुल

- **राहुल गांधी देश के साथ होने की बात करते हैं,लेकिन दूसरे कांग्रेसी सैन्य क्षमता पर प्रश्न कर रहे हैं**
- **1972 में 93000 पाकिस्तान सैनिकों को बिना शर्त वापस करने की बात भी ना भूलें**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि जब पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अपने सेना के साथ खड़ा है। तो उसमें भी कांग्रेस दोहरी राजनीति कर रही है। प्रतुल ने कहा एक तरफ राहुल गांधी देश के साथ और सरकार के हर कदम के साथ चलने का दंभ भर रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ,पवन खेड़ा ,सुप्रिया श्रीनेत लगातार मोदी सरकार की मंशा और भारतीय सैन्य क्षमता पर प्रश्न करते हुए देश का अपमान कर रहे हैं।

प्रतुल ने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल जो ऑपरेशन ब्रेक हुआ है उसमें किसी दूसरे राष्ट्र की मध्यस्थता नहीं है।लेकिन फिर भी कांग्रेस का एक बड़ा तबका बार-बार भारत को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के नेता स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर रहे हैं कि उन्होंने 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा कर दिया था। प्रतुल ने कहा ये नेता इस बात को भूल जाते हैं कि 1972 के शिमला समझौते के तहत बांग्लादेश में 93000 आत्मसमर्पण किए पाकिस्तानी सैनिकों को श्रीमती गांधी ने बिना शर्त पाकिस्तान को लौटा दिया था। जबकि ये एक्सचेंज के बदौलत पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर को वापस लेने का एक उपयुक्त समय था। प्रतुल ने कहा देश इंदिरा गांधी जी को इमरजेंसी और 42 वे संशोधन के जरिए संविधान को बदलने की कोशिश और न्यायपालिका पर कुठाराघात के लिए भी याद रखा है। इंदिरा गांधी जी की हत्या के बाद सिखों का नरसंहार भी लोग नहीं भूले है।

प्रतुल ने कहा यह समय है कि पूरे देश को एक स्वर में बोलना चाहिए अब इन्हीं कांग्रेसी नेताओं के बयानों को पाकिस्तान की मीडिया और पाकिस्तान के नेशनल असेंबली में चर्चा कर ये दिखाया जा रहा है कि भारत भी ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर एक नहीं है जो की अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पेज एक के शेष

### केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा...

प्रदर्शन शानदार रहा है। 92.16 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा पास की है। इस बार कुल 80,242 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें 46,133 छात्र और 34,109 छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा में 79,595 विद्यार्थी उपस्थित हुए थे। परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों में 45,706 छात्र और 33,889 छात्राएं थीं। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल 79,595 विद्यार्थियों में से 73,351 सफल घोषित किए गए। इनमें 42,143 छात्र और 31,208 छात्राएं पास हुई हैं। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में छात्राओं से छात्रों ने 0.11 प्रतिशत से मामूली बढ़त हासिल की। छात्रों का पास प्रतिशत 92.20 रहा। जबकि, छात्राओं का पास प्रतिशत 92.09 प्रतिशत रहा। वहीं, सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में भी झारखंड का प्रदर्शन बेहतर रहा है। इस वर्ष राज्य से 88.16 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। पटना जोन के अंतर्गत आने वाले झारखंड के 483 स्कूलों के विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा दी थी। परीक्षा के के लिए राज्य में 167 केंद्र बनाए गए थे। 12वीं बोर्ड परीक्षा में राज्य से कुल 89.47 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इस परीक्षा में बेटियों का शानदार प्रदर्शन रहा। झारखंड में 12वीं की परीक्षा में 89.47 प्रतिशत छात्राएं पास हुई हैं। वहीं, 87.05 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। इस तरह छात्राओं ने पास प्रतिशत में 2.42 की बढ़त हासिल की है। झारखंड से कुल 49,628 विद्यार्थियों ने 12वीं परीक्षा के लिए निबंधन कराया था। इनमें 26,937 छात्र और 22,691 छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा में कुल 49,110 विद्यार्थी उपस्थित हुए थे, जिनमें 26,596 छात्र और 22,514 छात्राएं थीं। परीक्षा में कुल 43,294 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए है। इनमें 23,151 छात्र और 20,143 छात्राओं ने सफलता हासिल की है।

### सिर्फ महाविनाश है...

भी जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, तो उसके सबसे प्रमुख अध्याय आप और आपके साथी होंगे। आप सभी वर्तमान के साथ ही देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए भी नई प्रेरणा बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जवानों की तारीफ करते हुए कहा, दशकों बाद भी जब भारत के साहस को याद किया जाएगा, तो आपका अध्याय सबसे अधिक मनाया जाएगा। आप आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। मैं वायुसेना, नौसेना, सेना और बीएसएफ के बहादुर जवानों को सलाम करता हूं। आपकी बेमिसाल वीरता के कारण ही 'ऑपरेशन सिंदूर' की गूंज आज हर जगह सुनाई देती है। उन महत्वपूर्ण क्षणों में, हर भारतीय की प्रार्थनाएं आपके साथ थीं और आज पूरा देश आपके और आपके परिवारों के प्रति कृतज्ञ है। उन्होंने कहा, आपके पराक्रम की वजह से आज 'ऑपरेशन सिंदूर' की गूंज हर कोने में सुनाई दे रही है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खड़ा रहा। हर भारतीय की प्रार्थना आप सभी के साथ रही। आज हर देशवासी अपने सैनिकों, उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ है, उनका ऋणी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' कोई सामान्य सैन्य अभियान नहीं है। ये भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। ज्ञात हो कि भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की 13 हवाई पट्टियां बर्बाद हो गई हैं।

**अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोबिंद सिंह जी की भी धरती है। गुरु गोबिंद सिंह जी ने कहा था - 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं।' अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए शस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। इसीलिए जब हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर छीना गया, तो हमने आतंकियों के फन को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कौशल दिखलाया चालों में, उड़ गया भयानक भालों में। निर्भीक गया वह ढालों में, सरपट दौड़ा करवालों में।' ये पंक्तियां महाराणा प्रताप के प्रसिद्ध घोड़े चेतक पर लिखी गई थीं। लेकिन, ये पंक्तियां आज के आधुनिक भारतीय हथियारों पर भी फिट बैठती हैं।


## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,लोहरदगा
### (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**–: आम सूचना :–**

जिलान्तर्गत झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का क्रियान्वयन विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत निदेशों के आलोक में किया जा रहा है। विभागीय निदेश के आलोक में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को सूचित किया जाता है कि इस योजना की राशि का भुगतान उनके आधार सीडेड खाते में की जानी है।

अतः वैसे लाभुक जिन्होंने अब तक अपना बैंक खाता आधार से लिंक नहीं कराया है अविलम्ब अपने बैंक में आधार कार्ड एवं बैंक खाता के साथ उपस्थित होकर अपने बैंक खाते को आधार से लिंग कराना सुनिश्चित करें।

ह0/
प्रभारी सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग, लोहरदगा।

PR 52213 (Lohardaga) 25-26 (D)



## कार्यालय अंचल अधिकारी, कुडू

पत्रांक– 309 दिनांक–08.05.2025

**अति अल्पकालीन नीलामी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा कुडू के अन्तर्गत खाता सं0 422 प्लॉट सं0 444 एवं 446 रकबा क्रमशः 7.70 ए0 एवं 0.54 ए0 कुल रकबा 8.24 ए0 (हाल सर्वे में अनावाद बिहार सरकार दर्ज है) की भूमि जिसे सरकारी अभिरक्षा में ली गई भूमि में अवस्थित आम के बगीचा के अन्दर वृक्षों की कुल संख्या 273 है, जिसमें आम के फल लगे है। कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 241/दिनांक 08.04.2025 के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में वृक्षों में लगे आम के फलों का अनुमानित मूल्य 1,00,430.00 (एक लाख चार सौ तीस रूपये) निर्धारित की गई है। वर्ष 2025 में नीलामी हेतु कार्यालय पत्रांक 72 दिनांक 10.02.2025 के द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, विधि शाखा, लोहरदगा एवं सरकारी अधिवक्ता, लोहरदगा से मार्गदर्शन हेतु मांग की गई थी। सरकारी अधिवक्ता, लोहरदगा से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में वर्ष 2025 के लिए **नीलामी दिनांक 08.05.2025 के दोपहर 12:00 बजे से निर्धारित किया गया था परन्तु उक्त तिथि को मात्र एक आवेदन प्राप्त होने के कारण नीलामी संबंधित कार्यवाई स्थगीत किया गया। पुनः नीलामी संबंधित तिथि 14.05.2025 के दोपहर 12:00 बजे से निर्धारित किया गया है।** नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति अंचल नजारत में पूर्वाहन 11:00 बजे तक जमानत राशि के रूप में **मो0 5000.00(पाँच हजार) रूपये का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जो अंचल अधिकारी, कुडू के पदनाम एवं भारतीय स्टेट बैंक, बड़ा तालाब, लोहरदगा** से भुगतेय होगा। किसी भी कार्य दिवस में प्रश्नगत् मौजा कुडू में अवस्थित आम के वृक्षों में लगे फलों का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी को पूर्व सूचना देकर की जा सकती है। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। नीलामी संबंधित कार्य निर्धारित समय एवं शर्तो के आधार पर ही की जायेगी। नीलामी में सम्मिलित होने के लिए **आधार कार्ड/पैन कार्ड एवं अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा।** क्रय मूल्य के अलावे संबंधित सभी कर (TAX) जो झारखण्ड सरकार के नियामानुसार होगा जो क्रेता द्वारा दिया जायेगा।

अंचल अधिकारी,
कुडू(लोहरदगा)

PR 352208 Lohardaga(25-26)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक श्री संजार अंसारी, इस्लाम नगर, लोहरदगा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत ग्राम चरहू मुख्य पथ से नदी होते हुए मेरले तक पथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई–3.58 कि0मी0 पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 02.01.2024 को किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 01.10.2024 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक–06 दिनांक–02.01..2024 एवं पत्रांक–1316 दिनांक 19.12.2024 के द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए आपको निदेशित किया गया था। आपके द्वारा उक्त कार्य को बंद रखा गया है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजार अंसारी, लोहरदगा। | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत चरहू मुख्य पथ से नदी होते हुए मेरले तक पथ चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य लम्बाई–3.58 कि0मी0 | 9F2/ 2024-25 | 01.10.2024 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 352204 Lohardaga(25-26)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा।

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक अजमल अंसारी, ग्राम–चिरी, पोस्ट– कुडू, लोहरदगा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–III अन्तर्गत किस्को से वमनडीहा भाया बानपुर भूशाड़ हेशापीढ़ी बेटहठ तक पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 30.07.2022 को किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 19.07.2023 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 966 दिनांक– 08.12.2023 एवं पत्रांक– 219 दिनांक– 29.01.2024 के द्वारा कार्य प्रारंभ करने हेतु आपको निदेशित किया गया था, लेकिन आपके द्वारा उक्त कार्य को करने में अभिरूचि नही लिया गया है। जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं SBD की कंडिका 52.1 एवं 52.2 के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

इसे अत्यावश्यक समझें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
लोहरदगा।

PR 352200 (Lohardaga) 25-26 (D)



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।
### (अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02, वर्ष 2025–26)

पत्रांक ................/जि0प0 दिनांक ...................

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 17.05.2025 से 19.05.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित एवं रविवारीय अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 20.05.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 20.05.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – :

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पत्थलगड़ा | सिघांनी | दानापुर | आंगनबाडी का का मरम्मती कार्य। (अवशेष भाग) | 206110 | 500 | 4200 | 02 माह |

निविदा की शर्ते –

1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR 352240 (District) 25-26 (D)



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**iii सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड हंटरगंज में निर्मित विवाह मण्डप को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | हंटरगंज विवाह मण्डप | 2236 sqft | 134500 | 33700 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 19/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 (पॉच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं, जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :–

1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि सफल डाक वक्ता के साथ एकरारनामा के तुरन्तबाद वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम डाक वक्ता को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाक बंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. यदि एक वर्ष के बाद एकरारनामा बढाया जाता है तो 10% से 20% किराया में वृद्धि किया जायगा।
9. पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में जमा आवेदन के आवेदनकर्ता को फिर से आवेदन करने कि आवश्यकता नही है।
10. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
11. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद्, चतरा

PR 352235 (District)25-26*D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड टण्डवा में निर्मित न्यू डाक बंगला को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र. स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | न्यू डाकबंगला टण्डवा | 3876 sqft | 120000 | 30000 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 06/06/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 ( पॉच हजार) रू0 का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं,जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :–

1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdiction में सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, चतरा।

PR 352234 District(25-26)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**(डी0एम0एफ0टी0 मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/6/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेपुरा में कृषि फार्म में अवस्थित भवनों का जीर्णोद्धार। | 2344600 | 47000 | 5000 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.05.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.05.2025 से दिनांक 22.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –24.05.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 352225 Rural Development(25-26)#D

# 17 मई से शुरू होगा आईपीएल, फाइनल 3 जून को



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टाटा आईपीएल 2025 के शेष मुकाबलों के फिर से शुरू होने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। नए शेड्यूल के तहत बाकी के मैच 17 मई से खेले जाएंगे। बता दें कि भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण ब्लैकआउट की वजह से 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच बीच में ही रोक देना पड़ा था। बाकी के मैच भी स्थगित कर दिए गए थे, जिसके बाद नए शेड्यूल का इंतजार किया जा रहा था। नए शेड्यूल के अनुसार, लीग स्टेज के बाकी बचे 13 मैच देश के छह अलग-अलग स्टेडियमों में 17 से 27 मई तक आयोजित होंगे। इसमें पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अधूरा छूट गया मैच 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। इस बीच आने वाले दोनों रविवार को डबल हेडर (एक दिन में दो मैच) होंगे। आगे के मैचों के लिए स्टेडियम तय नहीं किए गए हैं। पहला क्वालिफायर 29 मई को और एलीमिनेटर 30 मई को खेला जाएगा। दूसरा क्वालिफायर 1 जून को खेला जाएगा। इसके बाद 3 जून को आईपीएल 2025 का फाइनल होगा।

## बुमराह को टेस्ट कप्तान बनाया जाए: गावस्कर

**मुंबई।** राष्ट्रीय चयनकर्ता रोहित शर्मा के उत्तराधिकारी पर विचार कर रहे हैं, जिन्होंने कप्तानी छोड़ दी है और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, ऐसे में दिग्गज बल्लेबाज और जाने-माने कमेंटेटर सुनील गावस्कर ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तानी सौंपने की सलाह दी है। रोहित से टीम की कमान संभालने के लिए केएल राहुल और शुभमन गिल के साथ बुमराह सबसे आगे चल रहे हैं।

### प्लेऑफ के चार मुकाबलों की तारीखें तय कर दी गई हैं

क्वालिफायर 01:- **29 मई**
एलिमिनेटर:- **30 मई**
क्वालिफायर 02:- **01 जून**
फाइनल:- **03 जून**



## विराट अपनी पत्नी अनुष्का के साथ वृंदावन पहुंचे

**नई दिल्ली।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद, भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली मंगलवार को अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में देखे गए। भगवान कृष्ण ने अपना बचपन जिस पवित्र शहर में बिताया था, वहां उनके जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वृंदावन में, विराट और अनुष्का ने संत प्रेमानंद गोविंद शरण से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। कोहली ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपने शानदार 14 साल के टेस्ट करियर का अंत किया, जिसमें उन्होंने 123 मैचों में 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं। इस जोड़े को पिछले कुछ सालों में कई मंदिरों में जाते हुए देखा गया था। इस साल जनवरी में, विराट, अनुष्का शर्मा और उनके बच्चे प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लेने वृंदावन गए थे, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं।

## आज गुजरात टीम के साथ फिर से जुड़ेंगे कोएत्जी और बटलर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के 17 मई से दोबारा शुरू होने से पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज जेराल्ड कोएत्जी बुधवार, 14 मई को गुजरात टाइटंस (जीटी) की टीम से दोबारा जुड़ जाएंगे। टीम के अन्य विदेशी खिलाड़ी - राशिद खान, शरफेन रदरफोर्ड, कगिसो रबाडा और करीम जनत- बाकी टीम के साथ भारत में ही रुके थे, जबकि बटलर और कोएत्जी अपने देश चले गए थे। हालांकि, रदरफ़ोर्ड को 29 मई से 3 जून तक इंग्लैंड में होने वाली वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल किया गया है। ये तारीखें आईपीएल 2025 के प्लेऑफ चरण के साथ टकरा रही है।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना में चार देशों का टूर्नामेंट खेलेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के रोमांचक दौरे पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जहां वह 25 मई से 2 जून (आईएसटी के अनुसार) तक होने वाले चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी।

टीम अर्जेंटीना के रोसारियो की यात्रा करेगी, जहां वह अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली के खिलाफ छह दोस्ताना मैच खेलेगी। टूर्नामेंट 25 मई से शुरू होगा, जिसमें भारत 25 और 26 मई को क्रमशः चिली और उरुग्वे के खिलाफ लगातार मैच खेलेगा। एक दिन के आराम के बाद, वे 28 मई को मेजबान अर्जेंटीना से भिड़ेंगे।

इसके बाद टीम वापसी के चरण में भी यही क्रम अपनाएगी, जिसमें 30 मई को चिली, 1 जून को उरुग्वे और 2 जून को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। यह दौरा एफआईएच हॉकी जूनियर महिला विश्व कप के लिए टीम की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो दिसंबर 2025 में चिली के सैंटियागो में होने वाला है।

मैत्रीपूर्ण मैचों के महत्व के बारे में बात करते हुए, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, "हम इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं, और चूंकि रोसारियो का दौरा चार देशों का टूर्नामेंट है, इसलिए हम विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस टीम से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य जितना संभव हो उतना अनुभव हासिल करना और पिछले प्रदर्शनों के आधार पर यह आकलन करना है कि हम कहां खड़े हैं, ताकि यह समझ सकें कि हमने कितना सुधार किया है।"

विपक्षी टीमों के बारे में पूछे जाने पर खांडेकर ने कहा, "जब भी आप कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हैं - चाहे वह दौरा हो, द्विपक्षीय सीरीज हो, टेस्ट मैच हो या टूर्नामेंट हो - आप भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। इसलिए, हमारा उद्देश्य हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना और अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करना होता है, चाहे प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो।

**25 मई से 2 जून तक होने वाले चार देशों के दोस्ताना टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी**



## रोहित और विराट का वनडे विश्व कप 2027 खेलना मुश्किल : सुनील गावस्कर

**मुंबई।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने टी20 के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। दोनों खिलाड़ी अब केवल वनडे क्रिकेट ही खेलते नजर आएंगे। लेकिन भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को नहीं लगता है कि रोहित-विराट अगले वनडे विश्व का हिस्सा होंगे, जो 2027 में साउथ अफ्रीका में खेला जाना है। सुनील गावस्कर को नहीं लगता है कि भारत के दोनों सीनियर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2027 का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा, "सब कुछ चयनकर्ताओं की उस सोच पर निर्भर करता है कि रोहित और विराट टीम के लिए कितना योगदान दे सकते हैं।"सुनील गावस्कर ने एक मीडिया प्लेटफॉर्म पर बातचीत में कहा, "रोहित और विराट वनडे फॉर्मेट के बेहतरीन परफॉर्मर रहे हैं। लेकिन चयनकर्ता अब 2027 विश्व कप को देखते हुए टीम तैयार करेंगे। वे देखेंगे कि क्या ये दोनों अगले विश्व कप तक टीम में रह सकते हैं।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान



पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर। **ट्रैवलिंग रिजर्व:** ब्रेंडन डॉगेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम में 12 महीने के बाद ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की वापसी हुई है। ग्रीन की वापसी से ऑस्ट्रेलिया अधिक मजबूत और संतुलित हो गई है। पिछले साल ग्रीन की रीढ़ की हड्डी की सर्जरी हुई थी, जिसके कारण वह कम से कम छह महीने तक मैदान से बाहर रहे। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में भी नहीं खेल पाए थे।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर कप्तान पैट कमिंस की भी टीम में वापसी हो गई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भी वापसी करने में सफल रहे हैं। कमिंस और हेजलवुड इंजरी की वजह से श्रीलंका के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं थे। कमिंस कप्तान हैं, वहीं श्रीलंका दौरे पर कप्तान रहे स्टीव स्मिथ को उपकप्तान बनाया गया है।

## सबालेंका ने रोम में कोस्त्युक को हराकर क्वार्टरफाइनल लाइनअप पूरा किया

**रोम।** आर्यना सबालेंका ने कैंपो सेंट्रल पर दो घंटे और पांच मिनट में मार्टा कोस्त्युक को 6-1, 7-6(8) से हराकर इटालियन ओपन में क्वार्टरफाइनल लाइनअप पूरा किया। विश्व नंबर 1 के लिए एक नियमित पहले सेट के बाद, सबालेंका और कोस्त्युक ने दूसरे सेट में एक रोमांचक प्रदर्शन किया। सबालेंका ने 5-3 से पिछड़ने से पहले वापसी की और कोस्त्युक को पछाड़कर अपनी बढ़त को 4-0 तक बढ़ाया। ब्रेक पॉइंट का सामना करते समय सबालेंका मजबूत रहीं और मैच को और मुश्किल होने से रोका। उन्होंने पहले 12 ब्रेक पॉइंट बचाए, इससे पहले कि कोस्त्युक ने आखिरकार अपना 13वां मौका लिया। कोस्त्युक ने फिर 5-3 से बढ़त बनाई और दूसरे सेट के लिए सर्विस की। लेकिन उनकी बढ़त ज्यादा देर तक नहीं टिकी- सबालेंका ने आसानी से वापसी की, बिना कोई अंक गंवाए गेम जीत लिया और सेट को जारी रखा। दूसरे सेट के टाईब्रेक में, कोस्त्युक के पास 7-6 पर एक सेट पॉइंट भी था।

## सिनर चोटिल डी जोंग को हराकर रोम में आगे बढ़े

**रोम।** विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर ने रोम में इंटरनेशनली बीएनएल डी'इटालिया (इटैलियन ओपन) के दूसरे दौर में डच लकी लूजर जेस्पर डी जोंग पर सीधे सेटों में आसान जीत के साथ डोपिंग प्रतिबंध से अपनी वापसी जारी रखी। शनिवार को तीन महीने से अधिक समय के बाद अपने पहले मैच में मारियानो नवोन को हराने वाले इतालवी ने सोमवार को एक और स्थिर प्रदर्शन के साथ इसे आगे बढ़ाया, सोमवार रात को जेस्पर डी जोंग को 6-4, 6-2 से हराया। कैंपो सेंट्रल पर मुखर इतालवी दर्शकों के सामने खेलते हुए, सिनर ने पहले सेट में ब्रेक एडवांटेज खो दिया, लेकिन जल्दी से आगे बढ़ने के लिए प्रतिक्रिया दी। विश्व के नंबर 1 ने फिर दूसरे सेट में डी जोंग के खिलाफ गियर्स के माध्यम से आगे बढ़े, जिन्होंने दूसरे सेट में 1-3, 40/15 पर फिसलने पर अपनी दाहिनी कलाई को चोटिल कर लिया। सिनर ने 24 वर्षीय खिलाड़ी को तौलिया देने से पहले डी जोंग को अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद की।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## ऑपरेशन सिंदूर' में दिखी 'मेड इन इंडिया' हथियारों की ताकत, डिफेंस शेयर 12 प्रतिशत तक उछले

**एजेंसी। नई दिल्ली**

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पूरी दुनिया ने भारत के डिफेंस उपकरणों की ताकत और क्षमता देखी, जिसके बाद अब निवेशक भी भारतीय डिफेंस शेयरों पर जमकर दांव लगा रहे हैं। इसके चलते मंगलवार को ज्यादातर डिफेंस शेयरों में जोरदार रैली देखने को मिली।

बढ़ने वाले डिफेंस शेयरों में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) शीर्ष पर रहा। दिन के अंत में बीडीएल 11.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,750 रुपए पर बंद हुआ। बीते एक वर्ष में बीडीएल के शेयर में दर्ज की गई यह सबसे बड़ी तेजी है। बीडीएल आकाश मिसाइल सिस्टम बनाने वाली कंपनी है, जिसका इस्तेमाल 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ किया गया। इसके अलावा अन्य डिफेंस कंपनियों जैसे गार्डन रीच शिपबिल्डर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, कोचीन शिपयार्ड और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर में भी तेजी देखी गई।

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स का शेयर 5.21 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स का शेयर 4.06 प्रतिशत, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स का शेयर 3.81 प्रतिशत, कोचीन शिपयार्ड का शेयर 3.82 प्रतिशत और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स का शेयर 3.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

'ऑपरेशन सिंदूर' पर सोमवार को भारतीय सेना की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एयर मार्शल एके भारती ने कहा, "हमारे युद्ध-सिद्ध सिस्टम समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और उन्होंने पाकिस्तान का डटकर मुकाबला किया है। एक और खास बात स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली-आकाश सिस्टम का शानदार प्रदर्शन रहा। पिछले एक दशक में भारत सरकार के बजटीय और नीतिगत समर्थन के कारण ही इतना मजबूत वायु रक्षा वातावरण तैयार करना और संचालित करना संभव हो सका।" भारती ने आगे कहा, "पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए गए ड्रोन और मानवरहित युद्धक हवाई वाहनों की कई लहरों को स्वदेशी रूप से विकसित सॉफ्ट और हार्ड किल काउंटर-यूएएस सिस्टम और अच्छी तरह से प्रशिक्षित भारतीय वायु रक्षा कर्मियों ने नाकाम कर दिया। हमने सिविलियन और मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को न्यूनतम रखा, जबकि पाकिस्तानी सेना लगातार हमले कर रही थी।




## भारत का उद्योग क्षेत्र 2035 तक 3 ट्रिलियन डॉलर के अवसर करेगा पेश

**नई दिल्ली।** भारत का उद्योग क्षेत्र 2035 तक कृषि क्षेत्र को पीछे छोड़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 30 से 32 प्रतिशत का बड़ा हिस्सा हासिल कर लेगा। इसी के साथ, यह क्षेत्र मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के नेतृत्व में 3 ट्रिलियन डॉलर के अवसर लाएगा। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। विनिर्माण क्षेत्र के विकास में अग्रणी बनकर उभरने की उम्मीद है, जो 2035 तक औद्योगिक क्षेत्र का दो-तिहाई हिस्सा और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लेगा। ओमनीसाइंस कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के साथ उच्च घरेलू खपत और 1 ट्रिलियन डॉलर के व्यापारिक निर्यात के लक्ष्य से इस वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है, जो देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देता है। वर्तमान में, यह भारत के प्रमुख विकास क्षेत्रों में से एक है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा करता है। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, 'मेक इन इंडिया' पहल, उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नीति, विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास जैसी सरकारी पहल इस वृद्धि को बढ़ावा दे रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2030 तक भारत के महत्वाकांक्षी 1 ट्रिलियन डॉलर के व्यापारिक निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, व्यापारिक निर्यात को मौजूदा 450 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 1 ट्रिलियन डॉलर करना चाहिए।

## शेयर बाजार में मुनाफावसूली, सेंसेक्स 1,281 अंक गिरकर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को मुनाफावसूली देखने को मिली और कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,281.68 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,148.22 और निफ्टी 346.35 अंक या 1.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,578.35 पर था। बाजार में गिरावट का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी 2.42 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। इसके अतिरिक्त, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स लाल निशान में थे, जबकि पीएसयू बैंक, फार्मा और मीडिया हरे निशान में थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के सीनियर टेक्निकल एनालिस्ट, रूपक दे ने कहा कि मुनाफावूसली के कारण शेयर बाजार आज लाल निशान में बंद हुआ। छोटी अवधि में निफ्टी 25,350 इंडेक्स तक जा सकता है और 24,400 एक अहम सपोर्ट लेवल है। निवेशकों को गिरावट पर खरीदारी की रणनीति को बरकरार रखना चाहिए। सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, एसबीआई और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे। इन्फोसिस, पावर ग्रिड, इटरनल (जोमैटो), एचसीएल टेक, टीसीएस, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे।

## पटेल इंजीनियरिंग का मुनाफा वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 73 प्रतिशत गिरा

**एजेंसी। मुंबई**

पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड की ओर से मंगलवार को नतीजे घोषित किए गए। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी के मुनाफे में 70 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हुई है। इसकी वजह खर्च में बढ़ोतरी और मार्जिन में कमी को माना जा रहा है।

कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि वित्त वर्ष 25 की जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 73 प्रतिशत गिरकर 38.17 करोड़ रुपए रह गया है जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 140.35 करोड़ रुपए पर था।

वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 1,611.86 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि एक साल पहले समान अवधि में 1,343.18 करोड़ रुपए थी।



जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का खर्च 1,498.3 करोड़ रुपए रहा है, जो कि पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 1,227.71 करोड़ रुपए से 22.04 प्रतिशत अधिक है।

लागत में वृद्धि के कारण ईबीआईटीडीए में गिरावट दर्ज की गई है और यह पिछले वित्तीय वर्ष के 237.58 करोड़ रुपए की तुलना में 8 प्रतिशत घटकर 218.34 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में ईबीआईटीडीए मार्जिन भी 17.7 प्रतिशत से घटकर 13.5 प्रतिशत रह गया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में डेटा इस्तेमाल बढ़ने से भारतीय दूरसंचार कंपनियों को अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट अपनाने और डेटा खपत में वृद्धि भारतीय दूरसंचार कंपनियों के एवरेज रेवेन्यू पर यूजर (एआरपीयू) में वृद्धि के लिए संरचनात्मक चालक के रूप में उभर रही है।

इस ट्रेंड का लाभ उठाने के लिए दूरसंचार कंपनियां ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही हैं, जिससे उनके डेटा सब्सक्राइबर बेस और रिटर्न का विस्तार करने में मदद मिलेगी। यह जानकारी मंगलवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।



क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चार कैलेंडर वर्षों में, ग्रामीण भारत में इंटरनेट की पहुंच 59 प्रतिशत से बढ़कर 78 प्रतिशत हो गई। वहीं, शहरी क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच 77 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है।

ऑनलाइन कम्युनिकेशन, डिजिटल पेमेंट के निरंतर अपनाने के साथ-साथ सोशल मीडिया, कंटेंट स्ट्रीमिंग सर्विस और ई-कॉमर्स के बढ़ते उपयोग से वित्त वर्ष 2026 के अंत तक ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।